


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 18 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) वैशाख कृ.2 2082 मंगलवार, 15 अप्रैल-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## बेरोजगार हुए शिक्षकों का दिल्ली कूच

कोलकाता, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बंगाल में बेरोजगार हुए शिक्षक अब राज्य से बाहर भी अपनी आवाज उठाएंगे। 70 बेरोजगार शिक्षकों के एक दल ने सोमवार को कोलकाता से दिल्ली कूच किया। वह 16 अप्रैल को जंतर-मंतर पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। योग शिक्षक अधिकार मंच के प्रवक्ताओं में से एक महबूब मंडल ने बताया कि करीब 70 प्रभावित शिक्षक दो बसों में कोलकाता के एस्प्लेनेड इलाके से दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के 3 अप्रैल के आदेश के बाद राज्य में 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण नौकरियां रद्द कर दी गईं थीं। सुप्रीम फैसले के बाद दिल्ली रवाना हुए शिक्षकों को भी बर्खास्त कर दिया गया था।




# तेलंगाना में एससी श्रेणीकरण कानून लागू

## > दशकों पुरानी मांग हुई पूरी



हैदराबाद, 14 अप्रैल (एनएसएस)। डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती के अवसर पर, तेलंगाना सरकार ने अनुसूचित जातियों (एससी) के वर्गीकरण के संबंध में आधिकारिक तौर पर सरकारी आदेश (जीओ) जारी किया। यह राज्य के भीतर एससी समुदाय के लिए आरक्षण को सुव्यवस्थित करने के प्रयास में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। एससी वर्गीकरण पर कैबिनेट उप-समिति, उपाध्यक्ष और मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी की अध्यक्षता में, सदस्यों दामोदर राजा नरसिम्हा और पोन्नम प्रभाकर के साथ, सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मिले और उन्हें जीओ की पहली प्रति सौंपी। आगे बढ़ते हुए, एससी आरक्षण, जो अब तक समान रूप से लागू किया गया है, वर्गीकरण के आधार पर वितरित किया जाएगा। अधिकारियों ने अंग्रेजी, तेलुगु और उर्दू में राजपत्र प्रकाशित किया है। तेलंगाना राज्य में कुल 59 एससी उपजातियों को तीन समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में 15 उपजातियों को एक प्रतिशत आरक्षण आवंटित किया गया है। ग्रुप बी में 18 उपजातियों के लिए 9 प्रतिशत आरक्षण और ग्रुप सी में 26 उपजातियों के लिए 5 प्रतिशत आरक्षण किया गया है।

एससी वर्गीकरण के कार्यान्वयन की पृष्ठभूमि में, अब से सरकारी नौकरियों में रिक्तियां इन समूहों की प्राथमिकता के आधार पर भरी जाएंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना भारत का पहला राज्य है जिसने अनुसूचित जाति उप-वर्गीकरण के क्रांतिकारी निर्णय को लागू किया है। सोमवार को मुख्यमंत्री ने कहा, 'हम सभी को इतिहास रचने पर गर्व है। भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर, तेलंगाना सरकार ने अनुसूचित जाति उप-जातियों के वर्गीकरण की लंबे समय से लंबित मांग को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय के एक महान अधिनियम को लागू करके उन्हें सर्वश्रेष्ठ श्रद्धांजलि दी है।' उन्होंने खुलासा किया, 'दलितों के सभी वर्गों के लिए अवसर सुनिश्चित करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए, राज्य सरकार ने एक राजपत्र अधिसूचना जारी की, जिसकी पहली प्रति आज मुझे उस समिति द्वारा सौंपी गई जिसने ऐतिहासिक कार्य किया।'

## हैदराबाद विवि के पास पेड़ों की कटाई मामले में 16 अप्रैल को सुप्रीम सुनवाई, सरकार देगी जवाब

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास कांचा गच्चीबावली में पेड़ों की कटाई मामले में 16 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना सरकार से पेड़ों को हटाने की जरूरत को लेकर जवाब मांगा है। बताया जा रहा है कि सरकार सुनवाई के दौरान कोर्ट में जवाब दाखिल करेगी।

शीर्ष अदालत की 16 अप्रैल की वाद सूची के अनुसार मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ करेगी। हैदराबाद विवि के सामने यह मामला न्यायमित्र और वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर ने उठाया था। कोर्ट ने मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए तीन अप्रैल को निर्देश दिया था कि अगले आदेश तक राज्य या किसी भी प्राधिकारी द्वारा वहां पहले से मौजूद पेड़ों की सुरक्षा के अलावा किसी भी प्रकार की कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।

इसके साथ ही पीठ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) की रिपोर्ट पर चिंता जताई थी। पीठ ने कहा था कि तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) की रिपोर्ट में चिंताजनक तस्वीर दिखाई गई है। बड़ी संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं और इसके अलावा बड़ी मशीनरी तैनात की जा रही है, जिससे पहले ही लगभग 100 एकड़ क्षेत्र नष्ट हो चुका है। >14

## पीएम मोदी ने किया जलियांवाला बाग हत्याकांड का जिक्र

✲ शंकरन नायर का नाम लेकर कांग्रेस को सुनाई खरी-खोटी



यमुनानगर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यमुनानगर में 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस का मॉडल है जो पूरी तरह से फेल साबित हो रहा है, दूसरी तरफ भाजपा का मॉडल है, जो सत्य पर चल रहा है। सपना है देश को विकसित भारत बनाने का। यमुनानगर भी इसी तर्ज पर आगे बढ़ रहा है।

नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत में कहा कि हरियाणा के मेरे भाई-बहनों को मोदी की राम-राम साथियों, आज मैं उस धरती को प्रणाम करता हूं, जहां मां सरस्वती का उद्गम हुआ। जहां मंत्रा देवी विराजती हैं। जहां पंचमुखी हनुमान जी हैं। जहां कपाल मोचन साहिब का आशीर्वाद है। जहां संस्कृति, श्रद्धा, समर्पण की त्रिवेणी बहती है। आज बाबा साहब आंबेडकर जी की 135वीं जयंती भी है। मैं सभी देशवासियों को आंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देता हूं। बाबा साहब का विजन, उनकी प्रेरणा, निरंतर विकसित भारत की यात्रा में हमें दिशा दिखा रही है। >14

## सलमान की कार को बम से उड़ाने की धमकी

### > वर्ली परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर आया संदेश



मुंबई, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार मुंबई के वर्ली परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा गया है। इसमें अभिनेता के घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही धमकी देने वाले ने सलमान की कार को बम से उड़ाने की भी धमकी दी है। घटना के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी फिलहाल धमकी देने वाले की तलाश में जुट गए हैं। संदेश कहां और कैसे भेजा गया? इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है।

**पिछले कुछ दिनों में मिली हैं कई धमकियां :**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर संदेश मिलने के बाद सीनियर्स को सूचित किया। ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन को हाल के दिनों में अभिनेता को निशाना बनाते हुए कई धमकी भरे संदेश मिले हैं। बीते साल 14 अप्रैल की सुबह सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर बाइक से आए दो शूटर्स ने पांच राउंड फायरिंग की थी। इस गोलीबारी में एक गोली सलमान के घर की दीवार पर भी लगी थी। एक गोली सलमान के घर पर लगे नेट को चीरती हुई अंदर लगी थी। फायरिंग करने के बाद हमलावर बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए थे। घटना की जांच के दौरान गोलीबारी की जिम्मेदारी लेने वाला एक फेसबुक पोस्ट भी सामने आया था। पुलिस के मुताबिक यह पोस्ट कथित तौर पर जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई ने अपलोड किया था। इस हमले के बाद सलमान खान की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया था।

**दोनों शूटर्स गुजरात से हुए थे गिरफ्तार :**

सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी करने वाले दोनों विक्की गुप्ता (24 साल) और सागर पाल (21 साल) को भुज, गुजरात से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार हुए दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि उन्होंने घटना को अंजाम देने से पहले अभिनेता के घर के आसपास तीन बार रेकी की थी। अपने घर के बाहर हुए हमले पर सलमान खान ने 'सिकंदर' के प्रमोशन के दौरान पहली बार चुप्पी तोड़ी थी।

## राम मंदिर के गर्भ गृह में कलश स्थापना पूरी

अयोध्या, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया है कि आज 14 अप्रैल को मंदिर के गर्भगृह के शिखर पर कलश स्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अभी परकोटा के अन्य छह मंदिरों में भी कलश स्थापना की जाएगी। इसके बाद ध्वज दंड लगाने का कार्य किया जायेगा। भूतल पर भगवान राम के विग्रह विराजमान हैं। प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना की जाएगी। परकोटे के छह मंदिरों में अन्य देवी-देवताओं को स्थापित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य भी शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। चंपत राय ने कहा कि सप्त मंदिर की स्थापना पूर्ण हो चुकी है। शेषावतार मंदिर की स्थापना का कार्य इसी वर्ष पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के कार्य में तीव्र गति से प्रगति चल रही है।

## मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

### > भारत की प्रत्यर्पण अपील के बाद एक्शन > सेहत का हवाला देकर बेल मांग सकता है चोकसी



ब्रुसेल्स, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब नेशनल बैंक से लोन धोखाधड़ी मामले में आरोपी हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को पुलिस ने बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर 12 अप्रैल को उसकी गिरफ्तारी हुई, फिलहाल वह जेल में है।

उसकी गिरफ्तारी के बाद बेल्जियम ने पहली प्रतिक्रिया देते हुए बताया है कि उसे आगे की न्यायिक प्रक्रिया के लिए जेल में रखा गया है। भारत ने बेल्जियम के साथ चोकसी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, सीबीआई ने पिछले साल बेल्जियम से चोकसी को गिरफ्तार करने का अनुरोध किया था।

ऐसा माना जा रहा है कि चोकसी अपनी खराब सेहत का हवाला देते हुए जमानत और तत्काल रिहाई की मांग कर सकता है। बेल्जियम में गिरफ्तारी के बाद मेहुल चोकसी ने अपने खराब सेहत का हवाला देते हुए कोर्ट में जमानत मांगी है। उसकी ओर से कहा गया है कि इलाज कराने के लिए बेल्जियम आया था और अपनी पत्नी के साथ एंट्वर्प में रह रहा था।चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है। पिछले महीने खुलासा हुआ था कि मेहुल चोकसी बेल्जियम में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेहुल पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा है, जिन्हें बेल्जियम की नागरिकता मिली है। बेल्जियम के विदेश मंत्रालय ने ही चोकसी की मौजूदगी की जानकारी दी थी। सूत्रों के मुताबिक, मेहुल चोकसी बेल्जियम से स्विट्जरलैंड भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने चोकसी को गिरफ्तार करते समय दो गिरफ्तारी वारंट का हवाला दिया। ये मुंबई की एक अदालत ने जारी किए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि वारंट 23 मई 2018 और 15 जून 2021 के थे।

### बेल्जियम की पहली प्रतिक्रिया : कहा भारत ने किया प्रत्यर्पण का अनुरोध

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाले मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। बेल्जियम की संघीय लोक सेवा ने सोमवार को पुष्टि करते हुए कहा कि भगोड़े भारतीय व्यवसायी मेहुल चोकसी को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में उसे हिरासत में रखा गया है। बेल्जियम का कहना है कि भारत ने उसके प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध भी किया है।

बेल्जियम की संघीय लोक सेवा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि संघीय लोक सेवा इस बात की पुष्टि करता है कि मेहुल चोकसी को शनिवार 12 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें हिरासत में रखा गया है। उनके कानूनी सलाहकार को उनसे मिलने की इजाजत दी गई है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि भारतीय अधिकारियों ने चोकसी के लिए प्रत्यर्पण अनुरोध पेश किया है।

## 'राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं अगले साल विधानसभा चुनाव'

कोलकाता, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मांग की है कि अगले साल बंगाल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। अधिकारी ने कहा कि मुर्शिदाबाद, सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज में जो अशांति है, वह राज्य सरकार की नाकामी है कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर सकी और शांति व्यवस्था कायम नहीं रख सकी। भाजपा नेता ने दावा किया कि जब उन्मादी भीड़ तोड़फोड़ और तबाही कर रही थी तो सत्ताधारी पक्ष मूकदर्शक बना सब देख रहा था। मीडिया से बात करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि जब भी हिंदू अल्पसंख्यक हुए हैं तो उन्हें वोट देने से रोका गया है।

## अपराध की अब सीमा नहीं रही : अमित शाह

### > फोरेंसिक विज्ञान की जरूरत कई गुना बढ़ी



नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कहना है कि अपराध अब सीमाओं के पार चला गया है, अब अपराधी राज्य और देश की सीमाओं का उल्लंघन कर रहे हैं। ऐसे में फोरेंसिक विज्ञान की जरूरत कई गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार में फोरेंसिक विज्ञान को अपराध न्याय व्यवस्था का हिस्सा बनाया गया है। सरकार की कोशिश है कि लोगों को समय पर न्याय मिले। अमित शाह ने 'ऑल इंडिया फोरेंसिक साइंस समिट 2025' में ये बात कही।

**फोरेंसिक साइंस को अपराध न्याय व्यवस्था का हिस्सा बनाया :**

सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार अपराध न्याय व्यवस्था में लोगों और विज्ञान को केंद्र में रखने की कोशिश की गई है। सरकार इस दिशा में काम कर रही है कि ये सुनिश्चित हो सके कि लोगों को समय से न्याय मिले और वे इससे संतुष्ट हों। शाह ने कहा कि देश की अपराध न्याय व्यवस्था को मजबूत करने में फोरेंसिक साइंस की काफी अहमियत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन से देश की अपराध न्याय व्यवस्था में बदलाव हुआ है। हमने फोरेंसिक विज्ञान को इसका हिस्सा बनाया है। इससे न सिर्फ अपराधियों को सजा होती है बल्कि इससे ये भी सुनिश्चित होता है कि किसी बेगुनाह को सजा न हो। ऑल इंडिया फोरेंसिक साइंस समिट के आयोजन की तारीफ करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि इससे सभी विशेषज्ञ एक मंच पर आएंगे, जो नीतियों पर चर्चा करेंगे और भविष्य की रणनीतियों को आकार देंगे। उन्होंने कहा कि आज अगर हम समय पर पीड़ितों को न्याय दिलाना चाहते हैं तो यह बिना फोरेंसिक साइंस के संभव नहीं है। एक समय था जब अपराध जिले, राज्य और देश की सीमाओं तक सीमित था, लेकिन आज यह सीमाओं के पार चला गया है। ऐसी स्थिति में फोरेंसिक साइंस की अहमियत कई गुना बढ़ गई है।

**अगले छह महीने में नौ नए कैंपस खोले जाएंगे :**

अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में साल 2009 में गुजरात में और 2020 में केंद्रीय स्तर पर फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की शुरूआत की गई। इससे देश को फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित कर्मी और विशेषज्ञ मिले। अब नए अपराध कानून के तहत अपराध मामलों में फोरेंसिक टीम अनिवार्य कर दी गई है।

## वक्फ कानून के खिलाफ माकपा भी पहुंची सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। नए वक्फ कानून को लेकर देशभर में सियासी गर्माहट दिन-प्रतिदिन और तेज होता हुआ जा रहा है। विपक्षी दल और कई मुस्लिम लीग इस कानून के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। इतना ही नहीं देश के कई हिस्सों में विरोध इतना तेज हो गया है कि प्रदर्शन के दौरान हिंसा की भी खबरें सामने आ रही है। इसी बीच अब इस कानून के विरोध में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने भी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वक्फ कानून के विरोध में आए सीपीआई ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की है। बता दें कि अब तक इस मामले में दर्जनों याचिका दायर की जा चुकी है, जिसपर 16 अप्रैल को सुनवाई होनी है। सीपीआई के महासचिव डी. राजा की ओर से दायर इस रिट याचिका में कहा गया है कि यह कानून संविधान में दिए गए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों का उल्लंघन करता है।

## 'पॉकेट वीटो' केस में सुप्रीम कोर्ट जाएगी केंद्र सरकार

### > राज्यपाल के अधिकार मामले में दाखिल करेगी रिव्यू पिटीशन



नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु में विधानसभा द्वारा पारित किए गए 10 विधेयकों को लंबे समय तक राज्यपाल आरएन रवि की मंजूरी ना मिलने के मामले में हाल सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए बिल पर फैसला लेने के लिए समयसीमा भी तय कर दी। अब इस मामले में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने का फैसला लिया है। केंद्र इसी सप्ताह रिव्यू पिटीशन दाखिल कर सकती है।

**केंद्र सरकार का क्या तर्क :**

केंद्र सरकार का मानना है कि राज्यपाल या राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा तय करने से संवैधानिक अराजकता बढ़ सकती है। इस मामले में केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। इस मामले में विधि विभाग से भी राय ली जा रही है।

**90 दिन में लेना होगा फैसला :**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा विचार के लिए प्रेषित विधेयकों पर विचार करने का संदर्भ मिलने की तिथि से तीन महीने के भीतर निर्णय लेना चाहिए। ऐसा पहली बार है जब राष्ट्रपति और राज्यपाल के लिए समयसीमा तय की गई हो। कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा कि राज्यपाल के पास 'पॉकेट वीटो' यानी किसी भी फाइल को अनिश्चित काल तक अपने पास लंबित रखने का अधिकार नहीं है।

**क्या सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति को सलाह दे सकता है :**

सुप्रीम कोर्ट ने इस बात का भी जिक्र किया कि राज्य स्तर पर राज्यपाल के पास यह ताकत नहीं रहती कि वो फैसला ले पाए कि किस बिल को संवैधानिक कोर्ट में भेजना है या नहीं। ऐसे में सविधान तो सिर्फ एक ही रास्ता दिखाता है, राज्यपाल उस बिल को राष्ट्रपति के पास भेज दे और फिर राष्ट्रपति आर्टिकल 143 का इस्तेमाल करे।

सर्वोच्च अदालत के मुताबिक सरकरिया और पुंछी कमिशन भी स्पष्ट रूप से कह चुका है कि आर्टिकल 143 के तहत राष्ट्रपति कोर्ट से सुझाव ले सकता है जब किसी बिल की संवैधानिक वैधता पर सवाल आता है।

# बीएसएफ ने भाजपा के साथ बंगाल हिंसा की साजिश रची

## टीएमसी नेता का आरोप : फेक फोटो पोस्ट कर बंगाल के लोगों को भड़का रहे

मुर्शिदाबाद, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व सांसद कुणाल घोष ने मुर्शिदाबाद हिंसा के पीछे भाजपा और दूसरी राजनीतिक पार्टियों के होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- हमें इनपुट मिले हैं कि हिंसा की घटनाओं के पीछे एक बड़ी साजिश थी।

केंद्रीय एजेंसियां, बीएसएफ और कुछ राजनीतिक दलों का एक सेक्शन इस साजिश में शामिल था। बीएसएफ ने मदद करके उपद्रवियों को राज्य का बॉर्डर पार करवाया। कुछ उपद्रवी मुर्शिदाबाद के इलाके में घुसे, अराजकता फैलाई और बीएसएफ ने उन्हें वापस जाने के लिए भी मदद की। यह इनपुट सच है या नहीं इसकी जांच होनी चाहिए। घोष ने आगे कहा- भाजपा ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में दूसरे राज्यों की तस्वीरों का इस्तेमाल करके उसे मुर्शिदाबाद का बताया। वे बंगाल के लोगों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन ममता बनर्जी के नेतृत्व में सरकार और पार्टी इस साजिश का मुकाबला करने की पूरी कोशिश कर रही है।



BSF की मदद से पश्चिम बंगाल को बदनाम करने की साजिश है। ताकि भाजपा अपने फायदे के लिए इसका इस्तेमाल कर सके। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है।

**कुणाल घोष**
TMC नेता

उधर, सोमवार को इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) समर्थक मार्च निकालते हुए कोलकाता जा रहे थे, उन्हें पुलिस ने भांगड़ इलाके में रोक दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस बीच आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी ने प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने की अपील की है। वहीं, भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने मुर्शिदाबाद हिंसा की एनआईए जांच की मांग की है। दूसरी तरफ सोमवार को भी जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने दिल्ली में बैठक की। इसमें देश-भर से कई मुस्लिम संगठनों के सदस्य शामिल हुए।

**केंद्रीय बलों की 21 कंपनियां तैनात, इंटरनेट बंद**

पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में 10 अप्रैल से हिंसक प्रदर्शन जारी है। इसी बीच रविवार को मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का इलाके में तनाव फैल गया। हालांकि, जल्द ही हालात पर काबू पा लिया गया। वहीं, पुरुलिया से भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखकर हिंसाग्रस्त इलाकों में एएफएसपीए (आर्म्स फोर्सेज स्पेशल पावर एक्ट) लगाने की मांग की है। केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं। इनमें 300 बीएसएफ जवान हैं। कुल 21 कंपनियां तैनात की गई हैं। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बैन है। बीएनएस की धारा 163 भी लागू है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा- केंद्रीय बलों की तैनाती के बाद स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ है। हालांकि, अभी भी मुर्शिदाबाद जिले से पलायन करने वाले हिंदू वापस लौटने को तैयार नहीं हैं। जिले के धुलियान से करीब 500 लोग पलायन कर गए हैं। इन सभी ने नदी पार मालदा के वैष्णवनगर में एक स्कूल में शरण ली है। इन लोगों का आरोप है कि उनके घरों में तोड़फोड़-आगजनी की गई। पीने के पानी में जहर मिला दिया गया है। ये किसी तरह बीएसएफ की मदद से वहां से बचकर आए हैं।

# नीमच में लाठी-डंडे से 3 जैन मुनियों पर हमला

**हनुमान मंदिर में रुके थे, घटना के विरोध में शहर बंद; राजस्थान के 6 आरोपी गिरफ्तार**

नीमच, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। नीमच जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र में तीन जैन मुनियों पर छह बदमाशों ने हमला कर दिया। जैन मुनि विश्राम करने रविवार रात सिंगोली मार्ग स्थित हनुमान मंदिर में रुके थे। रात करीब 12 बजे आरोपियों ने लूट के इरादे से लाठी और धारदार हथियार से हमला किया। घटना के बाद दो बदमाशों को तो लोगों ने मौके पर ही पकड़ लिया। हमले में घायल मुनियों ने अस्पताल जाने से इनकार कर दिया, जिसके बाद सभी को जैन स्थानक भवन में रखा गया है। घटना के बाद जैन समाज की ओर से नगर बंद का आह्वान किया गया है। वहीं, पुलिस ने 6 आरोपियों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के रहने वाले हैं।

## खबरे जरा हटके

# बेटी के बाप ने दूल्हे को नहीं, पूरे ससुराल को दे डाला दहेज, लगाया चमचमाता बुफे

**पब्लिक बोली-'ज़लील कर डाला'**



दहेज का सामान देख लोगों ने लताड़ा. हमारे समाज की कुछ कुप्रथाओं में से एक दहेज लेने और देने का चलन है. इसे खत्म करने को लेकर कई सालों से बात होती रही है. इस पर सरकार की ओर से कानून भी बनाया गया लेकिन फिर भी लोगों पर कोई खास असर नहीं पड़ा. आज भी दहेज भारतीय शादियों का हिस्सा बनी हुई है, भले ही वो कोई भी धर्म हो. इससे जुड़ा हुआ एक वीडियो वायरल हुआ, तो इसके अलग एंगल पर बहस शुरू हो गई. दहेज की लिस्ट और बेटी के बाप को अपनी कमाई का कतरा-कतरा लगाकर ससुराल वालों की मांग पूरी करते हुए आपने देखा होगा. वीडियो में आपको सिर्फ दूल्हे नहीं बल्कि पूरे ससुराल को दिए जाने वाले दहेज का सामान दिखेगा. लोग इस वीडियो को देखने के बाद लड़की वालों को जमकर भला-बुरा कह रहे हैं, जो इस तरह से वो दहेज को दुनिया के सामने दिखा रहे हैं.

**दहेज की परेड लगा दी**

वायरल हो रहे वीडियो में आप देख सकते हैं कि बाकायदा टेंट लगाकर लड़की वालों ने दहेज का सामान रखा है. इसमें हर सामान के आगे बोर्ड लगा हुआ है कि ये दूल्हे के किस रिश्तेदार के लिए है. आपको एक बार लगेगा कि आप किसी फर्नीचर की दुकान में बैठे हैं. सास-ससुर, नंद-नंदोई से लेकर हर छोटे-बडे.सदस्य के लिए दहेज में भारी-भरकम सामान दिया गया है. इसमें कार से लेकर बाइक और न जाने क्या-क्या मौजूद है. कोई भी इसे देखकर दंग रह जाएगा. वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अकाउंट से शेयर किया गया है. इसके कैप्शन में बताया गया है कि शादी में दूल्हे के साथ-साथ उसके परिवार को भी दहेज दिया गया है. कुछ लोग दूल्हे के परिवार वालों को तंज़ मार रहे हैं लेकिन इस तरह का दिखावा अपनी शान बढ़ाने के लिए किया जा रहा है. वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूज़र ने लिखा- ऐसे ही दिखावे से सैकड़ों लोगों के मुंह में पानी आएगा और वे न जाने कितनों को परेशान करेंगे. वहीं कुछ यूज़र्स ने कहा कि ऐसी शादियां कौम को बर्बाद करती हैं.

# 'रोड है या सांप', पहाड़ पर ऐसे बनी है सबसे खतरनाक सड़क, हार्डकोर ड्राइवर भी धीमी कर लेते हैं रफ्तार!



दुनियाभर में एक से बढ़कर एक खतरनाक सड़कें हैं, जहां पर गाड़ी चलाने से पहले ड्राइवरों की सांसें हलक में अटकी रहती है. चाहे वो बोलिविया का डेथ रोड हो, पाकिस्तान-चीन का काराकोरम हाईवे हो, लद्दाख का जोजी ला दर्रा हो या फिर अलास्का का जेम्स डाल्टन हाईवे. इनमें से कोई सड़क बर्फीले जंगलों से होकर गुजरती है, तो कोई ऊंचे पहाड़ों से. लेकिन आज हम आपको इन सबसे अलग ऐसी खतरनाक सड़क का वीडियो दिखाने जा रहे हैं, जिसे देखने के बाद वहां गाड़ी चलाने की हिम्मत आप नहीं जुटा पाएंगे. इतना ही नहीं, हार्डकोर ड्राइवर भी यहां अपनी रफ्तार धीमी कर लेते हैं. पहाड़ों के बीच बनी सबसे खतरनाक सड़क को देखकर आप कहेंगे कि ये रोड है या सांप? इंस्टाग्राम पर इस सड़क का वीडियो शेयर किया है. वीडियो के कैप्शन में लिखा है कि ताइहांग माउंटेन पर बनी ये सड़क चीन का प्रसिद्ध पहाड़ी रोड है, जो खड़ी चट्टानों और पहाड़ों में बनी सुरंगों से होकर गुजरती है. यह सड़क अद्भुत लेकिन खतरनाक नजारा दिखलाती है, लेकिन यह बहुत संकरी है, जिसकी वजह से ड्राइव करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है. यह उत्तरी चीन में हेनान, शांक्सी और हेबेई प्रांतों में स्थित है. वायरल हो रहे इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि ऊंचे पहाड़ों पर सफेद रंग की सर्पाकार आकृति नजर आ रही है. ऐसा लग रहा है मानो कोई सांप जैसा कुछ हो. लेकिन असल में ये सड़क है. पहाड़ों को काटकर इसे बनाया गया है, लेकिन ये बहुत खतरनाक है. अच्छे-अच्छे ड्राइवर ही नहीं, हार्डकोर ड्राइवर भी यहां रफ्तार धीमी कर लेते हैं. वीडियो में आप देख सकते हैं कि कैसे कार चालक साइकिल की रफ्तार में अपनी गाड़ी चला रहा है.

# विदेशी ने की 46 घंटे ट्रेन की यात्रा, फिर बताने लगा भारत का 'डर्टी सीक्रेट'! बोला- मुझे घर जाना है



दुनियाभर के अलग-अलग देशों से विदेशी लोग भारत घूमने आते हैं. इनमें से ज्यादातर लोगों को यहां की खातिरदारी पसंद आती है. उन्हें लोकल फूड्स खाकर मजा आता है. अक्सर वे वीडियो बनाकर अपने एक्सपीरिएंस भी शेयर करते हैं. इनमें से कई लोगों को भारत भ्रमण और यहां की लंबी ट्रेन यात्रा रोमांचक लगती है. लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिनके लिए ये सफर थकान और परेशानी का सबब बन जाता है. ऐसा वे वीडियो में दावा करते हैं. सोशल मीडिया पर एक ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक विदेशी ने घूमने के लिए ट्रेन को चुना और 46 घंटे भारतीय ट्रेन में बिताया. लेकिन इसके बाद उस शख्स ने विदेशी पर्यटकों को भारत भ्रमण के लिए चेतावनी जारी कर दी. उसने वीडियो शेयर कर भारत के इस डर्टी सीक्रेट का खुलासा किया और कहा कि मुझे घर जाना है. इस शख्स का नाम विक्टर ब्लाहो है, जो एक फ्रांसिसी यूट्यूबर हैं. उन्होंने भारत में 46 घंटे की ट्रेन यात्रा की, जो उनके लिए एक बुरा सपना बन गई. ये सफर मुंबई से शुरू हुआ, फिर वाराणसी, आगरा और आखिर में दिल्ली तक गया. विक्टर ने स्लीपर से लेकर थर्ड एसी तक कई क्लास में सफर किया, लेकिन उनका अनुभव इतना खराब रहा कि उन्होंने विदेशी यात्रियों को चेतावनी दे डाली- भारत में लंबी ट्रेन यात्रा से बचें. उन्होंने भारत में लंबी रेल यात्रा के अपने असहज अनुभव को शेयर किया, जिसमें शोर, गंदगी और असुविधा शामिल थी. उन्होंने वीडियो बनाकर इस यात्रा का हर पल दिखाया.

# मोहाली थाने में नहीं पहुंचे कांग्रेस नेता प्रताप बाजवा

**1 दिन का समय मांगा; ग्रेनेड पर बयान देकर घिरे सीएम बोले-सोर्स बताएं, नहीं तो कार्रवाई होगी**

चंडीगढ़, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू के बाद मुश्किलों में घिर गए हैं। मोहाली के स्टेट साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बाजवा के खिलाफ बीएनएस की धारा 197 (1) (डी) और 353 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, पुलिस ने उन्हें आज दोपहर 12 बजे पूछताछ के लिए बुलाया था।

बाजवा के वकीलों ने मोहाली पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। साथ ही कहा कि वह आज पेश नहीं हो सकते। ऐसे में उन्हें एक दिन का समय दिया जाए। वहीं, अधिकारियों ने इस बात पर सहमति जताई। वकीलों का कहना है कि उन्होंने अभी जमानत याचिका दायर नहीं की है। हालांकि, मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने उन्हें समन भेजा था, उस समय वह घर पर नहीं थे। दूसरी ओर, कांग्रेस पार्टी के विधायक और सांसद बाजवा के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने सरकार की इस कार्रवाई को गलत बताया है। वहीं पूर्व डिप्टी सीएम और गुरदासपुर से सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सरकार को घेरते हुए पूछा कि क्या लॉरेंस का जेल के अंदर से लाइव इंटरव्यू हुआ था। क्या उस चैनल के एंकर से इस बारे में सूत्र पूछा गया था?

# एनएएसी की ग्रेडिंग पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

*पारदर्शिता को लेकर शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी से मांगा जवाब*

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च शिक्षण संस्थानों को ग्रेड देने वाली संस्था राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर उठाए गए सवालों पर शिक्षा मंत्रालय, यूजीसी और एनएएसी से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह आदेश एक एनजीओ बिस्ट्रो डेस्टिनो फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। बता दें कि बिस्ट्रो डेस्टिनो फाउंडेशन द्वारा दायर याचिका में मांग की गई है कि एनएएसी की ग्रेडिंग प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए।

**याचिका में एनएएसी की ग्रेडिंग प्रणाली पर सवाल**

बिस्ट्रो डेस्टिनो फाउंडेशन द्वारा दायर याचिका में एनएएसी की ग्रेडिंग प्रणाली पर कई सारे सवाल खड़े किए गए है। याचिका में कहा गया है कि एनएएसी की मौजूदा ग्रेडिंग प्रणाली में कई बड़ी खामियां हैं। कॉलेज और विश्वविद्यालयों को ग्रेड देने में निष्पक्षता नहीं दिखाई देती और पारदर्शिता की भी कमी है। याचिका में यह भी बताया गया कि 1 फरवरी को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एनएएसी के कुछ अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था, जिससे संस्था की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठते हैं।

गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने बीते 9 अप्रैल को दिए अपने आदेश में कहा था कि हम इस मामले की गहराई से जांच करना चाहते हैं। साथ ही कोर्ट ने कहा कि हम समझना चाहते हैं कि एनएएसी कैसे काम करता है। कोर्ट ने अपनी इस टिप्पणी के बाद याचिकाकर्ता को जरूरी दस्तावेज जमा करने की अनुमति दी जाती है।

## मेहुल चोकसी के वकील की बेतुकी दलील

# भारत प्रत्यर्पण से उसके मानवाधिकार प्रभावित होंगे

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की बेल्जियम में गिरफ्तारी के बाद उसके वकील ने बेतुकी दलील दी है। चोकसी के वकीलन विजय अग्रवाल ने कहा कि अगर उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाता है, तो मेहुल चोकसी के मानवाधिकार प्रभावित होंगे।

भगोड़े मेहुल चोकसी के वकील विजय अग्रवाल ने कहा कि हम जिन दो आधारों पर चोकसी के प्रत्यर्पण को चुनौती देंगे। इसमें पहला मामले की राजनीतिक प्रकृति और दूसरा भारत में चोकसी के स्वास्थ्य को देखते हुए भारत में उचित उपचार मिलने की चिंता शामिल होगी। अगर फिर भी उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा तो उसके मानवाधिकार काफी प्रभावित होंगे। वकील ने यह भी कहा कि चोकसी को कभी भारत ने भगोड़ा घोषित नहीं किया।

क्योंकि उसने हमेशा जांच एजेंसियों का सहयोग किया है। इस मामले में कई साल से केस चल रहा है। हमने हमेशा अदालत में कहा है कि वह जांच में शामिल होने के लिए तैयार है, लेकिन स्वास्थ्य की हालत को देखते हुए वह यात्रा नहीं कर सकता है।



उन्होंने कहा कि हमने शुरू में ही जांच एजेंसी से कहा था कि वह वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पूछताछ में शामिल होगा। इसलिए आज तक सबको भगोड़ा घोषित किया गया, लेकिन मेहुल चोकसी भगोड़ा नहीं है। वकील विजय अग्रवाल ने कहा कि हमने कई बार वीडियो कॉन्फ्रेंस के लिए आवेदन किया, लेकिन मंजूरी नहीं दी गई। वकील ने कहा कि अब उसे बेल्जियम में हिरासत में लिया गया है। यहां जमानत के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया नहीं है। यहां पर अपील दायर की जाती है। अपील में यह कहा जाता है कि उसे हिरासत में न रखा जाए। उसे हिरासत में न रहते हुए बचाव और प्रत्यर्पण का विरोध करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

**कैंसर का इलाज चल रहा**

वकील विजय अग्रवाल ने मेहुल चोकसी के स्वास्थ्य के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि मेहुल बहुत बीमार है। उसका कैंसर का इलाज चल रहा है। पिछली बार जब उसे भारतीय एजेंसियों ने एंटीगुआ से पकड़ा था तो वह उत्पीड़न के चलते बेहद घुटन महसूस कर रहा था। उसे कुछ स्थायी विकृतियां हो गईं थीं। इस आधार पर ही हम उसके हिरासत से बाहर रखकर प्रत्यर्पण का विरोध करने की अपील दायर करेंगे।

**सीबीआई और ईडी के अनुरोध पर हुई गिरफ्तारी**

प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों ने बताया कि 65 साल के मेहुल चोकसी को शनिवार को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया। वह अभी भी जेल में है। ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बेल्जियम में संबंधित विभाग और अधिकारियों से मेहुल पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। मेहुल चोकसी पंजाब नेशनल बैंक में 13,500 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के लिए वांछित है।

# पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत

यमुनोत्री, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। यमुनोत्री हाईवे पर चामी के समीप डामटा में पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार वाहन चालक सहित तीन लोगों की घटना स्थल पर मौत हो गई। पिकअप वाहन परचून का सामान लेकर मोरी जा रहा था, तभी हादसा हो गया। डामटा (उत्तरकाशी) में एक यूटिलिटी खाई में गिरने की सूचना पर एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। चौकी प्रभारी नौगांव एसआई राजेश कुमार ने तीनों लोगों के मौत की पुष्टि की है। शवों को खाई से बाहर निकाला गया, जिनकी अभी पहचान नहीं हो पाई है।

# केंद्रीय राज्यमंत्री बोले-गरीबों से लूटे पैसे लौटाने होंगे, सरकार भगोड़ों पर कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध

नागपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि देश के गरीबों का पैसा लूटने वाले बच नहीं पाएंगे। उन्हें गरीबों को पैसा लौटाना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार भगोड़ों पर कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। चौधरी ने बेल्जियम में भगोड़े भारतीय व्यवसायी मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी को बड़ी उपलब्धि बताया। केंद्रीय मंत्री चौधरी ने देश का पैसा लूटने वाले अपराधियों को वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा की पीएम मोदी पहले ही कह चुके हैं कि गरीबों का पैसा लूटने वालों को इसे वापस करना होगा। देश में ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, बेल्जियम के अधिकारियों ने पहले मेहुल चौकसी की देश में मौजूदगी की पुष्टि की। बाद में



शनिवार को उसे बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया। उसके भारत प्रत्यर्पण की तैयारी की जा रही है। इस बीच, सूत्रों ने यह भी बताया कि चोकसी कानूनी लड़ाई लड़ने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों ने दावा किया कि चोकसी के वकील उसके भारत प्रत्यर्पण का विरोध करने और उसकी जमानत कराने के प्रयास में हैं। कानूनी बचाव दल ने दावा किया है कि चोकसी के पास प्रत्यर्पण अनुरोध को चुनौती देने के लिए मजबूत कारण हैं। उन्होंने बताया कि चोकसी की सेहत ठीक नहीं है। वह चोकसी की सेहत और अन्य तर्कों के आधार पर उसके भारत प्रत्यर्पण न करने की अपील करेंगे। 65 वर्षीय हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी 2 जनवरी, 2018 को पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से 12,850 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी कर भारत छोड़कर भाग गया था।

# अवैध मदरसों पर एक्शन, दूसरे दिन भी प्रशासन की कार्रवाई जारी

हल्द्वानी, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन ने सोमवार को भी हल्द्वानी नगर क्षेत्र में बिना पंजीकरण के अवैध रूप से संचालित मदरसों पर कार्रवाई की। अपर जिलाधिकारी विवेक कुमार रॉय के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम की ओर से अवैध मदरसों को सील किया जा रहा है।

**रविवार को भी बनभूलपुरा में बिना पंजीकरण चल रहे 18 में 13 मदरसे सील**

पुलिस और प्रशासन ने रविवार को बनभूलपुरा में अवैध मदरसों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 18 मदरसे बिना पंजीकरण चलते मिले। 13 मदरसों को टीम ने ताला लगाकर सील कर दिया। कार्रवाई के बीच क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही। हालांकि भारी पुलिस फोर्स के रहने से विरोध के स्वर नहीं उठे। आज भी अभियान जारी रहेगा। बता दें कि, सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में अवैध मदरसों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में पुलिस-प्रशासन ने बनभूलपुरा क्षेत्र में बिना पंजीकरण चल रहे मदरसों के खिलाफ कार्रवाई के लिए रविवार सुबह 11 बजे से अभियान चलाया।

अपर जिलाधिकारी विवेक कुमार राय के नेतृत्व में टीम ने सर्वे कर मदरसों की जांच की। इस दौरान 18 मदरसे बिना पंजीकरण चलते मिले। टीम ने शाम चार बजे तक ताले लगाकर 13 को सील कर दिया। अधिकतर मदरसे मस्जिदों के पास घरों में चल रहे थे। बनभूलपुरा क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने शाम होते ही अभियान खत्म कर दिया।

# सिद्धारमैया के मंत्री ने अपराधों में प्रवासी मजदूरों की संलिप्तता का मुद्दा उठाया

बंगलूरू, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने अपराधों में प्रवासी मजदूरों की बढ़ती संलिप्तता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों से कर्नाटक आने वाले श्रमिकों को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उनसे जुड़ी आपराधिक गतिविधियों पर ध्यान देने की जरूरत है। इस मुद्दे को लेकर वह श्रम मंत्री संतोष लाड के साथ गृह और श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक करेंगे और जरूरी कदम उठाएंगे। गृह मंत्री परमेश्वर का यह बयान हुबली में पांच वर्षीय बच्ची का कथित अपहरण और हत्या के संबंध में आया है।

जी परमेश्वर ने सोमवार को पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने से मजदूर बंगलूरू आ रहे हैं, क्योंकि यह तेजी से विकसित होता शहर है। कई मामलों में प्रवासी मजदूरों की अपराधों में संलिप्तता पाई गई है। हमें निश्चित रूप से इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। परमेश्वर ने कहा, 'मैं श्रम मंत्री और संबंधित अधिकारियों से चर्चा करूंगा और देखूंगा कि हम क्या कर सकते हैं।



**पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हुई आरोपी की मौत**

बता दें कि हुबली में रविवार को बिहार के पटना निवासी 35 वर्षीय रितेश कुमार ने पांच वर्षीय बच्ची का अपहरण करने के बाद हत्या कर दी थी। हालांकि, कुछ ही समय में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस जब उसे सबूत जुटाने के लिए उसके घर लेकर पहुंची तो आरोपी ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उस पर गोली चलाई। पुलिस की गोलीबारी में वह घायल हो गया और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। परमेश्वर ने बच्ची की अपहरण के बाद हत्या को भयावह घटना बताया। उन्होंने कहा कि मैंने तथ्यों को सामने लाने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा जांच के आदेश दिए हैं।

**केरल से बंगलूरू लाया जा रहा संदिग्ध: परमेश्वर**

इस महीने की शुरुआत में सुद्दागुंटेपल्या में एक छात्रा से छेड़छाड़ के सिलसिले में एक संदिग्ध की गिरफ्तारी की गई है। इस संबंध में जब पत्रकारों ने गृह मंत्री से सवाल किया तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि उसे केरल में सुरक्षित रखा गया है और बंगलूरू लाया जा रहा है। आगे की जांच की जाएगी।

पुलिस के अनुसार, तीन अप्रैल को सुद्दागुंटेपल्या में सड़क पर चल रही कॉलेज छात्रा से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने वाला संदिग्ध 29 वर्षीय संतोष डी है। वह तिलकनगर के पास गुलबर्गा कॉलोनी का रहने वाला है और ब्रुकफील्ड के पास एक ऑटोमोबाइल शोरूम में ड्रावर था। एक सप्ताह की तलाशी के बाद, उसे केरल के कोझिकोड में ट्रैक किया गया।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता



सुविचार: हर चीज के पीछे मत भागो बस एक में मन लगा कर उसे पूरा करो ।

# साइबर और ड्रग अपराधों में किया जा रहा महिलाओं के बैंक खातों का दुरुपयोग

## तेलंगाना पुलिस ने खतरनाक प्रवृत्ति का किया खुलासा

हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य पुलिस द्वारा हाल ही में उजागर की गई एक चिंताजनक प्रवृत्ति यह है कि नशीली दवाओं के तस्कर और साइबर जालसाज अवैध वित्तीय लेनदेन करने के लिए महिलाओं के बैंक खातों का खच्चर खाते के रूप में तेजी से शोषण कर रहे हैं। तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) और तेलंगाना एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो (टीजीसीएसबी) ने अपनी हालिया जांच के दौरान एक पैटर्न की पहचान की है, जिसमें अक्सर कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाली महिलाओं को झूठे वादों के तहत अपने बैंकिंग क्रेडेंशियल्स प्रदान करने के लिए लुभाया जाता था। कुछ मामलों में, एक कदम आगे जाकर, कुछ महिलाओं का यौन उत्पीड़न और शोषण भी किया गया।

हाल ही में, टीजीसीएसबी ने एक संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया था, जिसमें साइबर अपराधियों ने निर्मल के भैंसा में कमजोर महिलाओं को बैंक खाते खोलने के लिए मजबूर किया था। उन्होंने इन खातों से जुड़ी पासबुक, चेकबुक, डेबिट कार्ड और सिम कार्ड भी एकत्र किए, जिनका बाद में देश भर में विभिन्न साइबर धोखाधड़ी में उपयोग किया गया।

टीजीसीएसबी के एक अधिकारी ने कहा कि जांच से पता चला है कि साइबर जालसाज महिलाओं को निशाना बना रहे थे और उनके खातों को खच्चर खाते के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे या उनके लिए एक खाता बनाकर लेनदेन के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। ये खच्चर खाते कई तरह के साइबर अपराधों में सहायक रहे हैं, जिनमें निवेश घोटाले, नौकरी धोखाधड़ी, डिजिटल गिरफ्तारी घोटाले और कूरियर धोखाधड़ी शामिल हैं। महिलाओं के बैंक खातों का शोषण केवल साइबर अपराध तक ही सीमित नहीं है। टीजीएएनबी ने हाल ही में ऐसे मामलों की भी रिपोर्ट दी है जहां नशीली दवाओं के तस्करों ने मादक पदार्थों की बिक्री से प्राप्त धन को सफेद करने के लिए इसी प्रकार की रणनीति का इस्तेमाल किया है। इन अपराधियों का उद्देश्य अनजान महिलाओं के खातों के माध्यम से धनराशि का हस्तांतरण कर, धन के स्रोत को छिपाना तथा कानून प्रवर्तन एजेंसियों की जांच से बचना होता है।

टीजीएएनबी के एक अधिकारी ने कहा कि ग्राहकों से किए गए भुगतान को वापस पाने के लिए ड्रग रैकेटियर महिलाओं को फंसाने की हद तक चले जाते हैं और उनके बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड नंबर ले लेते हैं और इसका इस्तेमाल अपने खातों में ड्रग खरीद के लिए जमा करने के लिए करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं को दोस्ती और डेटिंग साइट्स और सोशल मीडिया चैनलों के ज़रिए निशाना बनाया जाता है। इनमें भारत और विदेशों में रहने वाली मुख्य रूप से अकेली और तलाकशुदा महिलाएं शामिल हैं। विदेश में रहने वाले ग्राहकों द्वारा खच्चर खातों में पैसे जमा करने के बाद, मनी ट्रांसफर सेवाओं की मदद से इसे निकाल लिया जाता है।

अधिकारी ने कहा कि इस तरह से नशीली दवाओं की बिक्री से अर्जित धन को विभिन्न स्रोतों के माध्यम से अवैध रूप से भेजा जाता है और इस श्रृंखला में शामिल विदेशी मुद्रा एजेंटों सहित हर कोई अपना कमीशन लेता है, यह जानते हुए भी कि विभिन्न चैनलों के माध्यम से धन प्राप्त करना अवैध है। अधिकारियों ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे सोशल मीडिया पर अजनबियों के साथ अपनी व्यक्तिगत बैंकिंग जानकारी साझा न करें।

# पांच सितारा होटल में लगी आग




हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। बंजारा हिल्स स्थित पार्क हयात होटल में सोमवार दोपहर आग लग गई, जहां सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल टीम ठहरी हुई थी। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। आग लगने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) आईपीएल टीम के खिलाड़ियों ने होटल खाली कर दिया था। होटल प्रबंधन और पुलिस कर्मियों द्वारा कड़ी सुरक्षा के बीच क्रिकेट खिलाड़ियों को निजी बसों में ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार आग स्टार होटल की पहली मंजिल पर लगी, जबकि एसआरएच टीम के खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और एसआरएच प्रबंधन के सदस्य छठी मंजिल के कमरों में ठहरे हुए थे। आग लगने से आस-पास के इलाकों में घना धुआं फैल गया, जिससे हल्की अफरा-तफरी मच गई। पर्यटक और स्टाफ डर के मारे अपनी जान बचाने के लिए बाहर भागे। आग लगने की सूचना मिलते ही सतर्क कर्मचारियों ने होटल प्रबंधन को सूचित किया, जिन्होंने तुरंत अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा पहली मंजिल पर बिजली के तारों के जलने की वजह से हुआ। उन्होंने बताया कि होटल में स्थिति पर तुरंत काबू पा लिया गया।

# तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आयोग ने अंबेडकर जयंती मनाया



हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। डॉ. बी.आर. तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आयोग कार्यालय में अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह भव्य रूप से मनाया गया। बीसी आयोग के अध्यक्ष जी. निरंजन, सदस्य रापोलू जयप्रकाश, तिरुमलगिरी सुरेंदर, श्रीमती रंगू बाला लक्ष्मी और अन्य अधिकारियों ने बी.आर. के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए अध्यक्ष जी. निरंजन ने कहा कि बी.आर. अंबेडकर ने हमारे देश के संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा समाज के कमजोर वर्गों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# 'सुपारी' हत्यारों को पुलिस ने पकड़ा

## प्रेमिका के पति की हत्या के लिए किराए पर लिए गये थे

खम्मम, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस निरीक्षक भानुप्रकाश ने बताया कि खम्मम में खानापुरम हवेली पुलिस ने एक व्यक्ति की हत्या करने के लिए सुपारी किलर के एक गिरोह को पकड़ा। सीआई के अनुसार, जिले के मुदिगोंडा मंडल के सुवर्णपुरम के एक व्यक्ति कोंडुरी रामंजनेयुलु उर्फ रामू का उसी गांव के एक व्यक्ति थोटा धर्मा की पत्नी के साथ विवाहेतर संबंध था। धर्मा को इस अवैध संबंध के बारे में पता चला, जिसके कारण पति-पत्नी के बीच कुछ समय तक झगड़े हुए। आरोपी रामंजनेयुलु ने धर्मा की पत्नी के साथ अवैध संबंध जारी रखने के लिए उसकी हत्या की योजना बनाई। उसने दंताला वेंकट नारायण नामक व्यक्ति से संपर्क किया और धर्मा की हत्या की अपनी योजना बताई। नारायण ने अपने दोस्त, एक बदमाश, पगडाला विजय कुमार उर्फ चंटी को रामंजनेयुलु से मिलवाया, जिसने हत्या के लिए 20 लाख रुपये की सुपारी देने पर सहमति जताई और 5 लाख रुपये एडवांस में दिए। आरोपियों ने 12 मार्च को दमसालपुरम के एक ढाबे से धर्मा का अपहरण कर लिया और उसे एक सुनसान जगह पर ले गए और उसकी पहचान की पुष्टि करने के लिए वीडियो कॉल के ज़रिए उसे नारायण को दिखाया। आरोपियों ने नारायण से कहा कि वे धर्मा को मारने से पहले कुछ और पैसे दें लेकिन बाद में नारायण ने उनकी कॉल का जवाब नहीं दिया, उससे कोई प्रतिक्रिया न मिलने से तंग आकर आरोपियों ने धर्मा को धमकाया, 1.5 लाख रुपये नकद और एक सोने की चेन छीन ली और उसे छोड़ दिया।

धर्मा ने खानपुरम हवेली पुलिस से संपर्क किया, अपहरण की घटना और अपनी जान को खतरा बताते हुए शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज किया और एसीपी (टाउन) रमना मूर्ति की देखरेख में मामले की जांच शुरू की गई। शहर के एक आम के बगीचे में आरोपियों की मौजूदगी की विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने रामंजनेयुलु, वेंकट नारायण, विजय कुमार, वेमुला कृष्णा और बुरी विजय को गिरफ्तार किया। सीआई ने बताया कि आरोपियों के पास से दो चाकू, एक एयर गन, 90,000 रुपये नकद, चार सेल फोन और एक कार जब्त की गई है।

# कोल्हू में गिरकर मजदूर की मौत

हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार सुबह मेडचल के गिरमापुर में एक व्यक्ति की दुर्घटनावश क्रशिंग मशीन में गिरने से मौत हो गई। पीड़ित की पहचान मध्य प्रदेश के मूल निवासी मनीष सिंह (27) के रूप में हुई है, जो पिछले तीन वर्षों से रोबोट सिलिकॉन क्रशर मशीन के ऑपरेटर के रूप में काम कर रहा था। पुलिस के अनुसार, यह घटना सुबह करीब आठ बजे हुई, जब काम पर गए मनीष सिंह का पैर फिसला और वह मशीन में गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जब उसके सहकर्मियों ने उसे देखा तो वे उसे बचाने के लिए दौड़े, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मेडचल पुलिस जांच कर रही है।

# अंबेडकर जयंती समारोह के दौरान एससी समुदायों के बीच मतभेद आए सामने

करीमनगर, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार को यहां कोर्ट चौक पर आयोजित डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती समारोह के अवसर पर अनुसूचित जाति समुदायों में मतभेद सामने आ गए। माला समुदाय की एक महिला कार्यकर्ता दंडी शारदा ने मंच पर न बुलाए जाने के विरोध में मंच के सामने बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। कुछ अन्य महिला कार्यकर्ताओं ने भी उनका समर्थन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोजक कुछ समुदायों को मंच पर न बुलाकर उनके साथ भेदभाव कर रहे हैं। आयोजकों के अनुरोध के बावजूद उन्होंने अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। जब विभिन्न मीडिया संगठनों के फोटोग्राफरों और वीडियोग्राफरों ने उनके विरोध प्रदर्शन को कवर करना शुरू किया, तो प्रजा संगला जेएसी के अध्यक्ष गजेला कंथम ने मीडियाकर्मियों पर गुस्सा जाहिर किया। इस घटना से गुस्साए मीडियाकर्मियों की कंथम से बहस हो गई।

# मूसल से हमला कर की पत्नी की हत्या

## सास को किया घायल

संगारेड्डी, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पटनचेरू मंडल के पेद्दा कंजेरला गांव में सोमवार को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और सास पर मूसल से हमला कर दिया। इस हमले में पत्नी प्रमिला (25) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां कविता गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस के अनुसार, पिछले कुछ महीनों से अपने पति रमेश (32) के साथ गंभीर मतभेदों के बाद प्रमिला अपनी माँ के साथ रह रही थी। हालांकि, वह सोमवार को कविता के घर आया और प्रमिला से बहस करने लगा। इसके बाद उसने अपनी पत्नी पर मूसल से हमला कर दिया। जब कविता ने अपनी बेटी को बचाने की कोशिश की, तो रमेश ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। कविता को इलाज के लिए संगारेड्डी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।



भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर जयंती के अवसर पर मुख्य सचिव शांति कुमारी ने टैंकबंड स्थित महापुरुष की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह का उद्घाटन



हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। आयुध निर्माणी मेदक के अग्निशमन विभाग अनुभाग में अग्निशमन सेवा सप्ताह का उद्घाटन बड़े उत्साह और सम्मान के साथ किया गया। मुख्य महाप्रबंधक एसएस प्रसाद ने रक्षा अग्निशमन सेवा ध्वज को गर्व से फहराया, जिससे सप्ताह भर चलने वाले इस उत्सव की शुरूआत हुई। कार्यक्रम की शुरूआत डमी फायरमैन को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई, जिसमें अग्नि सुरक्षा भूमिकाओं में सेवा देने वाले बहादुर लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया।

कार्यक्रम में अग्निशमन उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें आपातकालीन प्रतिक्रिया में नवीनतम प्रगति और तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। उपस्थित लोगों में वरिष्ठ अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी और अग्निशमन दल के सदस्य शामिल थे। सुरक्षा अधिकारी, चेन्ना रेड्डी ने गर्मजोशी से स्वागत भाषण दिया, जिससे सप्ताह के लिए सम्मानजनक और केंद्रित माहौल तैयार हुआ। मुख्य महाप्रबंधक ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें अग्नि सुरक्षा, तैयारी और निरंतर प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया गया और सुरक्षा स्टिकर और पैम्फलेट जारी किए गए।

# बीआरएस के रजत जयंती समारोह की बैठक के लिए एनआरआई तैयार

हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एनआरआई 27 अप्रैल को वारंगल के पास एल्कातुर्थी में आयोजित होने वाले पार्टी के रजत जयंती समारोह और सार्वजनिक बैठक में बड़े पैमाने पर भाग लेने के लिए तैयार हो रहे हैं। पार्टी गठन की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर, दुनिया भर के 50 देशों से बीआरएस एनआरआई तेलंगाना पहुंचेंगे। रविवार को बीआरएस एनआरआई वैश्विक समन्वयक महेश बिगाला ने 50 से अधिक देशों के एनआरआई प्रतिनिधियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें उन्हें वारंगल में होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि रजत जयंती समारोह के अवसर पर होने वाली सार्वजनिक बैठक, जिसे पार्टी प्रमुख के चंद्रशेखर राव संबोधित करेंगे, ऐतिहासिक होगी और तेलंगाना राज्य आंदोलन की भावना को दर्शाएगी।

महेश ने कहा कि यह उसी जगह हो रहा है, जहां तेलंगाना राज्य के संघर्ष के दौरान विश्वरूप महासभा जैसी परिवर्तनकारी सभाएं आयोजित की गई थीं। जन कवि कालोजी, प्रो. जयशंकर की बौद्धिक विरासत और के. चंद्रशेखर राव का दूरदर्शी नेतृत्व इस यात्रा के स्तंभ हैं।

उन्होंने कहा कि बीआरएस शासन के तहत तेलंगाना एक आदर्श राज्य बन गया और रजत जयंती समारोह का उद्देश्य उस कहानी को विश्व स्तर पर साझा करना है। इस बीच, एनआरआई ने इस अवसर पर विभिन्न देशों में साल भर चलने वाले समारोह आयोजित करने की अपनी योजनाओं को साझा किया। इसके अलावा, बीआरएस यूके इकाई ने प्रतिष्ठित लंदन ब्रिज पर 'चलो वारंगल' पोस्टर का अनावरण करके लंदन में एक प्रतीकात्मक अभियान शुरू किया। बीआरएस यूके के अध्यक्ष नवीन रेड्डी ने वैश्विक तेलंगाना प्रवासी और समर्थकों से बड़ी संख्या में भाग लेने और सम्मेलन की सफलता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# जनता के लिए खोल दी गई दुनिया की सबसे ऊंची अंबेडकर प्रतिमा



हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। एक साल से अधिक समय तक आम जनता के लिए बंद रहने के बाद, सचिवालय के बगल में भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर की 125 फीट ऊंची प्रतिमा सोमवार को लोगों के लिए खोल दी गई। कांग्रेस सरकार ने अलग-अलग कारणों का हवाला देते हुए इस जगह को आम लोगों के लिए बंद कर दिया था। हालांकि, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के दबाव के बाद राज्य सरकार ने सोमवार को आम लोगों के लिए इस जगह को खोल दिया। उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर, स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा ने डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

पिछले साल राज्य सरकार ने चुनाव आचार संहिता का हवाला देते हुए इस जगह को आम लोगों के लिए बंद कर दिया था और प्रतिमा पर फूलों और सजावटी रोशनी सहित कोई भी व्यवस्था नहीं की थी। इससे राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को लेकर विभिन्न वर्गों में हंगामा मच गया था। दिलचस्प बात यह है कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सोमवार को टैंक बंड स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की, लेकिन सचिवालय के बगल में स्थित 125 फीट ऊंची प्रतिमा पर नहीं गए, जो बहुत नजदीक है। बीआरएस कांग्रेस सरकार से अंबेडकर स्मारक के ताले खोलने और आम जनता को भारतीय संविधान के निर्माता को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अनुमति देने की मांग कर रही है। बीआरएस एमएलसी के कविता ने रविवार को याद दिलाया कि पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने बीआर अंबेडकर की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाने की पहल की थी। इसे औपचारिक रूप से 14 अप्रैल, 2023 को खोला गया और पर्यटकों सहित कई लोगों ने इसे देखा। लेकिन कांग्रेस सरकार ने परिसर पर ताला लगा दिया था और आम जनता के लिए वहां पहुंचना असंभव हो गया था।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, MARY KUTTY ABRAHAM, W/O: EX SGT KUTTIPELAVEL SKARIA ABRAHAM (LATE), R/O. 1-32-147,GREEN FIELDS , MD ROAD, NEAR INDIRA GANDHI STATUE, KHANAJIGUDA, ALWAL, MEDCHAL MALKAJGIRI - 500015, TELANGANA HAVE CHANGED MY NAME FROM MARY KUTTY ABRAHAM TO MARY ABRAHAM VIDE AFFIDAVIT DT.13-04-2025 AT HYDERABAD

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# रैन बाजार में शादी से कुछ दिन पहले राउडीशीटर की चाकू घोंपकर हत्या

हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शादी से कुछ दिन पहले ही अज्ञात लोगों ने रविवार आधी रात को रैन बाजार में मोहम्मद मसीउद्दीन नामक एक बदमाश की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि हत्या की वजह पुरानी दुश्मनी बताई जा रही है। मसीदुद्दीन को हैदराबाद पुलिस ने फलकनुमा पुलिस स्टेशन में एक गुंडा घोषित कर रखा है, तथा वह पहले भी आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। पुलिस ने कहा कि ऐसा संदेह है कि मसीउद्दीन को संदिग्धों ने बाहर बुलाया और एक सुनसान स्थान पर उस पर हमला किया।

एक अधिकारी ने बताया कि हमलावरों ने उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चाकुओं और लोहे की छड़ों से हमला किया। उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह हत्या पूर्वनियोजित थी, तथा इसका कारण व्यक्तिगत दुश्मनी माना जा रहा है, जो हैदराबाद में उनकी शादी से कुछ ही दिन पहले की गई थी। रैन बाज़ार पुलिस हत्यारों की पहचान के लिए आस-पास के इलाकों में लगे निगरानी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। क्लूज़ टीम और डॉग स्क्वॉड ने घटनास्थल का दौरा किया और नमूने एकत्र किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल के मुर्दाघर में भेज दिया गया। संदिग्धों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए दो टीमें काम पर लगी हुई हैं।

# अक्षयकल्प ऑर्गेनिक ने पीरन चेरुवु झील को लिया गोद

## सफाई अभियान में 3,200 किलोग्राम प्लास्टिक हटाया

हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। अक्षयकल्प ऑर्गेनिक ने हैदराबाद के पीबीईएल सिटी में 35 एकड़ की पीरन चेरुवु झील को उसके पारिस्थितिकीय पुनरुद्धार के लिए गोद लिया है। पिछले 5 महीनों से, इस पहल के हिस्से के रूप में, कंपनी हर महीने 'पीरन चेरुवु झील की सफाई' अभियान चला रही है, जिससे झील के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और प्लास्टिक कचरे में कमी आई है, कंपनी की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है।

पीरन चेरुवु झील, जो अपने मनोरम दृश्यों, छोटी पैदल यात्रा पगडंडियों और स्थानीय मछुआरों के लिए सहायता के लिए जानी जाती है, को बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण और धीरे-धीरे पर्यावरण क्षरण का सामना करना पड़ रहा है।



इससे निपटने के लिए, अक्षयकल्प ऑर्गेनिक ने अपने कर्मचारियों को जुटाया और स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर लगभग 3,200 किलोग्राम प्लास्टिक कचरे को सफलतापूर्वक हटाया, जिससे झील की स्थिति में काफी सुधार हुआ।

प्रत्येक सफाई अभियान में स्वयंसेवी संगठनों, हैदराबाद साइक्लर्स ग्रुप, जीएचएमसी और पीबीईएल सिटी के स्थानीय निवासियों सहित उत्साही भागीदारी देखी गई है, जिन्होंने झील की प्राकृतिक सुंदरता को बहाल करने के लिए अक्षयकल्प के कर्मचारियों के साथ हाथ मिलाया है। अक्षयकल्प ऑर्गेनिक के सह-संस्थापक और सीईओ शशि कुमार ने कहा कि झील की सफाई हमारी कंपनी की विचारधारा को दर्शाती है, जो प्राकृतिक पारिस्थितिकी प्रणालियों को सक्रिय रूप से बहाल करने और संरक्षित करने के लिए टिकाऊ खाद्य उत्पादन पर आधारित है।

# बेथला स्वामी जातरा तेलंगाना के अल्लुदुर्ग में शुरू होने के लिए पूरी तरह तैयार

मेदक, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। अल्लुदुर्ग में बेथला स्वामी के मंदिर में वार्षिक जातरा सोमवार से शुरू होगा। स्थानीय लोग इन्हें राक्षसों का नेता मानते हैं। इस मंदिर को दुर्लभ माना जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोंडागट्टू में बेथला मंदिर के बाद यह तेलंगाना में हिंदुओं के लिए दूसरा ऐसा धार्मिक स्थल है। सप्ताह भर चलने वाला यह उत्सव सोमवार को शुरू होगा जब भक्त एक अन्य गांव के देवता पोलेरम्मा को पारंपरिक बोनम चढ़ाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर 400 साल पहले बनाया गया था जब गांव कई बीमारियों से प्रभावित था। मंदिर का निर्माण ग्रामीणों पर राक्षसों के बुरे प्रभाव को दूर करने के लिए किया गया था। चूंकि ग्रामीणों को बीमारियों से राहत मिली थी, इसलिए उन्होंने हर साल इस दौरान प्रार्थना करना शुरू कर दिया था जिसे पूरा गांव दोस्तों और रिश्तेदारों को आमंत्रित करके बड़े पैमाने पर मनाता है।

भक्त 15 अप्रैल को पोचम्मा, 16 अप्रैल को दुर्गा और 17 अप्रैल को बेथला को बोनम चढ़ाएंगे। 18 अप्रैल को बैलगाड़ी रैली निकाली जाएगी, जिसके बाद 22 अप्रैल तक विभिन्न अनुष्ठान होंगे, हालांकि मुख्य उत्सव 20 अप्रैल को समाप्त होगा।

आयोजकों ने कर्नाटक, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश से मंदिर आने वाले भक्तों के लिए सुचारू दर्शन सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं की हैं। मेदक पुलिस भी भक्तों की आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती करेगी और पार्किंग की व्यवस्था भी करेगी।

आंबेडकर जयंती पर एटा में बवाल

# दुकानों में तोड़फोड़-पुलिस ने खदेड़ा, दलित युवक को गोली मारने पर फैला आक्रोश



एटा, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। एटा के जलेसर में भारत रत्न डॉ. बीआर आंबेडकर जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा से पहले दलित युवक को गोली मार दी गई। इस घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव फैल गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि आपसी लेनदेन की वजह से वारदात हुई।

वहीं घटना के बाद पुलिस के सामने ही हंगामा शुरू हो गया। कुछ युवकों ने बाजार की दुकानों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। ये देख पुलिस के पसीने छूट गए। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हंगामा और तोड़फोड़ कर रहे लोगों को वहां से खदेड़ दिया। ये घटना जलेसर पेट्रोल पंप रोड स्थित जनता क्लिनिक के पास की है। बताया गया है कि मेडिकल पर बैठने वाले दलित युवक अनिल को पड़ोसी दिनेश कुमार यादव द्वारा गोली मार दी गई। तत्काल युवक को उपचार के लिए अन्य लोग अस्पताल ले गए। उधर इस घटना की जानकारी मिलते ही दलित समुदाय में आक्रोश फैल गया।

घटना के एक घंटे बाद नगर में रैली निकालने वाली थी। लेकिन इस वारदात की सूचना मिलने के बाद सभी लोग एकत्रित होकर मौके पर पहुंच गए। दलित समाज के लोगों ने आगरा चौराहे पर जाम लगा दिया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। स

ूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बताया गया है कि पुलिस मामले को शांत कराने के प्रयास में जुटी हुई थी, उसी दौरान कुछ युवकों ने बाजार में तोड़फोड़ कर दी। दुकानों से सामान निकालकर फेंकना शुरू कर दिया। ये देख पुलिस के पसीने छूट गए। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर इन युवकों को खदेड़ दिया।

## समस्तीपुर में बंद मकान से 10 लाख की चोरी

समस्तीपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदिनी पंचायत के वार्ड संख्या 3 में एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए अलमारी तोड़कर 10 लाख रुपए के जेवरात और नगदी की चोरी की है। वारदात के समय घर के मालिक नागेश्वर ठाकुर अपनी पत्नी के साथ इलाज के लिए पटना गए हुए थे।

पीड़ित नागेश्वर ठाकुर ने बताया कि वह अपनी पत्नी के इलाज के लिए कल पटना गए थे। आज सुबह करीब 8 बजे जब वे घर लौटे, तो घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी टूटी हुई थी और उसमें रखे गहने व नकदी गायब थे।

# नीतीश कुमार को भाजपा ने हाईजैक कर लिया है : तेजस्वी यादव



पटना, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग अंबेडकर का विरोध करने वाले लोग हैं और उनकी जयंती मना रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग संविधान को नहीं मानते हैं, वैसे भाजपा और आरएसएस के लोग न चाहते हुए भी अंबेडकर जयंती मना रहे हैं।

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि जनता दल यूनाइटेड हो या भाजपा हो या एनडीए के अन्य पार्टनर, ये सभी अंबेडकर की विचारधारा के विपरीत काम करने पर तुले हुए हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि पिछले दिनों संसद में भाजपा के दिग्गज नेता के भाषण को सभी लोगों ने सुना था। उनके दिल की बात, जुबान से निकली थी। तेजस्वी यादव ने भाजपा को आरक्षण खोर पार्टी बताते हुए कहा कि बिहार में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर इसे नौवीं अनुसूची में डालने की मांग की गई थी, लेकिन भाजपा की सरकार ने कोर्ट में जाकर गड़बड़ी करने का काम किया। राजद नेता तेजस्वी यादव ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बिहार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार बनाने के बयान पर दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भाजपा ने हाईजैक कर लिया है। मुख्यमंत्री अचेत अवस्था में हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा में कौन नहीं सीएम बनेगा, यह तो बता दो। क्यों आप लोग झगड़ा लगवा रहे हैं? दो दिन के बाद दूसरा नाम आ जाएगा। ये लोग आपस में नूरा-कुश्ती करते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए की खटारा गाड़ी पर बिहार की जनता सवार नहीं होने जा रही है। राजद गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। बिहार की जनता युवा नेतृत्व को चुनेगी।

# सीएम नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट गंगा पथ पुल में आई दरार, नौ अप्रैल को ही हुआ था लोकार्पण



पटना, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पटना में गंगा किनारे बनाया गया सीएम नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट गंगा पथ एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार कारण इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठना है। दरअसल नौ अप्रैल को लोकार्पण के चार दिन बाद ही दीदारगंज के पास जेपी गंगा पथ पुल के पाया नंबर ए 3 पास पर सड़क पर बड़ी दरार देखी गई है।

यह दरार गंगा पथ के दोनो ओर स्पष्ट दिख रही है। अब सोशल मीडिया पर तेजी से इससे जुड़ी तस्वीर वायरल हो रही है। लोग गंगा पथ के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि चुनावी साल में जल्दबाजी में कंगनघाट से दीदारगंज तक गंगा पथ का लोकार्पण किया गया। इसलिए तेजी में सरकार ने गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा। इधर, इस मामले को लेकर पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन कहा कि मुझे भी जानकारी मिली है। विभाग के अधिकारियों को गम्भीरता से जांच का आदेश दिया है। कहां क्या गड़बड़ी हुई है? हमलोग इसे भी दिखवा रहे हैं। बता दें कि करीब 3831 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस परियोजना का निर्माण बिहार राज्य पथ निर्माण निगम ने कराया है। इस महत्वपूर्ण सड़क की लंबाई 20.5 किलोमीटर है, जो पटना शहर के दो महत्वपूर्ण छोरों को जोड़ती है। यह अटल पथ, एलसीटी घाट, गांधी मैदान, पीएमसीएच, पटना विश्वविद्यालय, एनआईटी, गायघाट, कंगन घाट, कृष्णा घाट और पटना घाट जैसे सभी महत्वपूर्ण स्थानों को एक सीध में जोड़ती है। इससे पटना के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के बीच यातायात काफी सुगम हो गया था। लेकिन, लोकार्पण के तीन दिन बाद ही दीदारगंज के पास दरार दिखने से अब इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।

**जेपी के नाम पर हुआ इसका नामाकरण**

लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती 11 अक्टूबर 2013 पर इस परियोजना की नींव रखी गई थी, जिस वजह से इसका नाम जेपी गंगा पथ नाम दिया गया था। पहले चरण में दीघा से गांधी मैदान तक 7.5 किमी सड़क 24 जून 2022 को जनता को समर्पित की गई। इसके बाद दूसरे चरण में 14 अगस्त 2023 पीएमसीएच से गायघाट तक 5.0 किमी, तीसरे चरण 10 जुलाई 2024 को गायघाट से कंगन घाट तक 3.0 किमी और चौथे चरण में कृष्णा घाट संपर्क पथ का उद्घाटन 3 अक्टूबर 2024 को किया गया।

# औरंगजेब ने धार्मिक अत्याचार किया हिंदुओं पर जजिया लगाया था

## मंत्री असीम अरुण बोले-वक्फ कानून से भूमाफियों में हड़कंप मचा है



लखनऊ, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। 'नए कानून के तहत वक्फ संपत्तियों की पहचान के लिए जीपीएस और ड्रोन सर्वे जैसी आधुनिक तकनीक इस्तेमाल की जाएगी। जिलाधिकारी और राजस्व अधिकारियों की भूमिका को बढ़ाया गया है। अपील की व्यवस्था भी लागू की गई है।' यह कहना है समाज कल्याण विभाग मंत्री असीम अरुण का। उन्होंने दैनिक भास्कर से खास बातचीत के दौरान तमाम ज्वलंत मुद्दों पर खुलकर बात की। अपने कार्यकाल को भ्रष्टाचार मुक्त बताया। औरंगजेब के मुद्दे पर कहा- हमें इतिहास की गलतियों से सबक लेना चाहिए।

**अवैध कब्जे हटेंगे, सख्त कार्रवाई होगी**

अंबेडकरनगर में बुलडोजर कार्रवाई को लेकर विपक्ष के आरोपों पर कहा- कार्रवाई केवल अवैध कब्जों के खिलाफ हुई है। बच्ची की किताबें हटाने की बातें अलग-अलग रूप में कही गई हैं, लेकिन इस तरह की मार्मिक प्रस्तुतियों से हकीकत नहीं बदली जा सकती। सरकार का अवैध कब्जे को लेकर स्पष्ट रुख है। जहां भी अवैध कब्जा है, उसे हटाया जाएगा। वक्फ कानून को लेकर मुस्लिम समुदाय में आक्रोश की बात को नकारते हुए कहा कि विरोध वास्तविक मुस्लिम समुदाय से नहीं, बल्कि भूमाफिया से है। कुछ मुतवल्ली वक्फ खातों में दो रुपए जमा कर दो लाख की बंदरबांट करते हैं। अब ऐसे लोगों की दुकान बंद हो जाएगी।

## यूपी में लौटा भेड़िया, बच्चे का हाथ-पेट खा गया

बहराइच, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। बहराइच में भेड़िया मां के साथ घर में सो रहे 8 साल के मासूम को उठा ले गया। भेड़िया बच्चे के बाएं हाथ का पंजा खा गया। उसकी गर्दन पर भी अटैक किया। घटना हरदी थाना क्षेत्र के सिसैया चूड़ामणि गांव की सोमवार सुबह 4 बजे की है।

बच्चे की चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजनों और ग्रामीणों ने पीछा किया। भेड़िया करीब एक किमी दूर खेत में बच्चे को छोड़कर भाग गया। परिजनों ने बच्चे को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मिनी शराब फैक्टरी पर पुलिस ने मारा छापा

## 'पुलिस' लिखा नंबर प्लेट बरामद; गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी




वैशाली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र स्थित रसूलपुर गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मिनी शराब फैक्टरी का उद्भेदन किया है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में देशी शराब, शराब बनाने वाले केमिकल, खाली बोतलें, रैपर, एक पंचिंग मशीन और दो कार जब्त की गई हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि पुलिस ने मौके से 'पुलिस' लिखा हुआ नंबर प्लेट भी बरामद किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जबकि शराब बनाने के काम में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। छापेमारी का नेतृत्व प्रशिक्षु आईपीएस व लालगंज थानाध्यक्ष शैलजा ने किया, वहीं एसआई संतोष कुमार की भूमिका भी सराहनीय रही।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शराब माफिया अपने अवैध कारोबार को बचाने के लिए पुलिस की फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर रहे थे। बता दें कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है और इसे सख्ती से लागू कराने के लिए पुलिस प्रशासन जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा है। यही कारण है कि राघोपुर, विदुपुर और लालगंज के सररिया-सलेमपुर समेत कई इलाकों में लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से लालगंज और आसपास के क्षेत्रों के शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# हिंदू युवक व मुस्लिम युवती को पीटा, बुर्का उतार कर किया बेनकाब

**गिरफ्तारी के बाद लंगड़ाते दिखे आरोपी**

मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। मुजफ्फरनगर में मीनाक्षी चौक के पास हिंदू युवक के साथ बाइक पर जा रही मुस्लिम युवती व युवक को रोक कर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने पीटा। युवती का बुर्का उतार कर उसे बेनकाब कर दिया गया। मामले में वीडियो भी वायरल हो रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छह आरोपियों को पकड़ लिया। खालापार निवासी एक मुस्लिम महिला स्मोल फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट है। शामली जिले के थानाभवन थानाक्षेत्र के गांव इस्माइलपुर गांव निवासी सचिन भी कंपनी में काम करता है। शनिवार दोपहर में सचिन महिला के घर पहुंचा। उसे सुजडू से किश्त का कलेक्शन कर लाना था। महिला ने अपनी बेटी को उसके साथ बाइक पर भेज दिया।

युवक व युवती वापस लौट रहे थे। इसी दौरान खालापार में दर्जी वाली गली में सामने आठ-दस युवकों ने दोनों को रोक लिया। आरोपी युवकों ने दोनों को पीटा। बाद में उन्हें पूछताछ के लिए एक बैटरी की दुकान में ले गए। वहां दोनों के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि युवती का बुर्का उतार दिया उसे बेनकाब कर दिया। चोटी खींची गई। निर्वस्त्र करने का भी प्रयास किया। वीडियो भी बनाई गई। शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग वहां पहुंचे और युवती व युवक को आरोपियों से बचाया। इस मामले में वीडियो वायरल कर दी गई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। खालापार थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की। वीडियो में युवकों की पहचान कर रविवार देर शाम छह आरोपी मुस्लिम युवकों शोएब व शमी व सरताज, शादाब, उमर, अर्श को गिरफ्तार कर लिया। थाने में सभी आरोपी कमर पर हाथ रखे लंगड़ाते हुए नजर आए।

आंबेडकर जयंती पर अखिलेश बोले

# 'देश संविधान से चलना चाहिए, साजिशों के तहत खंडित की जाती रही हैं प्रतिमाएं'



लखनऊ, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। आंबेडकर जयंती के मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर लगी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान ही हमारा रक्षक है। समाज के निचले और कमजोर तबके की रक्षा संविधान ही करेगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने बचपन से ही भेदभाव झेला है। उन्होंने समाज में दलितों को लेकर जो भाव रहा है उसका सामना किया है। आंबेडकर ने बड़ी प्रतिकूल स्थितियों में अपने जीवन को आकार दिया। सपा प्रमुख ने कहा कि संविधान हमारी जीवन की संजीवनी है। आज भी समाज के एक हिस्से में उनको लेकर नफरत है। प्रदेश में कई जगहों पर आंबेडकर की प्रतिमाएं तोड़ी जाती हैं। यह सब इन्हीं बातों का संकेत है कि कुछ राजनीतिक दलों को वह स्वीकार्य नहीं हैं। सोचे और समझे तरीके से संविधान को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है।

## साइबर ठगी के आरोप में जीजा-साला गिरफ्तार

गोपालगंज, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। गोपालगंज में पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी आपस में जीजा-साला हैं। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मांझा बाजार के एटीएम से कुछ लोग संदिग्ध गतिविधियां कर रहे हैं।

सेंट्रल बैंक के एटीएम से पकड़े गए आरोपियों की पहचान मांझागढ़ थाना क्षेत्र के देवापुर अकिल टोला निवासी तौसीफ आलम और बरौली थाना क्षेत्र के विखरौ गांव निवासी आशिक अली के रूप में हुई है। तलाशी में तौसीफ आलम के पास से तीन एटीएम कार्ड बरामद हुए। आशिक अली के पास से दो एटीएम कार्ड, एक मोबाइल और 1,850 रुपए नकद मिले।

# 25 साल के इस युवक को सांप ने एक-दो बार नहीं पूरे 10 बार डसा

> सुबह कमरे का मंजर देख ठिठक गए परिजन



बहसूमा, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के बहसूमा क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात में शनिवार रात बिस्तर पर सो रहे अमित उर्फ मिक्की कश्यप (25) के नीचे दबने पर सांप ने उसे 10 बार डसा। इससे उसकी मौत हो गई। रविवार की सुबह तक सांप अमित के शव के नीचे दबा रहा। परिजन ने सपेरे को बुलाकर सांप को पकड़वाया। अमित को चिकित्सक को दिखाया लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि अमित के हाथ-पैर व शरीर पर 10 जगह पर सांप के डसने के निशान थे। सांप के डसने के बाद मिक्की उठ नहीं पाया और सांप उसके नीचे दबा रहा। परिजन का कहना है कि अमित रात में करीब 10 बजे मजदूरी कर आया था।

**थकने के कारण बिस्तर पर लेट गया था**

थकने के कारण वह खाना खाकर बिस्तर पर लेट गया था। सुबह करीब साढ़े पांच बजे जब परिजन उसे कमरे जगाने के लिए पहुंचे तो उसके बिस्तर पर बैठे सांप को देखकर ठिठक गए। जबकि अमित बिस्तर पर बेसुध पड़ा था। परिजन ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस और गांव महमूदपुर सिखेड़ा निवासी सपेरे को सूचना दी गई। सुबह करीब साढ़े सात बजे मौके पर पहुंचे सपेरे ने सांप को पकड़ा। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## आंबेडकर जयंती पर वक्फ कानून के खिलाफ मुस्लिम समुदाय का प्रदर्शन

मुजफ्फरपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर मुजफ्फरपुर में वक्फ कानून के खिलाफ मुस्लिम समुदाय ने जोरदार प्रदर्शन किया। शहर के विभिन्न हिस्सों से जुलूस निकालकर बड़ी संख्या में लोग जिला समाहरणालय पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और वक्फ कानून को लेकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान पर हमला किया जा रहा है, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि अपनी ताकत दिखानी पड़ी, तो वह भी किया जाएगा।

# राम मंदिर की सुरक्षा को चैलेंज किया

## मंदिर न्यास को मेल कर नुकसान पहुंचाने की धमकी दी; अयोध्या में गश्त बढ़ाई गई




अयोध्या, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा को चैलेंज किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास को एक संदिग्ध ईमेल आया है। मंदिर की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई है। शुरुआती जांच में सामने आया कि ईमेल तमिलनाडु से भेजा गया है। अब जिले की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां गंभीरता से जांच कर रही हैं। जन्मभूमि परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बलों की गश्त बढ़ा दी गई है। इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली को और एक्टिव किया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया- यह ईमेल रविवार आधी रात बाद न्यास को मिला है। ईमेल में मंदिर की सुरक्षा को खतरे में डालने की बात लिखी है। सुरक्षा एजेंसियों ने ईमेल की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल इस पर मंदिर न्यास या किसी सुरक्षा एजेंसी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

**तमिलनाडु की साइबर सेल को भी एक्टिव किया**

संदिग्ध ईमेल की सूचना मिलते ही तमिलनाडु की साइबर सेल को भी अलर्ट कर दिया गया है, ताकि ईमेल भेजे जाने की सटीक लोकेशन और इसके पीछे मौजूद शातिर की पहचान की जा सके। बता दें कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से कई बार धमकी मिल चुकी है। खालिस्तानी पन्नू भी कई बार धमकी दे चुका है। अयोध्या पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

# गुजरात में 1800 करोड़ रुपये की 300 किलो ड्रग्स जब्त

*> 190 किमी दूर समुद्र में फेंककर भागे तस्कर > पाकिस्तानी बोट होने की आशंका*

पोरबंदर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात में इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) ने 300 किलो ड्रग्स जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 1,800 करोड़ रुपए बताई जा रही है। जब्त ड्रग्स मेथामफेटामाइन हो सकता है। गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) और कोस्ट गार्ड ने 12-13 अप्रैल की रात ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र से ड्रग्स की खेप को पकड़ा है।



गुजरात एटीएस से मिली जानकारी के बाद कोस्ट गार्ड ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) की ओर सर्च के लिए जहाज भेजा था।

अंधेरे के बीच कोस्ट गार्ड की टीम ने एक बोट को स्पॉट किया। बोट सवारों से पहचान बताने को कहा। इससे घबराए तस्करों ने ड्रग्स को समुद्र में फेंका और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भाग निकले। कोस्ट गार्ड टीम ने समुद्र में फेंकी गई ड्रग्स को रेस्क्यू बोट की मदद से बाहर निकाला। बोट का कनेक्शन पाकिस्तान से होने की आशंका है। फिलहाल जांच के लिए जब्त की गई ड्रग्स को पोरबंदर में एटीएस को सौंप दिया गया है।

गौरतलब है कि गुजरात ड्रग्स तस्करी का अहम रूट बनता जा रहा है। पिछले साल अप्रैल 2024 में भी आईसीजी ने पोरबंदर के पास 86 किलो ड्रग्स (600 करोड़ की कीमत) पकड़ी थी। फरवरी 2024 में नौसेना और एनसीबी ने 3300 किलो ड्रग्स जब्त की थी, जिसकी कीमत 1300 से 2000 करोड़ रुपए थी। इंडियन कोस्ट गार्ड ने 24 नवंबर को अंडमान-निकोबार आइलैंड के पास से 6 हजार किलो की ड्रग्स जब्त की। कोस्ट गार्ड के अधिकारी ने बताया कि पोर्ट ब्लेयर से 150 किलो मीटर दूर बैरेन आइलैंड के पास एक नाव से ड्रग्स के 2-2 किलो के 3 हजार पैकेट मिले थे। नाव में म्यांमार के 6 नागरिक सवार थे। सभी को हिरासत में लिया गया।

कोस्टगार्ड के अधिकारी ने बताया कि कोस्ट गार्ड के डोर्नियर एयरक्राफ्ट के रूटीन पेट्रोलिंग के दौरान पायलट को यह बोट दिखाई दी थी। ड्रग्स स्मगलिंग का शक होने पर पायलट ने बोट के पास पहुंचने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने बोट की रफ्तार बढ़ा दी और भागने की कोशिश करने लगे।

# नागपुर फैक्टरी विस्फोट मामले में सुरक्षा संबंधी खामियां पाई गईं

**तीन के खिलाफ मामला दर्ज**

मुंबई, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। नागपुर में एल्युमीनियम उत्पाद बनाने वाली फैक्टरी में सुरक्षा संबंधी खामियां पाई गई हैं। यहां पिछले हफ्ते हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई थी। फैक्टरी के तीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महाराष्ट्र के नागपुर जिले के उमरेड एमआईडीसी में एमएमपी एल्युमीनियम इंडस्ट्रीज में 11 अप्रैल को विस्फोट हुआ था।

**80 प्रतिशत झुलसे दो अन्य कर्मचारियों की हालत गंभीर**

बताया गया कि पांचों मृतक कर्मचारी नागपुर जिले के निवासी थे। उनकी उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच थी। लगभग 80 प्रतिशत झुलसे दो अन्य कर्मचारियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें बेहतर इलाज के लिए शनिवार को सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। उमरेड़ पुलिस थाने के अधिकारियों ने बताया कि औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य निदेशालय (डीआईएसएच) की एक रिपोर्ट के अनुसार फैक्टरी प्रबंधन कर्मचारियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) उपलब्ध कराने में विफल रहा। इससे कर्मचारियों की जान जोखिम में पड़ी। रिपोर्ट के हवाले से उन्होंने बताया कि हाल ही में कंपनी में शामिल हुए दो कर्मचारियों को साइट पर काम करने की अनुमति देने से पहले कोई सुरक्षा प्रशिक्षण नहीं दिया गया था।

**अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं**

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने रविवार को कंपनी के दो प्रबंधकों और एक सुरक्षा प्रभारी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत), 287 (आग या ज्वलनशील पदार्थ के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण) और 125(बी) (लापरवाही या लापरवाही के कारण दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) के तहत मामला दर्ज किया। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

# डीयू प्रिंसिपल ने क्लास रूम में गोबर का लेप लगाया

*बोलीं-यह रिसर्च प्रोजेक्ट का हिस्सा, कमरे को ठंडा रखने के लिए देसी तरीका अपना रहे*



नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली यूनिवर्सिटी के लक्ष्मीबाई कॉलेज की प्रिंसिपल का क्लास रूम की दीवारों पर गोबर का लेप लगाते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है। प्रिंसिपल प्रत्यूष वत्सला के मुताबिक यह रिसर्च प्रोजेक्ट का हिस्सा है। उन्होंने खुद ही कॉलेज के शिक्षकों के साथ यह वीडियो शेयर किया है। वीडियो में प्रिंसिपल ने बताया कि क्लास रूम को ठंडा रखने के लिए ये देसी तरीके अपनाए जा रहे हैं। इसके बारे में प्रिंसिपल का कह यह एक रिसर्च प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जो कॉलेज के एक फैकल्टी सदस्य की देखरेख में चल रहा है। रिसर्च फिलहाल प्रक्रिया में है और पूरा डेटा एक हफ्ते बाद साझा किया जाएगा। डॉ. वत्सला ने कहा, 'यह रिसर्च कॉलेज के पोर्टा कैबिन्स (एक प्रकार का कमरा) में की जा रही है। मैंने खुद एक कमरे की दीवार पर गोबर लगाया, क्योंकि मिट्टी और गोबर जैसे प्राकृतिक चीजों को छूने में कोई हर्ज नहीं है। कुछ लोग बिना जानकारी के अफवाह फैला रहे हैं।' वीडियो में देखा जा सकता है की प्रिंसिपल दीवारों पर गोबर लगा रही हैं। यहां गर्मियों में क्लास रूम को ठंडा रखने के लिए ये देसी तकनीक अपनाई जा रही है। प्रिंसिपल के अनुसार इस प्रोजेक्ट का नाम 'पारंपरिक भारतीय ज्ञान का उपयोग करके थर्मल स्ट्रेस कंट्रोल का अध्ययन' है। रानी लक्ष्मीबाई कॉलेज दिल्ली के अशोक विहार में है। इसकी स्थापना 1965 में हुई थी। सनातन परंपरा में गोबर को पवित्रता और शुद्धता का प्रतीक माना गया है। किसी भी धार्मिक आयोजन से पहले घर के आंगन को गोबर से लीपा जाता था।

## डॉक्टर ने चरित्र पर शक की वजह से प्रोफेसर पत्नी की हत्या की साजिश रची

नागपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पुलिस ने नागपुर में एक महिला डॉक्टर की हत्या के मामले को सुलझा लिया है। जांच के दौरान पुलिस को चौंकाने वाले तथ्यों का पता चला। पुलिस ने महिला डॉक्टर के पति और देवर को गिरफ्तार किया है। महिला का पति भी डॉक्टर है। आरोपी ने घटना को डकैती साबित करने की साजिश रची थी। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस वारदात को महिला के चरित्र पर संदेह और रायपुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ाने वाले पति डॉ. अनिल राहुले के बीच बहस के कारण अंजाम दिया गया। पुलिस के मुताबिक, डॉ. राहुले ने कथित तौर पर अपनी पत्नी डॉ. अर्चना की हत्या की साजिश रची। भाई राजू राहुले ने 9 अप्रैल को लोहे की रॉड से उसका सिर कुचल दिया।

# मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी मोदी सरकार की कूटनीति का कमाल : अर्जुन राम मेघवाल

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय राज्य कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी को 'केंद्र सरकार की कूटनीति का कमाल' बताया है। वहीं, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और बीजेपी सांसद बृजलाल ने इस गिरफ्तारी को मोदी सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का नतीजा बताया।



मेघवाल ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफल विदेश नीति और कूटनीति का परिणाम है। हमारी सरकार ने तहव्वुर राणा को भारत लाने में कामयाबी हासिल की और अब चोकसी को भी वापस लाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। यह भारत के लिए गर्व की बात है। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने ये बातें नई दिल्ली में डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बाबा साहेब को याद किया। उन्होंने कहा, आज बाबा साहेब की 135वीं जयंती है। संविधान निर्माता और भारत रत्न बाबा साहेब ने देश को एकता और समानता की नींव दी। उन्होंने बताया कि पिछले साल डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस में बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन हरिवंश नारायण सिंह ने किया था। यह प्रतिमा न केवल विभाग को सुशोभित करती है, बल्कि राहगीरों को भी प्रेरित करती है। हमने स्वच्छता और संविधान जागरूकता जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जैसे 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान'। इस स्थान का महत्व भविष्य में और बढ़ेगा।

मुर्शिदाबाद हिंसा को दुखद बताते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ममता जी का कहना कि वक्फ अधिनियम लागू नहीं होगा, गलत है। संसद द्वारा पारित कानून पूरे देश में लागू होता है। अगर उन्हें कोई दिक्कत है, तो नियम बनाते समय सुझाव दे सकती थीं। मेघवाल ने बताया कि केंद्र सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है और सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर, जिसमें राज्यपालों को बिलों पर तीन महीने में फैसला लेने का निर्देश दिया गया, मेघवाल ने कहा कि सरकार इसकी समीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही इस पर विचार-विमर्श करेंगे।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने चोकसी की गिरफ्तारी को मोदी सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार और भगोड़ों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर चलती है। चोकसी ने देश के गरीबों का पैसा लूटा, लेकिन अब वह बच नहीं पाएगा। सरकार उसे जल्द भारत लाने की कोशिश कर रही है।

# जेल में आत्महत्या करने वाले दुष्कर्म-हत्या के आरोपी को लेकर नया खुलासा; कोठरी में मिली डायरी

ठाणे, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। जेल में आत्महत्या करने वाले नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जांच में जुटी टीम ने तलोजा जेल की कोठरी से एक डायरी बरामद की है, जिसमें उसने कथित तौर पर लिखा है कि वह अवसाद से ग्रस्त था और अपनी आत्महत्या के लिए किसी को दोषी नहीं ठहराता है। तनाव की वजह से उसने श्यह कदम उठाया है।

आरोपी विशाल गवली (35) पर पिछले साल दिसंबर में महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण शहर में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और हत्या का आरोप था। पुलिस ने पहले बताया था कि वह रविवार की सुबह पड़ोसी नवी मुंबई में तलोजा सेंट्रल जेल के शौचालय में लटका हुआ मिला। खारघर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि अधिकारियों को गवली की कोठरी में एक डायरी मिली है, जिसमें उसने कथित तौर पर लिखा है कि वह अवसादग्रस्त था, क्योंकि उसकी पत्नी (मामले में सह-आरोपी) उससे बच रही थी और उस पर विश्वास नहीं कर रही थी।

इससे पहले रविवार को गवली की मौत के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पड़ोसी मुंबई के सरकारी जे जे अस्पताल भेज दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, रविवार देर रात कड़ी सुरक्षा के बीच और उनके परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में विट्ठल वाडी स्थित श्मशान घाट पर उसका अंतिम संस्कार किया गया। गवली के वकील संजय ढाकने ने रविवार को कहा कि उन्हें और मृतक के परिजनों को संदेह है कि उसकी मौत में कोई साजिश है।

**12 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म और हत्या का आरोप**

गवली पर दिसंबर 2024 में महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण इलाके में 12 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म और हत्या का आरोप है। इस घटना से इलाके में आक्रोश फैल गया था। लोगों ने अपराधियों के लिए त्वरित और कड़ी सजा की मांग की थी। अधिकारियों ने पहले बताया था कि बच्ची 24 दिसंबर को कोलसेवाड़ी इलाके से लापता हो गई थी और बाद में उसका शव ठाणे ग्रामीण पुलिस क्षेत्राधिकार के पडघा के बापगांव गांव में मिला था।

**948 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया गया था**

कोलसेवाड़ी पुलिस की ओर से की गई जांच में गवली और उसकी पत्नी साक्षी को फिरौती के लिए अपहरण, दुष्कर्म, हत्या, सबूतों को गायब करने का आरोपी बनाया गया। इसके अलावा दोनों को भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत अन्य अपराधों के आरोप में गिरफ्तार किया गया। कल्याण पुलिस ने इस साल फरवरी में दंपति के खिलाफ 948 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया था।

# भारत को मिला स्टार वॉर्स जैसा स्वदेशी लेजर वेपन

**5 किमी ऊपर उड़ रहे ड्रोन को चंद सेकंड्स में जलाएगा, सिग्नल भी जाम करेगा**



कुरनूल, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने 30-किलोवॉट लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (डीईडब्ल्यू) एमके-II (ए) सिस्टम परीक्षण किया है, जो दुश्मन के फिक्स्ड-विंग ड्रोन, स्वार्म ड्रोन, मिसाइल और जासूसी सेंसर को कुछ ही सेकंड में राख कर सकता है। इसके साथ ही भारत भी उन देशों में शामिल हो गया है, जिसके पास यह पावरफुल लेजर वेपन सिस्टम है। अभी तक यह सिस्टम केवल अमेरिका, चीन, इजरायल और रूस जैसे देशों के पास था। आंध्र प्रदेश के कुरनूल में बने नेशनल ओपन एयर रेंज में (एनओएआर) पर लेजर बेस्ड वेपन सिस्टम का यह परीक्षण किया गया। डीआरडीओ के चेयरमैन समीर वी कामत ने कहा कि यह केवल शुरुआत है। डीआरडीओ कई तकनीकों पर काम कर रहा है, जो हमें स्टार वार्स की क्षमता प्रदान करेगी।

**लेजर सिस्टम कैसे काम करता है**

डीआरडीओ के हाई-एनर्जी सिस्टम्स सेंटर चेस ने इसे डिजाइन और डेवलप किया है। इसमें एलआरडीई, आईआरडीई, डीएलआरएल और देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थान और इंडस्ट्रीज भी शामिल रहीं।

सिस्टम ने अपने पूरे स्पेक्ट्रम में प्रदर्शन किया। डीईडब्ल्यू ने ड्रोन को गिराया, निगरानी एंटीना को जला दिया और दुश्मन के सेंसर को ब्लाइंड कर दिया। जब किसी लक्ष्य का पता रडार या इसकी इनबिल्ट इलेक्ट्रो ऑप्टिक (ईओ) सिस्टम लगाता है, तो डीईडब्ल्यू लाइट की स्पीड से उस पर हमला करता और लेजर बीम से उसे काट सकता है। जिससे ऑब्जेक्ट काम करना बंद कर सकता है। अगर लेजर बीम वारहेड को निशाना बनाती है तो असरदार नतीजे मिल सकते हैं।

**यह भारतीय सेना के लिए फायदेमंद कैसे है**

इस सिस्टम की खासियत है कि इसमें कोई गोला-बारूद नहीं, कोई रॉकेट इस्तेमाल नहीं करना होगा, सिर्फ लाइट से अटैक होगा। यह ड्रोन हमलों की भीड़ (स्वार्म) को एक साथ नष्ट कर सकता है। साइलेंट ऑपरेशन, यानी बिना आवाज, बिना धुएं के टारगेट को खत्म करेगा। युद्ध के मैदान में फास्ट रिस्पॉन्स और लो मेंटेनेंस सिस्टम, यानी एक-दो लीटर पेट्रोल के दाम से भी कम खर्च में ऑपरेट किया जा सकता है।

# परिवार के आशीर्वाद से राजनीति में रखूंगा कदम : रॉबर्ट वाड्रा



नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा ने राजनीति में शामिल होने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को लगता है कि उन्हें यह कदम उठाना चाहिए, तो वह अपने परिवार के आशीर्वाद से यह कदम उठाएंगे।

सोमवार को एएनआई से खास बातचीत में वाड्रा ने कहा कि राजनीति से उनका जुड़ाव काफी हद तक गांधी परिवार से उनके जुड़ाव के कारण है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में कई राजनीतिक दलों ने उन्हें राजनीतिक चर्चाओं में खींचने की कोशिश की है और अक्सर चुनाव या अन्य मुद्दों के दौरान उनके नाम का इस्तेमाल ध्यान भटकाने के लिए किया जाता है। वाड्रा ने कहा, मेरा राजनीति से जुड़ाव सिर्फ इसलिए है क्योंकि मैं गांधी परिवार का सदस्य हूं। लेकिन मैं यह भी कहूंगा कि पिछले कई सालों में कई पार्टियों ने मेरे नाम का इस्तेमाल किया है और हमेशा मुझे राजनीति में खींच लिया है क्योंकि हर बार चुनाव आते हैं, उन्हें मेरा नाम याद आता है। हर बार जब उनके पास कोई मुद्दा होता है जिससे वे ध्यान भटकाना चाहते हैं, तो उन्हें मेरा नाम याद आता है। वाड्रा ने कहा कि यह अक्सर राजनीतिक प्रतिशोध की तरह लगता है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार, खास तौर पर उनकी पत्नी प्रियंका और बहनोई राहुल गांधी, सीखने का एक बड़ा स्रोत रहे हैं और वे संसद में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मैं चाहूंगा कि प्रियंका पहले संसद में हों और अब वह हैं और वह बहुत मेहनत कर रही हैं।

# मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ समेत 22 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

*> राजस्थान में हीटवेव की आशंका > 46 डिग्री के पार जा सकता है पारा*

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। मौसम विभाग ने सोमवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत 22 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। झारखंड के कुछ इलाकों में ओले भी गिर सकते हैं, जबकि ओडिशा में बिजली गिरने की आशंका है। राजस्थान-तेलंगाना के कुछ इलाकों में हीटवेव और गुजरात में उमस भरी गर्मी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस हफ्ते पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और जम्मू एवं कश्मीर के तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, सोमवार से राजस्थान के पश्चिमी जिलों में हीटवेव का नया दौर शुरू होगा।



इससे तापमान में 4 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। जोधपुर, बीकानेर और शेखावाटी संभाग में भीषण लू चलने की आशंका है। इस दौरान पाकिस्तान बॉर्डर के लगे इलाकों में तापमान 46 डिग्री तक जा सकता है। दिल्ली-एनसीआर के लोगों को फिर से 40 डिग्री की गर्मी का सामना करना होगा। बीते दिनों आंधी-बारिश से तापमान गिर गया था। सोमवार को तापमान 39 डिग्री के आसपास रहेगा, जबकि मंगलवार को 40 डिग्री के पार पहुंच जाएगा। 16 से 18 अप्रैल तक दिल्ली-एनसीआर में भीषण गर्मी हो सकती है। मौसम विभाग ने इन तीन दिनों के लिए हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तापमान 41 डिग्री तक रह सकता है।

**दिल्ली में 15 साल में दूसरी बार अप्रैल में लू**

मौसम विभाग के अनुसार, बीते 15 साल में यह दूसरा मौका है जब अप्रैल में ही दिल्ली के लोग लू का सामना कर रहे हैं। दिल्ली में साल 2011 के बाद 2022 में 8 से 11 अप्रैल तक लू चली थी। इस बार दिल्ली-एनसीआर में अप्रैल में लोगों को भयंकर गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर है या सामान्य से 4.5 डिग्री ज्यादा है तो उसे लू की स्थिति माना जाता है। सामान्य से 6.5 डिग्री ज्यादा तापमान होने पर गंभीर लू की स्थिति (सीवियर हीटवेव) मानी जाती है। अभी तक अधिकतम तापमान कई बार सामान्य से 4.5 डिग्री से ऊपर जा चुका है।

# जब सोनिया और खरगे के लिए किरेन रिजिजू ने छोड़ी कुर्सी

*मंच पर हंसी-ठहाके लगाते दिखे मेघवाल और राहुल*



नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बाबासाहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, पीयूष गोयल, लोकसभा सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य नेता भी प्रेरणा स्थल पर पहुंचे। इस बीच मंच पर एक बेहतरीन दृश्य देखने को मिला। संसद या बाहर सियासी पिच एक-दूसरे पर वार-पलटवार करने वाले सत्ता और विपक्ष के लोग एक मंच पर दिखाई दिए। इस दौरान उनका एक-दूसरे के प्रति सम्मान और हंसी-ठहाकों वाली चर्चाएं देखते ही बनती है। दरअसल, कार्यक्रम में सोनिया, राहुल और खरगे जब मंच पर पहुंचे तो केंद्रीय मंत्री रिजिजू और मेघवाल ने मंच पर उनका स्वागत किया। इस दौरान मेघवाल ने खरगे और राहुल के साथ कुछ बातचीत की और ठहाके लगाते हुए दिखाई दिए। इस दौरान रिजिजू ने सानिया गांधी से बात की। इसके बाद रिजिजू ने सोनिया और खरगे को कुर्सी पर बैठने का आमंत्रण दिया। उन्होंने खुद को पीछे करते हुए सोनिया गांधी से विराजमान होने को कहा। इसके बाद रिजिजू ने राहुल से हाथ मिलाया और उन्हें भी अपना स्थान ग्रहण करने को कहा।


स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 15 अप्रैल - 2025

# जातियों पर सियासी घमासान

कर्नाटक में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट सार्वजनिक होने से पहले ही सियासी तूफान उठ खड़ा हुआ है। संभावित आंकड़ों के लीक होने के बाद दो प्रभावशाली समुदायों वोक्कालिगा और लिंगायतों में खलबली मची है। सीएम सिद्दारमैया की ओर से इस रिपोर्ट को जारी करने को लेकर 17 अप्रैल को बुलाई गई कैबिनेट बैठक अब उनकी सरकार के राजनीतिक अस्तित्व और प्रभाव के लिए गले की हड्डी बन चुकी है। लीक रिपोर्ट के अनुसार, मुसलमानों को राज्य की सबसे बड़ी आबादी माना गया है। इसके बाद अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का नंबर आता है। वोक्कालिगा और लिंगायत जैसी पारंपरिक रूप से प्रभावशाली मानी जाने वाली जातियां जनसंख्या के लिहाज से अब पीछे हैं। ऐसे में इन आंकड़ों ने न केवल सत्ताधारी कांग्रेस के भीतर दरार की आशंकाएं बढ़ा दी हैं, बल्कि बीजेपी को भी हमला करने का एक नया हथियार थमा दिया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और राहुल गांधी जैसे नेता इस रिपोर्ट को सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम मान सकते हैं। लेकिन डिप्टी सीएम और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार, जो स्वयं वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं, उनके लिए यह रिपोर्ट सियासी सिरदर्द बन चुका है। अगर जातीय आधार ही कमजोर पड़ता दिखे, तो उनका राजनीतिक कद भी खतरे में पड़ सकता है। कर्नाटक के उद्योग मंत्री एमबी पाटिल लिंगायत समुदाय से आते हैं, जाति जनगणना को नकारते हुए कहते हैं कि उनके बिरादरी की वास्तविक आबादी 1 करोड़ से अधिक है, जबकि रिपोर्ट में यह काफी कम बताई गई है। रिपोर्ट में कुल आरक्षण को मौजूदा 50% से बढ़ाकर 73.5% करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें एससी के लिए 15% और एसटी के लिए 7.5% आरक्षण शामिल है। कैटेगरी III(ए) में वोक्कालिगा और दो अन्य समुदाय शामिल हैं, जिनकी आबादी 73 लाख बताई गई है और उन्हें 7% आरक्षण दिया गया है। वहीं, कैटेगरी III(बी) में लिंगायत समुदाय और पांच दूसरे समुदायों को जगह दी गई है, जिनकी जनसंख्या 81.3 लाख है और उन्हें 8% आरक्षण दिया गया है। इन आंकड़ों में स्पष्टता की कमी और समुदायों के विभाजन के तरीके ने आरक्षण नीति को और जटिल बना दिया है। ये आंकड़े जहां कुछ समुदायों के लिए बहुत बड़ी राहत लेकर आए हैं, वहीं प्रभावशाली जातियों में असंतोष और राजनीतिक बेचैनी बढ़ा रहे हैं। बीजेपी के नेता आर अशोक ने इसे 'संख्याओं की हेराफेरी' बताते हुए कहा कि मुसलमानों को 'बहुसंख्यक' बताने की कोशिश सीधे-सीधे कांग्रेस पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति का नतीजा है। दूसरी तरफ, वोक्कालिगा संघ और वीरशैव महासभा जैसे प्रभावशाली संगठन सरकार को चेतावनी दे चुके हैं कि अगर यह रिपोर्ट सार्वजनिक की गई, तो वे विरोध का रास्ता अपनाएंगे। 16 अप्रैल को बेंगलुरु में लिंगायत और वोक्कालिगा मठों के प्रमुखों की बैठक में अगली रणनीति तय की जाएगी। कांग्रेस के लिए यह मामला दोधारी तलवार की तरह बनता जा रहा है। एक ओर, अगर वह इस रिपोर्ट को लागू करती है, तो उसे सामाजिक न्याय के पैरोकार के रूप में समर्थन मिल सकता है, खासकर आरक्षित वर्ग और मुस्लिमों से। लोकसभा में नेता विपक्ष और पार्टी सांसद राहुल गांधी की राजनीति आज इसी दिशा में बढ़ भी रही है। दूसरी ओर, अगर उसने प्रभावशाली जातियों को नाराज किया, तो इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। गौर करने वाली बात है कि कर्नाटक में टिकट वितरण से लेकर मंत्रिमंडल गठन और मुख्यमंत्री पद के दावेदारी भी जातिगत पृष्ठभूमि से ही तय होती है। ऐसे में अगर जातीय संतुलन बिगड़ता है, तो पार्टी में आंतरिक संघर्ष और विद्रोह की स्थिति पैदा हो सकती है। ऐसे में राहुल गांधी की सारी कवायद पर ही पानी फिर सकता है। कुल मिलाकर, कांग्रेस एक ऐसा दांव चलने की तैयारी में है जो फिलहाल तो 'साहसिक' दिखता है, लेकिन आने वाले समय में यह 'बैकफायर' भी कर सकता है।

# चुनाव की तैयारी में मायावती कर रही हैं बदलाव



अशोक भाटिया

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी में वापस लेने का फैसला लिया है। आकाश के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक तौर से माफी मांगने पर बुआ मायावती भतीजे पर पिघल गई हैं। उन्होंने आकाश को माफ कर दिया है यानी अब आकाश आनंद की पार्टी में वापसी का रास्ता साफ हो गया है। उनका निष्कासन मायावती ने रद्द कर दिया है। आज संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती है और ऐसे में एक बार फिर आकाश आनंद अपनी बुआ के साथ मंच साझा करते हुए नजर आ सकते हैं। हालांकि मायावती अपने एक फैसले पर अडिग हैं और किसी भी कीमत पर आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी में वापस नहीं ले रही हैं। बसमाजवादी पार्टी सुप्रीमो ने कहा है कि अशोक की गलतियां अक्षम्य हैं, इसलिए उन्हें पार्टी में वापस लेने का सवाल ही पैदा नहीं होता। बता दें कि बसमाजवादी पार्टी सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और अपनी बुआ मायावती से माफी मांगी थी। बता दें कि बीती 3 मार्च को आकाश आनंद को बहिनजी ने पार्टी से निष्काषित किया था। बसमाजवादी पार्टी सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने पोस्ट किया था किबसमाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की चार बार रही मुख्यमंत्री और लोकसभा व राज्यसभा की भी कई बार सांसद रहीं मायावती को मैं अपना दिल से एकमात्र राजनीति गुरु और आदर्श मानता हूं। आज मैं प्रण लेता हूं कि बहुजन समाज पार्टी के हित में अपने रिश्ते नातों को और खासकर अपने ससुराल वालों को कतई भी बाधा नहीं बनने दूंगा। यही नहीं बल्कि कुछ दिनों पहले किए गए अपने ट्वीट के लिए भी माफी मांगता हूं, जिसकी वजह से बहन जी ने मुझे पार्टी से निकाल दिया है। आगे से इस बात को सुनिश्चित करूंगा कि मैं अपने किसी भी राजनीतिक फैसले के लिए किसी भी नाते रिश्तेदार और सलाहकार की कोई सलाह मशविरा नहीं लूंगा और सिर्फ बहन जी के दिए दिशा निर्देशों का ही पालन करूंगा। पार्टी में अपने से बड़ों की और पुराने लोगों के भी पूरी इज्जत करुंगा और उनके अनुभवों से भी काफी कुछ सीखूंगा। बहन जी से अपील है कि वह मेरी सभी गलतियों को माफ करके मुझे फिर से पार्टी में कार्य करने का मौका दें। इसके लिए मैं सदैव उनके आभारी रहूंगा, साथ ही अब मैं ऐसी कोई भी गलती नहीं करूंगा जिससे पार्टी और बहन जी के आत्म सम्मान व स्वाभिमान को ठेस पहुंचे। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश की सियासत में हाशिए पर खड़ी बसमाजवादी पार्टी को मायावती 2027 के पहले एक्टिव होने की तैयारी में जुटी हैं। मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद और उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ को बसमाजवादी पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने के बाद लगातार एक नए सियासी तेवर में नजर आ रही हैं। बसमाजवादी पार्टी प्रमुख इन दिनों मुस्लिमों से जुड़े हुए मुद्दों को मुखर होकर उठा रही हैं औरभाजपा को कठघरे में खड़ा कर रही हैं। इस तरह से बसमाजवादी पार्टी लगातार राजनीतिक चर्चाओं में बनी हुई है तो मायावती के बदले हुए तेवर के सियासी मायने निकाले जाने लगे हैं? बसमाजवादी पार्टी का चुनाव दर चुनाव आधार सिमटता जा रहा है। बसमाजवादी पार्टी 2024 में खाता नहीं खोल सकी और 2022 केउत्तरप्रदेश चुनाव में सिर्फ एक सीट ही जीत सकी थी। बसमाजवादी पार्टी का वोट शेयर 9.39 फीसदी पर आ गया है। बसमाजवादी पार्टी अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है और पार्टी का गैर-जाटव दलित वोट पहले ही पार्टी से खिसक गया और अब जाटव वोट में भी सेंध लग गई है। ऐसे में मायावती के लिए बसमाजवादी पार्टी के सियासी वजूद को बचाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है और 2027 के विधानसभा चुनाव उभरने की कवायद में है, जिसके लिए सियासी तानाबाना बुना जाने लगा है। चुनाव के मद्देनजर मायावती ने हर मंडल में अब चार कोऑर्डिनेटर नियुक्त कर दिए हैं तो साथ ही दो जिला और दो विधानसभा प्रभारी भी बनाए हैं। मायावती ने बसमाजवादी पार्टी नेताओं से कहा है कि मंडल स्तर पर संगठन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के साथ मुस्लिमों को जोड़ने के मिशन में जुटे। मायावती इसी सियासी कॉम्बिनेशन के साथ 2007 में बहुमत के साथ सरकार बनाने में कामयाब रहीं थी और अब फिर से उसी फॉर्मूले पर काम कर रही हैं। सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा था कि इस समय रमज़ान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है, जिसे मद्देनज़र रखते हुये सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए तो यह सभी के हित में होगा। अर्थात इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी। सम्भल की तरह अधिकारियों का गलत इस्तेमाल करना ठीक नहीं तथा इनको कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बसमाजवादी पार्टी आज कांशीराम जयंती का कार्यक्रम लखनऊ और नोएडा में मनाएगी। मेरठ मंडल के जिलों में पार्टी के लोग नोएडा में कांशीराम जयंती मनाएंगे जबकि लखनऊ मंडल के पार्टी नेता लखनऊ के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके अलावा अन्य जिलों में भी पार्टी नेता कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। इस तरह से कांशीराम की जयंती से बसमाजवादी पार्टी मिशन-2027 का आगाज माना जा रही है।मायावती ने साफ निर्देश दिए हैं कि अगले 6 महीने में पार्टी संगठन को न सिर्फ नए सिरे से खड़ा करना है, बल्कि इसे मजबूत करना है। बसमाजवादी पार्टी के कैडर कैंप की बैठकें लगातार जारी है।उत्तरप्रदेश के सभी प्रभारी अपने-अपने जोन की बैठकें कर रहे हैं, ये बैठकें जिला स्तर पर हो रही हैं। इसी बैठक में 2027 के लिए प्रत्याशी का चयन भी किया जा रहा है। देखा जा रहा है कि मायावती पिछले दस दिनों से लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। पहले उन्होंने अपने भतीजे और उत्तराधिकारी आकाश आनंद को पार्टी से निष्कासित किया तो उसके बाद लगातार अपने ट्वीट से चर्चा में हैं। बसमाजवादी पार्टी सुप्रीमो मायावती ने पिछले दिनों रमजान में मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतारे जाने की कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी। मायावती ने कहा था कि भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश हैं। ऐसे में केन्द्र व राज्य सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों के मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, लेकिन अब मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है, यह न्यायसंगत नहीं। मायावती ने ट्वीट कर कहा कि उत्तराखण्ड सरकार की ओर से पहले कुछ मजारों और धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किए जाने के बाद अब राजधानी देहरादून में 11 प्राइवेट मदरसों को सील किए जाने की ख़बर की चर्चा। सरकार धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने वाली ऐसी द्वेषपूर्ण और गैर सेक्युलर कार्रवाईयों से जरूर बचे। इस तरह से मायावती मुसमलानों के मुद्दे पर खुलकर बोल रही हैं औरभाजपा को आड़े हाथों ले रही हैं। बसमाजवादी पार्टी प्रमुख मायावती के जमीनी स्तर पर सक्रिय न होने का सियासी लाभ 2022 के चुनाव में समाजवादी पार्टी को मिला था तो 2024 में समाजवादी पार्टी -कांग्रेस गठबंधन के पक्ष में गया था। दलित समाज का बड़ा झुकाव इंडिया गठबंधन के साथ रहा, जिसका नतीजा रहा कि बसमाजवादी पार्टी का खाता नहीं खुला। समाजवादी पार्टी में हुए उथल-पुथल और मायावती की सक्रियता 2027 के चुनाव से जोड़कर देखी जा रही है।मायावती नेआकाश आनंद की जगह रामजी गौतम और रणधीर बेनीवाल को नेशनल कॉआर्डिनेटर नियुक्त किया था। रामजी गौतम 2020 मेंभाजपा की मदद से ही राज्यसभा सदस्य चुने गए थे। उस समय विधानसभा में बसमाजवादी पार्टी के केवल 19 सदस्य थे, जो राज्यसभा की सीट हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं थे। तब भाजपा ने अपने अतिरिक्त वोट रामजी गौतम को हस्तांतरित कर दिए थे।

# आठवें वेतन आयोग के गठन में विलंब क्यों



बलदेव राज भारतीय

जनवरी 2025 में जब केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की, तो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। यह घोषणा उनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं थी, क्योंकि वेतन आयोग का गठन न केवल उनकी आय को बढ़ाने का वादा करता है, बल्कि उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और महंगाई के दबाव को कम करने का भी एक अवसर प्रदान करता है। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह उत्साह धीरे-धीरे निराशा और बेचैनी में बदलने लगा। अप्रैल 2025 भी आधा बीत गया, मगर अभी तक न तो वेतन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की गई है, न ही इसका कोई अध्यक्ष घोषित किया गया है, और न ही इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए जनता या विशेषज्ञों से सुझाव मांगे गए हैं। यह देरी न केवल कर्मचारियों की उम्मीदों पर खरा उतरने में बाधा बन रही है, बल्कि यह सवाल भी उठा रही है कि क्या सरकार इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को समय रहते पूरा कर पाएगी। वेतन आयोग भारत में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, भत्तों और अन्य सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए गठित किया जाता है। यह प्रक्रिया स्वतन्त्रता के बाद से नियमित रूप से चली आ रही है, जिसमें हर दस साल में एक नया वेतन आयोग गठित किया जाता है। सातवें वेतन आयोग, जिसका गठन फरवरी 2014 में हुआ था, ने अपनी सिफारिशें नवंबर 2015 तक दे दी थी। जिससे सातवां वेतन आयोग जनवरी 2016 से अपने समय पर लागू हो गया था। अब आठवां वेतन आयोग जिसको जनवरी 2026 से लागू किया जाना है, के गठन की घोषणा हुए भी चार महीने बीतने को हुए, परन्तु अभी तक सरकार द्वारा घोषणा के अतिरिक्त अन्य कोई कदम इस दिशा में नहीं उठाया गया। आठवां वेतन आयोग जिससे अपेक्षा की जा रही है कि वो न केवल वेतन संरचना में बदलाव लाएगा, बल्कि महंगाई, जीवन यापन की लागत और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों के लिए एक नया ढांचा तैयार करेगा। आठवें वेतन आयोग की घोषणा के साथ ही कर्मचारी संगठनों ने इसे एक स्वर्णिम अवसर के रूप में देखा। बढ़ती महंगाई, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की लागत ने कर्मचारियों के मासिक बजट पर भारी दबाव डाला है। विशेष रूप से मध्यम और निम्न वेतन वर्ग के कर्मचारियों के लिए यह वेतन वृद्धि किसी वरदान से कम नहीं होगी। लेकिन इस प्रक्रिया में हो रही देरी उनकी उम्मीदों पर अनिश्चितता की काली घटाओं की तरह मंडरा रही है। आठवें वेतन आयोग के गठन में देरी के कई संभावित कारण हो सकते हैं। सबसे पहले, सरकार को इस आयोग के लिए उपयुक्त अध्यक्ष और सदस्यों का चयन करना होगा, जो न केवल अनुभवी हों, बल्कि विभिन्न हितधारकों के बीच संतुलन बनाए रखने में सक्षम हों। दूसरा, आर्थिक स्थिति भी इस देरी का एक कारण हो सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था हाल के वर्षों में कई चुनौतियों से गुजरी है, जिसमें वैश्विक मंदी, महामारी के प्रभाव और मुद्रास्फीति शामिल हैं। वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने में सरकार को भारी वित्तीय बोझ उठाना पड़ता है, और संभवतः सरकार इस प्रक्रिया को शुरू करने से पहले अपनी आर्थिक स्थिति का आकलन कर रही है। तीसरा, वेतन आयोग की प्रक्रिया में समय लगना स्वाभाविक है। आयोग को न केवल वेतन संरचना की समीक्षा करनी होती है, बल्कि विभिन्न कर्मचारी संगठनों, विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से सुझाव लेने, डेटा विश्लेषण करने और फिर अपनी सिफारिशें तैयार करने में भी महीनों लग सकते हैं। इसके बाद सरकार को इन सिफारिशों की समीक्षा करनी होती है, जिसमें कई बार संशोधन और कटौती भी शामिल होती है। यह पूरी प्रक्रिया इतनी जटिल है कि यदि वेतन आयोग का काम समय पर शुरू न हो, तो जनवरी 2026 तक इसे लागू करना मुश्किल हो सकता है। कर्मचारी संगठनों ने इस देरी पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि सरकार ने घोषणा तो कर दी, लेकिन उसका कोई ठोस रोडमैप सामने नहीं आया है। कई संगठनों ने मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द आयोग के सदस्यों की घोषणा करे और इस प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से शुरू करे। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि अगर देरी और बढ़ी, तो उनकी वित्तीय स्थिति और खराब हो सकती है, क्योंकि महंगाई का दबाव लगातार बढ़ रहा है। आठवां वेतन आयोग न केवल कर्मचारियों के लिए, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। सरकारी कर्मचारी देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और उनकी खर्च करने की क्षमता बाजार को गति देती है। वेतन वृद्धि से न केवल उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, बल्कि इससे उपभोक्ता मांग में भी वृद्धि होगी, जो अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा, वेतन आयोग का गठन कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने और उनकी कार्यक्षमता में सुधार लाने में भी मदद करता है। यह आयोग विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों की विशिष्ट जरूरतों को भी ध्यान में रखता है। उदाहरण के लिए, रक्षा कर्मियों, रेलवे कर्मचारियों, शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों की अलग-अलग चुनौतियां होती हैं, और वेतन आयोग इन सभी पहलुओं पर विचार करता है। इसके अलावा, पेंशनभोगियों के लिए भी यह आयोग महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनकी आय को भी महंगाई के अनुरूप समायोजित करने की आवश्यकता होती है। यदि आठवें वेतन आयोग के गठन में और देरी होती है, तो इसके कई नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। सबसे पहले, कर्मचारियों का सरकार के प्रति विश्वास कम हो सकता है। दूसरा, यह देरी कर्मचारियों की वित्तीय योजनाओं को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि कई कर्मचारी इस वेतन वृद्धि के आधार पर अपने भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। तीसरा, अगर आयोग को अपनी सिफारिशें तैयार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता, तो उसकी गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है, जिससे कर्मचारियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिलेगा।

इसके अलावा, देरी से सरकार पर भी दबाव बढ़ेगा। यह सरकार की छवि को प्रभावित करेगा। इससे कर्मचारियों का विश्वास प्रभावित होगा जिससे उनकी कार्य के प्रति अभिरुचि पर प्रभाव पड़ सकता है। आठवें वेतन आयोग को समय पर लागू करने के लिए सरकार को तत्काल कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले, आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया को तेज करना होगा। इसके लिए सरकार को अनुभवी और निष्पक्ष व्यक्तियों का चयन करना चाहिए, जो इस जटिल प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक संचालित कर सकें। दूसरा, सरकार को कर्मचारी संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ संवाद शुरू करना चाहिए, ताकि उनकी मांगों और सुझावों को प्रक्रिया के शुरुआती चरण में ही शामिल किया जा सके।

# बाबूजी की बकरी का बजट



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

बाबूजी हमेशा कहा करते थे- बकरी पालो, गाय-भैंस से बेहतर रहती है। घर में चाय के खर्चे से लेकर सरकार के बजट तक सब कुछ बकरी की तर्ज पर ही चलता था। सरकार चाहे पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था का सपना देखे, मगर बाबूजी की बकरी से बड़ी कोई योजना नहीं थी। गाँव के चौपाल पर जब भी बहस छिड़ती, बाबूजी तर्क देते- देखो भैया, ये सरकार बजट बनाती है, और हम उसकी बकरी बना देते हैं। बकरी की देखभाल में ऐसा समर्पण था कि सरकार भी उनसे सीख सकती थी। हर बजट सत्र में बाबूजी की आँखें वित्त मंत्री पर नहीं, अपनी बकरी पर टिकी होतीं। इस बार चारे का दाम बढ़ा तो मैं भी सब्सिडी मांगूंगा, वो घोषणा कर देते। गाँव के लोग उनकी बातें सुनते और सिर हिलाते-बाबूजी, आप मंत्री क्यों नहीं बन गए? इस पर उनका जवाब हमेशा तैयार रहता-मंत्री तो बन जाऊँ, मगर तब मेरी बकरी कौन पालेगा? बकरी का नाम था- रुपैया। और नाम की तरह ही इसकी इज्जत भी थी। जब गाँव में दूध महँगा हुआ तो बाबूजी ने घोषणा की-अब से हमारी बकरी को भी जीएसटी लागू होगा! हर शाम जब दूध दुहते, तो बकरी के कान में फुसफुसाते-तेरा भी टैक्स बढ़ सकता है, सरकार से बच के रहना! गाँव में बकरी को लेकर ऐसा माहौल था कि कुछ लोग उसे वोट तक देने को तैयार थे। गाँव के नेताजी जब चुनाव प्रचार करने आए तो बाबूजी बोले-बकरी के चारे का दाम कम करवा दो, वोट पक्के! नेताजी ने मुस्कुराकर कहा-बाबूजी, ये चुनावी मुद्दा नहीं है। इस पर बाबूजी ने अपना जुमला दाग दिया-तो फिर वोट भी चुनावी नहीं होगा! नेताजी समझ गए कि इस गाँव में बिना बकरी पॉलिटिक्स नहीं चलेगी। फिर बजट आया। महँगाई बढ़ गई। बाबूजी का गुस्सा सातवें आसमान पर था। बकरी को संबोधित करके बोले-अबे रुपैया, तेरा भी हाल आम आदमी जैसा हो गया। तुझे भी महँगाई काट रही है! गाँव वालों को ये बजट भाषण ज्यादा समझ आता था। किसी ने पूछा- बाबूजी, इस बार क्या करेंगे? उन्होंने जवाब दिया-अबकी बार बकरी के लिए मनरेगा में नौकरी माँगूंगा। एक दिन बकरी बीमार हो गई। डॉक्टर ने कहा-अच्छी खुराक दो, नहीं तो चली जाएगी। बाबूजी हंसकर बोले-डॉक्टर साहब, ये सरकारी कर्मचारी नहीं है जो पेंशन लेकर जाएगी! पूरे गाँव में बकरी की बीमारी पर शोक सभा होने लगी। कोई कहता- रुपैया का जाना गाँव की अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक है। बाबूजी ठंडी सांस भरकर बोले-अब रुपैया हमारे पास नहीं रहेगा। सरकार की तरह इसका भी दिवाला निकल गया! फिर एक दिन रुपैया चल बसी। गाँव में मातम छा गया। बाबूजी ने बड़ी गंभीरता से कहा- अब इस गाँव की अर्थव्यवस्था का क्या होगा?

# मनुष्य के दुश्मन नहीं, हितकारी हैं समस्त पशु- पक्षी !



सुनील महला

सोशल नेटवर्किंग साइट्स के फायदे भी बहुत हैं। हाल ही में फेसबुक पर राजस्थान के एक स्थानीय यू-ट्यूब रील्स कलाकार(कामेडियन) की एक फेसबुक पोस्ट देखी। पोस्ट ने इस लेखक को बहुत अधिक प्रभावित किया। दरअसल, यह पोस्ट भीषण गर्मी में रेगिस्तान में पशुओं को पानी पिलाने के संदर्भ में थी। राजस्थान में रेगिस्तानी धोरों (रेत के टीलों) के बीच बने एक कुंड से, राजस्थान का यह स्थानीय कलाकार रेगिस्तान में आवारा/लावारिस गाय के बछड़ों को कुंड से पानी निकाल कर पिला रहा था और दर्शकों से भी आवारा/लावारिश पशुओं/पक्षियों को पानी पिलाने की गुहार कर रहा था। हमारे हिन्दू धर्म में पानी पिलाने को सबसे बड़ा धर्म व परोपकार माना गया है। सच तो यह है कि हमारी भारतीय सनातन संस्कृति में परोपकार को दान और सेवा के रूप में वर्णित किया गया है। वास्तव में परोपकार हमारे देश की पुरानी परंपरा होने के साथ-साथ ही हम भारतीयों के जीवन का अभिन्न हिस्सा है।कहना ग़लत नहीं होगा कि धर्म, संस्कृति और समाज के हरेक पहलू में दान, सेवा और परोपकार का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हमारे यहां तो क्या खूब कहा गया है कि -'परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः परोपकाराय वहन्ति नद्यः। परोपकाराय दुहन्ति गावः परोपकारार्थ मिदं शरीरम्।।' अर्थात तात्पर्य यह है कि- परोपकार के लिए वृक्ष फल देते हैं, परोपकार के लिए ही नदियाँ बहती हैं और परोपकार के लिए गाय दूध देती हैं।अर्थात यह शरीर भी परोपकार के लिए ही बना है। सद्गुरु कबीर जी ने भीबड़े ही सरल व स्पष्ट शब्दों में कहा है कि 'चिड़ी चोंच भर ले गई, नदी न घटियो नीर। दान दिए धन न घटे, कह गए दास कबीर।' गर्मियों में हम जल संरक्षण करें और पशु ही नहीं पक्षियों के लिए भी समुचित पानी की व्यवस्थाएं करें।

पाठक जानते हैं कि पहले के जमाने में रेगिस्तानी इलाकों/दूर-दराज के क्षेत्रों में पानी के लिए प्याऊ लगाई जाती थी, पशुओं के लिए खेतों में जगह-जगह पर पानी की खैली की व्यवस्था की जाती थी ताकि भीषण गर्मी के सीजन में उनकी प्यास बुझाई जा सके। इस लेखक ने देखा कि फेसबुक पोस्ट में दो बछड़े पानी के टांके/कुंड/हौद के पास खड़े थे लेकिन वे(अमूक प्राणी) पानी नहीं पी सकते थे, कुंड/टांके/हौद के पास सीमेंट से बना एक गोल बरतननुमा पात्र भी वहां रखा हुआ था लेकिन वह रेगिस्तानी धोरों के बीच सूख गया था। स्थानीय कलाकार ने कुंड/टांके के पास रखी बाल्टी से पानी निकाल कर इन दोनों बछड़ों को पिलाया। अभी अप्रैल का महीना ही चल रहा है, आने वाले समय में भीषण गर्मी पड़ने की पूरी संभावनाएं हैं, जैसा कि ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव आज हर तरफ है और वर्ष 2024 और 2025 पिछले वर्षों की तुलना में काफी गर्म बताये जा रहें हैं। बहरहाल, ऐसा भी नहीं है कि आज धर्मार्थ पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्थाएं नहीं की जातीं हैं. अनेक लोग, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं और अनेक भामाशाह ऐसे पुण्य कार्यों के लिए आगे आ रहे हैं, लेकिन बावजूद इसके विशेषकर गर्मियों के मौसम में हमें पशु-पक्षियों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। रेगिस्तानी इलाकों में (दूर-दराज के क्षेत्रों में) जहां पानी के कुंड/टांकों की उपलब्धता है, उनको पानी से भरकर रखा जाना चाहिए और पानी की खैली की समुचित व्यवस्थाएं आवारा लावारिश पशुओं के लिए होनी चाहिए।

पशु-पक्षी मनुष्य की तरह बोलकर अपनी भावनाओं का इजहार भूख-प्यास के लिए नहीं कर सकते हैं, यह तो हम मनुष्यों का ही दायित्व बनता है कि हम इन बेजुबान आवारा लावारिश पशुओं, पक्षियों की भावनाओं को समझें क्यों कि ये पशु-पक्षी ही हमारी खाद्य श्रृंखला के कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में अंग हैं। हमारी खाद्य श्रृंखला बनी रहेगी तो धरती की पारिस्थितिकी और पर्यावरण भी बना रहेगा और हमें यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि धरती का पर्यावरण और पारिस्थितिकी है तभी तो हमारा भी अस्तित्व है। हमें यह याद रखना चाहिए कि मनुष्य की भांति ही पशु, और पक्षी भी सचेतन जीव हैं और इनमें ममता, वात्सल्य, और स्नेहभाव होता है, हम इन्हें स्नेह और प्यार देंगे तो हमें आत्मिक सुख और खुशी का तो अनुभव होगा ही, साथ ही साथ यह मनुष्यता का भी प्रतीक है।

याद रखिए कि मनुष्य पशु-पक्षियों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकता है ,जैसा कि पशु-पक्षी पर्यावरण के संतुलन और स्वच्छता में मदद करते हैं।पक्षी भोजन, औषधि, उर्वरक, और मधुर गीत देते हैं। इनसे हमारा पर्यावरण समृद्ध है। पक्षी कीटों को नष्ट करके जैव नियंत्रण में मदद करते हैं। यहां तक कि पक्षियों का सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक महत्व भी है। पक्षी स्वतंत्रता, शांति, और ज्ञान के प्रतीक हैं। पाठक जानते होंगे कि मानव-पशु-पक्षी संबंधों के बारे में हमारे शास्त्रों में भी वर्णन मिलता है। कहना चाहूंगा कि हम घायल या पीड़ित पशु-पक्षियों के लिए हम आश्रय, उपचार, और भरण-पोषण की व्यवस्था कर सकते हैं, उनके लिए गर्मियों में पानी की व्यवस्थाएं कर सकते हैं।

# दलों , दलितों और देश के अंबेडकर

डॉ० घनश्याम बादल

अंबेडकर का मानना था कि जब तक समाज में छुआछूत, जातिवाद और असमानता बनी रहेगी, तब तक लोकतंत्र केवल एक दिखावा होगा। उन्होंने सामाजिक समानता को राजनीतिक स्वतंत्रता से भी ज़्यादा महत्वपूर्ण माना। संविधान के शिल्पकार अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार ने संविधान में नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता, शिक्षा, रोजगार और न्याय की गारंटी प्रदान करवाई। उनका विश्वास था कि संविधान के जरिए सामाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। अंबेडकर ने लोकतंत्र को केवल राजनीतिक प्रणाली ही नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन का तरीका माना। उनके अनुसार, लोकतंत्र का अर्थ जीने का वह तरीका है जो समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को आत्मसात करता है। अंबेडकर राज्य को समाज में सकारात्मक हस्तक्षेप करने वाला मानते थे। उनका मानना था कि राज्य को शोषित वर्गों के उत्थान के लिए आरक्षण, शिक्षा और सामाजिक सुधार जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए । अंबेडकर के लिए धर्म व्यक्तिगत आस्था रही लेकिन सामाजिक न्याय के विरोध में खड़े धर्म का वें विरोध करते थे। उन्होंने अंततः बौद्ध धर्म को अपनाया, जो उनके राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से मेल खाता था। उनका अंतिम लक्ष्य ऐसा भारत था जहाँ जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले आज भी अंबेडकर का नाम दलित वोटों को किसी चुंबक की तरह खींचता है और दलित, दमित वर्ग वोट बैंक पर कब्जा करने का एक अमोघ अस्त्र है । अंबेडकर के बाद कितने ही दलित नेता आए लेकिन अंबेडकर जैसा तिलिस्म कोई नहीं खड़ा कर पाया. न जगजीवन राम और न काशीराम या रामविलास पासवान और न ही मायावती स्वयं को अंबेडकर में बदल पाए। अंबेडकर जयंती मनाने व उनकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर देने से से दलित वर्ग भले ही खुश हो मगर अंबेडकर के साथ जीते जी जो व्यवहार हुआ और मृत्यु के पश्चात भी उन पर जिस तरह उंगलियां उठाई गई, उससे अंबेडकर के प्रति राजनीतिक दलों एवं सरकारों के रवैया एवं उनकी कथनी करनी के अंतर का साफ पता चलता है । गरीब दलित परिवार में पैदा हो, फर्श से अर्श का सफर तय करने वाले अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक तो हैं ही आज भी सोशल इंजीनियरिंग की धुरी हैं । भीमराव अम्बेडकर के चिंतन पर भी बहस की पर्याप्त गुंजाइश है । अंबेडकर की उंगली उठाए हुए लगाई गई प्रतिमाएं जहां समाज एवं सरकारों की मंशा पर उंगली उठा रही लगती हैं, वहीं स्वयं उन पर भी आजीवन उंगलियां उठती रही । तब भी जब अंबेडकर का चुनाव संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में किया जा रहा था और तब भी जब उनके बनाए कानूनों को दुनिया अचरज भरी नज़र से देख रही थी और तब भी जब उन्हे देश में आरक्षण के नाम पर चल रहे दंगों के लिए सबसे बड़ा गुनहगार बताया जा रहा था और तब भी जब उन्हे देश के दलित वर्ग का 'मसीहा' कहा जा रहा था और तब भी जब उन्हे 'पैर की जूती' कह लांछित किए जाने वाले दलित वर्ग को सर माथे पर बिठाने का दोषी माना जा रहा था ।

# वैशाख मास में जप-तप का महत्व

## पूजा और दान करने के साथ पक्षियों के लिए दाने-पानी की भी करें व्यवस्था, शिवलिंग पर करें चंदन का लेप




**वैशाख के महीने में क्या न करें?**

1. वैशाख के महीने में मांसाहार का सेवन न करें.
2. दिन के समय सोने से परहेज करें.
3. घर में काले रंग के कपड़े, चादर, पर्दों का प्रयोग करने से बचें.
4. घर में किसी भी तरह की गंदगी न टिकने दें. प्रतिदिन सफाई करें और सारा कचरा घर से से बाहर निकाल दें.

हिन्दी पंचांग का दूसरा महीना वैशाख इस वर्ष 13 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है, ये महीना 12 मई तक चलेगा। यह मास धार्मिक आस्था, तप, सेवा और पर्यावरण संरक्षण की भावना से भरपूर होता है। गर्मी के इस मौसम में जल और छाया का दान जितना धार्मिक दृष्टि से फलदायक है, उतना ही मानवीय और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी आवश्यक है।

इस माह में दो विशेष तिथियां रहेंगी, अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को है।

यह तिथि बिना पंचांग देखे कोई भी शुभ कार्य प्रारंभ करने की उत्तम मानी जाती है। बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को है। ये भगवान बुद्ध की जयंती के रूप में मनाई जाती है, साथ ही यह वैशाख स्नान का अंतिम दिन भी होता है।

इस माह में भीषण गर्मी के कारण प्राकृतिक जल स्रोत जैसे तालाब और नदियां सूखने लगती हैं। ऐसे में पक्षियों के लिए दाने और पानी की व्यवस्था, गायों के लिए हरी घास, और जरूरतमंदों के लिए जूते-चप्पल, छाते व वस्त्रों का दान अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। यह दान न केवल धार्मिक कर्म है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं की सच्ची अभिव्यक्ति भी है।

**अब जानिए वैशाख मास में कौन-कौन से शुभ काम किए जा सकते हैं**

वैशाख महीने में शिव मंदिरों में शिवलिंग पर लगातार जलधारा की अभिषेक किया जाता है। शिवलिंग के ऊपर मिट्टी के कलश स्थापित किए जाते हैं और शिव जी को शीतलता देने के लिए उसमें से लगातार गिरती हुई जल की धारा से अभिषेक करते हैं। इस शुभ काम के लिए मंदिरों में मिट्टी के कलश दान करना चाहिए। शिव पूजा में शिवलिंग पर चंदन का लेप भी करना चाहिए। चंदन शीतलता देता है, इसी वजह से शिव जी को खासतौर पर चंदन चढ़ाते हैं।

भगवान शिव को बिल्व पत्र, आंकड़े के फूल, धतूरा, इत्र, जनेऊ, हार-फूल आदि शुभ चीजें अर्पित करें। ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप करें। धूप-दीप जलाएं और आरती करें।

इस महीने में पीपल को रोज पानी चढ़ाना चाहिए। पीपल को श्रीकृष्ण का स्वरूप माना जाता है। इस वजह से इस वृक्ष की पूजा से श्रीकृष्ण की प्रसन्नता मिल सकती है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर स्थित अन्य पेड़-पौधों को पानी मिलता रहे, इसकी व्यवस्था करनी चाहिए।

वैशाख महीने में रोज सुबह जल्दी उठकर स्नान करना चाहिए और सूर्य को अर्घ्य देकर दिन की शुरुआत करनी चाहिए।

सार्वजनिक स्थान पर प्याऊ लगवाएं। अगर ये संभव न हो तो किसी प्याऊ में मटके का दान करें, पानी व्यवस्था करें।

भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का दूध से अभिषेक करना चाहिए। तुलसी के साथ मिठाई का भोग लगाएं। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें।

जरूरतमंद लोगों को जूते-चप्पल और छाते का दान करें। सूती वस्त्रों का दान करें। गौशाला में हरी घास और गायों की देखभाल के लिए धन का दान करें।

इस महीने में गर्मी अधिक रहती है, इसलिए खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खाने में ऐसी चीजें अधिक शामिल करें, जिनसे शरीर को पानी मात्रा पर्याप्त में मिलता रहे।

# वैशाख के पवित्र माह में एक उपाय से मिल सकती है पितरों की कृपा



वैशाख का महीना हिंदू नववर्ष और कैलेंडर के अनुसार दूसरा महीना माना जाता है। वैशाख का महीना भगवान विष्णु को समर्पित होता है और मान्यताएं हैं कि इस महीने पवित्र नदियों में स्नान, पूजा पाठ और दान करने के बहुत पुण्य मिलता है, साथ ही साथ ऐसा करने से भक्तों का जीवन सुख समृद्धि और शांति से भर जाता है।

बता दें कि वैशाख का महीना धर्म, भक्ति और तप का प्रतीक माना जाता है और कहा जाता है कि इस महीने में भगवान विष्णु और भगवान कृष्ण की आराधना करने से सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसके अलावा अगर इस महीने कुछ विशेष उपाय कर लिये जाएं तो जातक के जीवन में सकारात्मक बदलाव होते हैं। तो आइए पंडित रमाकांत मिश्रा के अनुसार जानते हैं वैशाख के महीने में किन चीजों का दान करें, क्या उपाय करें और किन कार्यों को करने से बचें।

**तुलसी की माला से करें मंत्र का जाप**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वैशाख का महीना भगवान विष्णु को समर्पित होता है ऐसे में अगर इस महीने तुलसी की माला से 108 बार ओम माधवाय नमः मंत्र का जाप किया जाए तो जातक को बहुत लाभ मिलता है और उसके जीवन में चल रही सभी परेशानियां भी दूर होती है।

**ऐसे मिलेगी पितरों की कृपा**

वैशाक के महीने की अमावस्या में पितरों का तर्पण और दान जरूर करना चाहिए। इससे आपके जीवन के दुख तो दूर होंगे ही उसके साथ ही आपकी कई समस्याओं का भी निदान भी होगा।

**मां गंगा की करें उपासना**

इस महीने में ऐसा माना जाता है कि गंगा नदी में स्थान और उनकी पूजा जरूर करनी चाहिए। इसके साथ ही मां गंगा के अलावा दूसरी पवित्र नदियों में स्नान करने से भी पुण्य प्राप्त होता है

**ये चीजें जरूर करें दान**

इस महीने में जल का दान करना अच्छा माना जाता है। इसलिए वैशाख माह में एक घड़े में साफ जल भरकर किसी गरीब या फिर जरूरतमंद को दान करें। इसके साथ ही किसी गरीब व्यक्ति को सफेद कपड़े, चावल, आटा, दाल, फल आदि चीजों का दान करना भी बहुत पुण्यफल प्रदान करता है। भगवान विष्णु के प्रिय महीने में दान करने से भगवान की कृपा आप पर जरूर बनती है।

**वैशाख के महीने में गलती से भी ना करें ये काम**

**– इस महीने में तामसिक भोजन नहीं करना चाहिए। साथ ही मांसाहार का सेवन करने से भी बचना चाहिए।**

**– धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वैशाख माह में दिन के समय सोने से बचना चाहिए और जितना हो सके मन भजन-कीर्तन में लगाना चाहिए।**

**– चूंकि वैशाख माह बहुत ही पवित्र माह माना जाता है इसलिए इस महीने काले रंग के कपड़े पहनने से भी बचना चाहिए।**

# 'अर्जुन' नहीं चंद्र देवता के पुत्र थे अभिमन्यु

## पृथ्वी पर रहने के लिए मिला था केवल 16 वर्ष तक का समय!

महाभारत के युद्ध का जब भी जिक्र आता है एक महावीर योद्धा का नाम जरूर लिया था है वो हैं अभिमन्यु। उन्होंने जिस वीरता से चक्रव्यूह में प्रवेश किया और युद्ध लड़ा, वह आज भी लोगों के लिए मिसाल बना हुआ है कि किसी भी परिस्थिति में जीवन में हार नहीं माननी चाहिए। अभिमन्यु, अर्जुन और सुभद्रा के पुत्र थे। लेकिन वास्तव में वह चंद्र देव के पुत्र वर्चस का पुनर्जन्म थे। भगवान विष्णु की इच्छा थी कि वर्चस धरती पर जन्म लेकर महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। चंद्र देवता अपने पुत्र से अधिक समय दूर नहीं रह सकते थे, इसलिए उन्होंने उसे केवल 16 वर्षों के लिए पृथ्वी पर भेजा। यानी अभिमन्यु को अपना काम 16 वर्ष की आयु तक ही पूरा करना था।

**गर्भ में सुनी हुई कहानी**

जब सुभद्रा गर्भवती थीं अर्जुन उन्हें युद्ध में चक्रव्यूह तोड़ने के बारे में बता रहे थे। अभिमन्यु ने यह बात अपनी मां के गर्भ में ही सुन ली थी। लेकिन दुर्भाग्य से जैसे ही अर्जुन चक्रव्यूह से बाहर निकलने की विधि बताने वाले थे, सुभद्रा सो गईं। इसका नतीजा यह हुआ कि अभिमन्यु को केवल चक्रव्यूह में प्रवेश करने की कला ही मालूम थी, लेकिन उससे बाहर कैसे निकलें, इस बारे में नहीं पता था।

**युद्ध के मैदान में**

महाभारत युद्ध के तेरहवें दिन द्रोणाचार्य ने एक रणनीति बनाई। उन्होंने अर्जुन और कृष्ण को युद्धभूमि के एक दूर हिस्से में भेज दिया। दूसरी ओर उन्होंने चक्रव्यूह की रचना की। उस समय कुछ करना ज़रूरी था, ऐसे में पांडवों ने निर्णय लिया कि अभिमन्यु को चक्रव्यूह में भेजा जाए। अभिमन्यु ने मकरव्यूह, कूर्मव्यूह, सर्पव्यूह जैसी संरचनाओं को तोड़ते हुए शानदार तरीके से प्रवेश किया। लेकिन जयद्रथ, ने पीछे से रास्ता बंद कर दिया, जिससे पांडव अभिमन्यु के पीछे नहीं जा सके। अभिमन्यु चक्रव्यूह के छह द्वार तो पार कर लिए लेकिन सातवें द्वार पर वह फंस गए।

**अभिमन्यु का पराक्रम**

अभिमन्यु ने अकेले ही कौरव सेना में तहलका मचा दिया। उन्होंने द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, अश्वत्थामा, दुर्योधन, शल्य, दुःशासन, भूरिश्रवा और कई योद्धाओं को हराया। उन्होंने दुर्योधन के पुत्र लक्ष्मण, शल्य के पुत्र रुक्मरथ और कृतवर्मा के पुत्र मातृकावटा जैसे योद्धाओं को मार गिराया।

**अभिमन्यु वध**

द्रोणाचार्य की सलाह पर कर्ण ने अभिमन्यु की धनुष और बाण तोड़ दिए। फिर पीछे से हमला किया गया। उनका सारथी मारा गया, रथ टूट गया और सेनाएं भी खत्म हो गईं। अभिमन्यु ने केवल तलवार और रथ के टूटे हुए पहिए को ढाल बनाकर युद्ध किया। लेकिन अंत में सभी कौरव योद्धाओं ने मिलकर उस 16 वर्षीय बालक पर हमला किया और अत्यंत क्रूरता से उसकी हत्या कर दी।

**अभिमन्यु की मृत्यु के बाद क्या हुआ**

अभिमन्यु की मौत ने अर्जुन को अंदर तक झकझोर दिया। अब वह जान गए थे कि यह युद्ध केवल धर्म के लिए नहीं, बल्कि अपने पुत्र के बलिदान का बदला लेने के लिए भी है। अब अर्जुन ने युद्ध को जीतने की ठान ली। अगले ही दिन उन्होंने जयद्रथ को अपने दिव्य बाण से मार डाला। अभिमन्यु की हत्या का बदला लेने के लिए पांडवों ने हर उस योद्धा का अंत कर दिया, जो उसके खिलाफ खड़े हुए थे।

# क्या हैं खराब राहु के लक्षण, कैसे करता है जीवन को प्रभावित



भारतीय ज्योतिष में राहु को एक छाया ग्रह माना गया है, जिसका असर व्यक्ति के जीवन में कई उलझनों और परेशानियों के रूप में देखा जाता है.

जब राहु की स्थिति कुंडली में ठीक नहीं होती, तो इसका असर मानसिक तनाव, आर्थिक हानि, पारिवारिक कलह और सेहत में गिरावट के रूप में सामने आता है.

ऐसे में अगर आपके जीवन में अचानक कई समस्याएं एक साथ आने लगें, बिना कारण बात-बात पर झगड़े हों, या मेहनत के बाद भी काम बिगड़ते जाएं, तो समझ लीजिए राहु का असर चल रहा है

राहु दोष के कुछ सामान्य लक्षण होते हैं – जैसे गुस्सा जल्दी आना, मन का भटकाव, डरावने सपने आना, निर्णय लेने में परेशानी, रिश्तों में कड़वाहट और बार-बार दुर्घटनाओं का होना.

अगर आप भी इन सबका सामना कर रहे हैं, तो नीचे दिए गए उपायों को अपनाकर राहु के बुरे प्रभाव को कम कर सकते हैं.

राहु दोष से राहत पाने के 10 आसान उपाय

1. ॐ रां राहवे नमः – इस मंत्र की एक माला रोज जपें.
2. गोमेद रत्न को लोहे या पंचधातु की अंगूठी में जड़वाएं और शनिवार को उसे मध्यमा अंगुली में पहनें.
3. दुर्गा चालीसा का नियमित पाठ करें.
4. हर दिन पक्षियों को बाजरा खिलाएं.
5. समय-समय पर सात अनाजों का दान करें.
6. एक नारियल, ग्यारह साबुत बादाम काले कपड़े में बांधकर बहते पानी में बहाएं.
7. शिवलिंग पर जल चढ़ाएं और ध्यान लगाएं.
8. घर के दक्षिण-पश्चिम कोने में पीले फूल लगाएं.
9. मांस, मदिरा और नशे वाली चीजों से दूरी बनाएं.
10. राहु की दशा में मंत्र तेज स्वर में पढ़ें:

इन उपायों को श्रद्धा और नियमितता से करें. राहु का असर चाहे जितना भी गहरा क्यों न हो, यह उपाय न सिर्फ मानसिक शांति देंगे बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाएंगे. याद रखें, समय रहते जागरूक होकर किया गया प्रयास ही सबसे बड़ी सुरक्षा है. इसके लिए आज से ही दृढ़संकल्प ले लें कि इस उपाय को हर हाल में करना ही है।

# घर में करें ये वास्तु बदलाव, फिर देखें कैसे बरसती है मां लक्ष्मी की कृपा



**वास्तु दोष दूर करने के कुछ उपाय**

मुख्य दरवाजाः घर का मुख्य दरवाजा बिना किसी रुकावट के आसानी से खुलना चाहिए। दरवाजे के सामने कोई रुकावट नहीं होनी चाहिए, ताकि सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश निरंतर हो।

**दिशा अनुसार चीजों की व्यवस्थाः** घर के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में भारी सामान रखें और उत्तर-पूर्व हिस्सा खुला और हल्का रखें। इससे ऊर्जा का संतुलन बना रहता है।

**पौधों का उपयोगः** घर के अंदर और बाहर हरे-भरे पौधे लगाएं। तुलसी का पौधा विशेष रूप से शुभ माना जाता है और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाता है।

**साफ-सफाईः** घर को हमेशा साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखें। गंदगी और अव्यवस्था नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती है।

**पानी का स्रोतः** अगर घर में फव्वारा या छोटा तालाब है, तो उसे उत्तर-पूर्व दिशा में रखें। इससे धन और सुख-शांति में वृद्धि होती है।

**दीवारों का रंगः** हल्के रंग जैसे नीला, हरा या पीला रंग मानसिक शांति और सकारात्मकता बढ़ाते हैं। इन्हें घर की दीवारों पर प्रयोग करें।

**रसोई की सही दिशाः** रसोईघर दक्षिण-पूर्व दिशा में होना चाहिए। रसोई इस दिशा में होने से घर में प्रेम, खुशहाली और समृद्धि बनी रहती है।

घर के बीच का हिस्सा साफ रखेंः घर के बीच का हिस्सा, जिसे ब्रह्मस्थान कहा जाता है, हमेशा खुला और साफ-सुथरा होना चाहिए। क्योंकि इससे ऊर्जा का प्रवाह बाधित होता है।

पढ़ाई और काम की जगह उत्तर या पूर्व में रखेंः पढ़ाई की मेज या वर्क डेस्क को उत्तर या पूर्व दिशा में रखें। इससे एकाग्रता बढ़ती है और शिक्षा व करियर में सफलता मिलती है।

# इन 6 जगहों पर करें गंगा जल का छिड़काव



**यंत्रों की सफाई में**

अगर आप घर में किसी यंत्र की स्थापना कर रहे हैं, जैसे कुबेर यंत्र या श्री यंत्र, तो उसे गंगाजल से साफ करना जरूरी माना गया है। यह प्रक्रिया उस यंत्र को ऊर्जा से भर देती है और पूजा का असर बढ़ा देती है।

**शंख में भरकर रखना**

मंदिर या तिजोरी में रखा शंख अगर खाली हो तो इसे शुभ नहीं माना जाता। हमेशा उसमें गंगाजल भरकर रखें। ऐसा करने से मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और धन से जुड़ी रुकावटें कम होती हैं।

**नारियल के छिड़काव में**

पूजा में नारियल रखना आम बात है, लेकिन उसे ऐसे ही नहीं रखा जाता। या तो उसे गंगाजल से भरे कलश पर रखें या फिर नारियल पर गंगाजल का हल्का छिड़काव करें। इससे पूजा का प्रभाव और बढ़ता है।

**घर में छिड़काव**

घर में अगर मन भारी लगे या माहौल बोझिल हो, तो गंगाजल का हल्का छिड़काव करें। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर का वातावरण शांत और संतुलित रहता है।

**हवन से पहले और बाद**

हवन के समय भी गंगाजल का इस्तेमाल किया जाता है। हवन कुंड की ईंटों को इससे धोना और हवन खत्म होने पर पूरे घर में इसका छिड़काव करना एक आम परंपरा है।

**मूर्ति का अभिषेक**

घर में रखी भगवान की मूर्तियों को रोजाना गंगाजल से नहलाना शुभ माना जाता है। इससे मूर्ति की ऊर्जा बनी रहती है और भक्त का मन भी शांत रहता है।

# फैंस के लिए शाहरुख खान के बंगले में रात बिताने का मौका, रहने के लिए खर्च करने होंगे 196000 रुपये



शाहरुख खान अपने फैंस को एक अनोखा तोहफा दे रहे हैं। अब आप उनकी शाही लाइफस्टाइल को एक रात के लिए जी सकते हैं। कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में उनका शानदार बंगला किराए पर उपलब्ध है। यह आलीशान घर मशहूर रोडियो ड्राइव से बस कुछ मिनट दूर है। इसमें छह खूबसूरत बेडरूम हैं, जो मेहमानों को एक शानदार अनुभव देगा।

**खर्च करने होंगे इतने रुपये**

आर्किटेक्चरल डाइजेस्ट की रिपोर्ट के अनुसार इस बंगले में मेहमान शानदार सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं। इस घर में हर वह सुविधा है, जो एक सपनों के घर में होनी चाहिए। इसमें लोग चमकते स्विमिंग पूल में तैर सकते हैं, जकूजी में आराम कर सकते हैं, निजी केबिन में सुकून भरे पल बिता सकते हैं या टेनिस कोर्ट पर दोस्तों के साथ खेल सकते हैं। शाहरुख ने 2019 में इस घर की तस्वीरें एक्स पर साझा की थीं, जिसने सबका ध्यान खींचा था। अब जो लोग मोटी रकम खर्च कर सकते हैं, उनके लिए यह विला एक रात के लिए एक लाख 96 हजार रुपये में खुला है।

**शानदार है शाहरुख का बंगला**

विला का अंदरूनी हिस्सा देखकर आप हैरान रह जाएंगे। यह आधुनिक और पुराने डिजाइन का शानदार मिश्रण है। सफेद और बेज रंग की दीवारें शांति का एहसास कराती हैं। दीवारों पर सजी पेंटिंग्स, खूबसूरत आइने घर को और रौनक देते हैं। शानदार फर्नीचर इस घर को और भी खास बनाते हैं। वहीं, किताबों की अलमारियां और कलाकृतियां इस घर के लुक में चार चांद लगाती हैं।

**किंग खान के पास विदेश में हैं कई घर**

बाहर का नजारा भी कम कमाल का नहीं। घर के हरे-भरे टेनिस कोर्ट, आरामदायक केबिन, बड़े जैकूजी और स्विमिंग पूल का लोग लुत्फ उठा सकते हैं। शाहरुख की सिर्फ यह प्रॉपर्टी ही नहीं, उनके और भी कई घर सुर्खियों में रहते हैं।

मुंबई में उनका मशहूर बंगला 'मन्नत' अक्सर चर्चा में रहता है। यह भारत के सबसे महंगे घरों में से एक है। इसके अलावा, उनके पास दुबई में पाम जुमेराह में एक शानदार विला है। उनके पास लंदन के पार्क लेन में एक आलीशान फ्लैट और अलीबाग में एक खूबसूरत फार्महाउस भी है।

# जान्हवी कपूर ने तमिल-मलयाली फैंस को दी विशु और पुथांडु की शुभकामनाएं

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने इंडियन ड्रेस में अपनी दो बोहतरीन तस्वीरें शेयर की हैं। इन्हीं तस्वीरों के साथ जान्हवी ने अपने फैंस को विशु और पुथांडु की शुभकामनाएं दी हैं और साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है।

**जान्हवी कपूर का इंस्टाग्राम पोस्ट**

जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो बेहतरीन तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। पहली तस्वीर में जान्हवी ट्रेडिश्नल साउथ इंडियन साड़ी में हैवी गोल्ड ज्वैलरी में सेल्फी लेजी नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में 'परम सुंदरी' अभिनेत्री लहंगे में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं।

**जान्हवी कपूर का खास नोट**

जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो तस्वीरों और वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, ''विशु और पुथांडु की शुभकामनाएं। मेरे मलयाली और तमिल परिवार, मुझे उम्मीद है कि आपका आने वाला साल प्यार, समृद्धि और खुशी से भरा होगा।



आप लोगों ने हमेशा मुझे बहुत प्यार और प्रोत्साहन दिया है और मुझे अपना हिस्सा होने का एहसास कराया है- और यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।''

**जान्हवी ने दिया फैंस का धन्यवाद**

जान्हवी ने आगे लिखा, '' अगर मैं कम से कम आपकी मीठी मीठी भाषा में बात करने की कोशिश नहीं करती तो मैं उस विशेषाधिकार के लायक महसूस नहीं करती। तो यह मेरा प्रयास है। प्लीज मेरी गलतियों के लिए मुझे माफ करें। मैं अभी भी सीख रहा हूं, लेकिन जल्द ही वहां पहुंच जाऊंगी मैं वादा करती हूं। मेरे मलयालम और तमिल ट्यूटर्स को खास धन्यवाद....परमसुंदरी।'' जान्हवी की इस पोस्ट पर उनकी बहन खुशी कपूर ने कमेंट किया। खुशी ने लिखा, 'OMG ब्यूटी'

**जान्हवी का वर्कफ्रंट**

जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'परम सुंदरी' और 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के अलावा 'पेद्दी' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं।

'परम सुंदरी' में जान्हवी की जोड़ी सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएगी। वहीं, फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में जान्हवी की जोड़ी वरुण धवन के साथ नजर आएगी। इन दोनों के अलावा जान्हवी 'पेद्दी' में राम चरण के साथ नजर आएंगी।

# 'केसरी चैप्टर 2' की स्टार कास्ट गोल्डन टेंपल पहुंचे

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर शेयर की हैं, जिसमें उनके साथ आर माधवन और अक्षय कुमार हाथ जोड़े खड़े नजर आ रहे हैं। दरअसल, यह तस्वीर पंजाब के अमृतसर की है, जहां पर केसरी चैप्टर 2 की स्टार कास्ट रिलीज से पहले वाहेगुरु का आशीर्वाद लेने पहुंची है।



**अमृतसर के गोल्डन टेंपल पहुंची 'केसरी चैप्टर 2' की स्टारकास्ट**

'केसरी चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म की रिलीज से पहले पूरी कैस्टरी चैप्टर 2 की पूरी स्टार कास्ट अमृतसर पहुंची, जहां पर उन्होंने गोल्डन टेंपल में फिल्म की सफलता के प्रार्थना की। अनन्या ने कुछ ही देर पहले इंस्टाग्राम पर गोल्डन टेंपल की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें 'केसरी चैप्टर 2' के तीनों मुख्य कलाकार नजर आ रहे हैं। माधवन ने सफेद कुर्ता पहना है, अनन्या ने हल्के पिंग रंग का सूट पहना है और अक्षय ने ब्लू रंग का कुर्ता पहना हुआ है। ये तीनों हाथ जोड़े खड़े नजर आ रहे हैं। इस शानदार तस्वीर के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह 'केसरी चैप्टर 2''

**'केसरी चैप्टर 2'**

केसरी चैप्टर 2 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित है। फिल्म में अक्षय कुमार सी. शंकरन नायर की भूमिका निभा रहे हैं, जो एक मशहूर वकील और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता थे। उन्होंने जलियांवाला बाग की घटना की सच्चाई सामने लाने के लिए ब्रिटिश सरकार के खिलाफ कोर्ट में बहादुरी से लड़ाई लड़ी। वहीं फिल्म में फिल्म में आर. माधवन (एडवोकेट नेविल मैककिनले) और अनन्या पांडे (युवा वकील दिलरीत गिल) और रेजिना कैसंड्रा (नायर की पत्नी पलात कुन्हिमालु अम्मा) भी अहम किरदारों में हैं।

# विनीत सिंह ने 'जाट' में सनी देओल के साथ काम करने को बताया सपना

अभिनेता विनीत कुमार सिंह 'छावा' में अपने किरदार के लिए प्रशंसा प्राप्त करने के बाद अब 'जाट' में नजर आए हैं। सनी देओल की मुख्य भूमिका वाली फिल्म में अभिनेता ने खलनायक की भूमिका अदा की है। सोमवार को विनीत ने 'जाट' की कुछ बीटीएस तस्वीरें शेयर की। इन तस्वीरों में वह सेट पर सनी देओल निर्देशक के साथ नजर आए। इस पोस्ट के साथ अभिनेता ने एक लंबा-चौड़ा नोट भी लिखा।



'जाट' की बीटीएस तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, ''जाट' के कुछ बिहाइंड द सीन पलों को शेयर करते हुए वाकई बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मुझ पर विश्वास करने और सोमुलु को जीवंत करने के लिए निर्देशक गोपीचंद का दिल से आभार। यह पहली बार है जब मैं खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं। मैंने इसके बारे में कभी नहीं सोचा था। उनके दृढ़ विश्वास ने मुझे यह कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। इस भूमिका ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैं इसके लिए आभारी हूं।'

विनीत ने आगे लिखा, 'मेरे बचपन के हीरो सनी देओल सर के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा था। उनके मार्गदर्शन और गर्मजोशी के लिए आभारी हूं। रणदीप हुड्डा और मेरे सभी शानदार को-एक्टर्स को बहुत-बहुत धन्यवाद। सोमुलु के किरदार के लिए और सेट को परिवार जैसा महसूस कराने के लिए लेखकों विवेक, सौरभ गुप्ता और निश्चित रूप से गोपी सर को धन्यवाद।' साथ ही अभिनेता ने निर्माता और पूरी टीम का धन्यवाद दिया। अभिनेता ने कहा, एक्शन डायरेक्टर राम सर, लक्ष्मण सर, पीटर मास्टर, वेंकटेश सर का शुक्रिया। आप सभी के प्यार से अभिभूत हूं। 'छावा' और 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' के बाद इस साल 'जाट' तीसरी सफल फिल्म है।'

# सामंथा ने फिल्म इंडस्ट्री में वेतन को लेकर उठाए सवाल, बोलीं- उनमें काफी अंतर है

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने सिनेमा की दुनिया में वेतन को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अभिनेत्री ने फिल्म इंडस्ट्री में हो रही इस तरह की असमानता पर सवाल उठाए हैं। आइए जानते हैं पूरी खबर।

**फिल्म इंडस्ट्री में वेतन को लेकर कही ये बात**

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में फूडफार्मर से एक इंटरव्यू के दौरान सिनेमा उद्योग के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वो कई फिल्मों कर चुकी हैं, जिसमें उन्हें उसी समान किरदार के लिए अलग-अलग वेतन दिए गए। यह चीज उनके समझ से परे है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि कुछ बड़ी फिल्मों होती है, जिसमें फिल्म के नायक ही सबकुछ होते हैं क्योंकि वही दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने का काम करते हैं। अभिनेत्री ने कहा कि वह इसे समझती हैं, लेकिन ऐसी भी फिल्में हैं जिसमें अभिनेत्रियों ने समान तरीके के किरदार किए फिर भी उनमें डिमांड में काफी अंतर रहा।

**गलतियों को ना दोहराने की बात कही**

आगे बातचीत में अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें भी इंडस्ट्री में 15 साल का अनुभव हो चुका है। उन्होंने कहा कि वह अब अपने करियर में चाह रही हैं कि उन गलतियों को ना दोहराएं, जो उन्हें पहले से दिख रही हैं। आगे बातचीत में उन्होंने कहा कि वह अपनी परिस्थिति को तो नहीं बदल सकती हैं, लेकिन अपने भविष्य के बारे में कुछ कर सकती हैं।

**सामंथा रुथ प्रभु का वर्कफ्रंट**

सामंथा के वर्क फ्रंट की तो अभिनेत्री आखिरी बार वरुण धवन के साथ अमेजन प्राइम की सीरीज 'सिटाडेलः हनी बनी' में नजर आईं थीं। अब अभिनेत्री बतौर फिल्म निर्माता के रूप में भी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाली हैं, फिल्म का नाम है 'शुभम'।



# शो में चलते-चलते लड़खड़ाईं हिना खान, खुद को संभाला तो फैंस बोले- 'शेर खान'

अभिनेत्री हिना खान स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। उनके जज्बे और बहादुरी के लिए फैंस उन्हें शेर खान कहकर बुलाते हैं। हिना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रैंप वॉक करते हुए वह लड़खड़ा जाती हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने खुद का संभाल लिया। उनके फैंस इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रही हैं।

**हिना ने खुद को संभाला**

हिना खान ने मुंबई में एक फैशन शो में डिजाइनर कियायो के लिए रैंप वॉक किया। इस दौरान वह अपनी लंबी स्कर्ट के साथ संघर्ष करती नजर आईं। अभिनेत्री रैंप दो बार लड़खड़ा गईं। हालांकि, उन्होंने खुद को शालीनता और संतुलन के साथ संभाला। बिना किसी परेशानी के, वह जल्द ही मुस्कुराती हुई ठीक हो गईं और हर कदम पर आत्मविश्वास से भरकर चलना जारी रखा।

**यूजर्स ने दिए रिएक्शन**

वायरल हो रहे वीडियो में हिना एक लंबी, फ्लोई ब्लैक स्कर्ट के साथ हैंडमेड पूरी आस्तीन वाली जैकेट में बेहद खूबसूरत लग



रही थीं। अभिनेत्री ने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया कि वह हर बार लड़खड़ाने पर कितनी खूबसूरती से वापस लौटती हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, 'उन्होंने इसे शालीनता से संभाला।' जबकि दूसरे ने लिखा, 'उन्होंने ज्यादा रिएक्शन नहीं दिया।' एक अन्य ने उन्हें 'शेरनी और शेर खान' कहा।

**पिछले साल किया ब्रेस्ट कैंसर का खुलासा**

जून 2024 में हिना खान ने स्टेज-3 ब्रेस्ट कैंसर पीड़ित होने का खुलासा किया। अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, मुझे स्टेज तीन ब्रेस्ट कैंसर का पता चला है। इस चुनौतीपूर्ण बीमारी के बावजूद, मैं सभी को आश्वस्त करना चाहती हूं कि मैं ठीक हूं। मैं इस बीमारी पर काबू पाने के लिए मजबूत, दृढ़ निश्चयी और पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। मेरा इलाज शुरू हो चुका है। मैं इससे और भी मजबूत होकर उभरने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए तैयार हूं। हिना खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार वेब सीरीज गृह लक्ष्मी में देखा गया।

# बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे पृथ्वीराज सुकुमारन और करीना कपूर, मेघना गुलजार की नई फिल्म का हुआ एलान



बॉलीवुड में एक नई जोड़ी दर्शकों के सामने आने को तैयार है। करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन जल्द ही मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगे। 'राजी' और 'तालवर' जैसी यादगार फिल्में देने वाली मेघना अब जंगली पिक्चर्स के साथ तीसरी बार फिल्म बनाने जा रही हैं। 'दायरा' एक क्राइम ड्रामा है। फिल्म के एलान के बाद फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई है।

**करीना कपूर ने किया नई फिल्म का एलान**

करीना ने इस फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया पर बड़े उत्साह के साथ की। उन्होंने लिखा, "मैं हमेशा निर्देशक के निर्देश पर काम करने वाली अभिनेत्री रही हूं। इस बार मेघना गुलजार जैसे शानदार निर्देशक के साथ काम करना मेरे लिए खास है। पृथ्वीराज के अभिनय की मैं कायल हूं। उनके साथ यह सफर और रोमांचक होगा। 'दायरा' मेरी ड्रीम टीम का प्रोजेक्ट है। आइए इसे खास बनाएं।"

**फिल्म से फैंस को काफी उम्मीदें**

'दायरा' की कहानी मेघना गुलजार, यश केसवानी और सीमा अग्रवाल ने मिलकर लिखी है। फिल्म अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन इसकी स्टारकास्ट और मेघना का नाम पहले ही इसे चर्चा में ला चुका है। करीना का बेबाक अंदाज और पृथ्वीराज की गंभीर अदाकारी इस फिल्म को खास बनाने का दम रखती है। मेघना की फिल्में हमेशा दिल को छूती हैं और फैंस को 'दायरा' से भी ऐसी ही उम्मीद है।

**'सिंघम अगेन' में दिखी थीं करीना कपूर**

वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना कपूर को पर्दे पर आखिरी बार सिंघम रिटर्न्स में देखा गया था। फिल्म में उनके साथ अजय देवगन समेत कई बड़े सितारे नजर आए थे। हालांकि, रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी थी।

**मेघना की 'सैम बहादुर' ने दिखाया था कमाल**

वहीं, मेघना गुलजार ने इससे पहले फिल्म सैम बहादुर बनाई थी। इस फिल्म में विक्की कौशल मुख्य भूमिका में थे। दर्शकों को विक्की की अदाकारी के साथ फिल्म भी काफी ज्यादा पसंद आई थी। टिकट खिड़की पर यह फिल्म सफल घोषित की गई थी।

# बाबिल खान की किस बात पर नाराज हुईं हुमा कुरैशी? बोलीं- मैं इस लड़के को थप्पड़ मारना चाहती हूं

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने हाल ही में मुंबई के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान वह इरफान खान के बेटे बाबिल खान पर अपना आपा खो बैठीं। उनके बीच की बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**वायरल वीडियो में क्या है?**

वायरल हो रहे वीडियो में बाबिल खान को हुमा से किसी के बारे में शिकायत करते हुए देखा जा सकता है। बाबिल को कहते हुए सुना जा सकता है, 'उसने फोन भी नहीं उठाया मेरा' हालांकि, अभिनेत्री ने



सार्वजनिक रूप से बातचीत से बचने की कोशिश की और उन्होंने जवाब दिया, 'बाद में बात करेंगे'। हालांकि, बाबिल का सवाल यहीं खत्म नहीं हुआ उन्होंने फिर से पूछा, 'वो गुस्सा है मुझसे?', लेकिन हुमा यह कहते हुए चली गईं, 'मुझे नहीं पता।' बाद में हुमा को शिखा तलसानिया से फुसफुसाते हुए सुना गया, 'मैं इस लड़के को थप्पड़ मारना चाहती हूं'।

**नेटिजन्स ने दिया रिएक्शन**

हालांकि, बाद में हुमा और बाबिल ने पैपराजी के लिए एक दूसरे के साथ पोज भी दिया, लेकिन नेटिजन्स ने दोनों के बीच तनाव महसूस किया। एक यूजर ने लिखा, 'आपको सीखना चाहिए कि एक लड़की और औरत के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए?', एक अन्य ने लिखा, 'वास्तव में वह क्या कर रहा है? परिपक्व नहीं है।'

**बाबिल खान और हुमा कुरैशी का वर्क फ्रंट**

बाबिल के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह अपनी अगली फिल्म लॉगआउट के रिलीज के लिए तैयार हैं। यह एक मिस्ट्री ड्रामा है। फिल्म में रसिका दुग्गल भी हैं। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। वहीं, हुमा की बात करें तो वह 'महारानी' की अगली किस्त में नजर आएंगी। उनके पास 'जॉली एलएलबी 3' भी है।





# बच्चे हों या वयस्क किसी को भी हो सकता है हार्ट अटैक, मोटे लोगों में खतरा अधिक



हृदय रोग और इससे संबंधित बीमारियों का खतरा अब किशोरों को भी अपना शिकार बनाती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े उठाकर देखें तो पता चलता है कि 20 से कम उम्र के लोगों में भी हृदय से संबंधित समस्याएं, हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़े हैं।

हालिया मामला मध्य प्रदेश के इंदौर का है, जहां आईआईटी की तैयारी कर रहे 18 वर्षीय छात्र की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक छात्र 11वीं कक्षा में पढ़ता था। शुक्रवार देर रात तक वह पढ़ाई कर रहा था, तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन और अन्य लोग उसे अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है।

इससे पहले 6 अप्रैल को इंदौर के द्वारकापुरी में भी एक 18 साल के युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। रात को उसे सीने में तेज दर्द उठा और घबराहट महसूस हुई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

20 से कम उम्र वालों में बढ़ते हार्ट अटैक के मामलों ने लोगों को काफी डरा दिया है। ये भी सवाल उठने लगे हैं कि क्या हार्ट अटैक से अब कोई भी सुरक्षित नहीं है?

**बच्चों में भी देखे जाते रहे हैं हार्ट अटैक के मामले**

कुछ दशकों पहले तक हृदय संबंधित समस्याओं को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी के रूप में जाना जाता था, हालांकि अब सभी उम्र के लोगों में ये दिक्कत देखी जा रही है। हाल के वर्षों में बच्चों में भी हार्ट अटैक-कार्डियक अरेस्ट के मामले सामने आए थे। सितंबर 2023 में गुजरात में छठवीं कक्षा के एक बच्चे की सडेन हार्ट अटैक से मौत हो गई थी, उसकी उम्र महज 12 साल की थी। यहां पढ़िए पूरी खबर

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?**

नेशनल सेंटर फॉर हेल्थ स्टैटिस्टिक्स (एनसीएचएस) के आंकड़ों के अनुसार, साल 2019 में 18 से 40 वर्ष की आयु के केवल 0.3% अमेरिकी वयस्कों को दिल का दौरा पड़ा था। इस आयु वर्ग में हार्ट अटैक के मामले अभी भी दुर्लभ माने जाते हैं, हालांकि पिछले चार-पांच वर्षों में इसमें काफी वृद्धि हुई है।

कोलंबिया विश्वविद्यालय में हृदय रोग विशेषज्ञ और महामारी विज्ञानी डॉ. एंड्रयू मोरन कहते हैं, दुनियाभर में हृदय रोगों के मामलों के लिए मोटापा की समस्या एक प्रमुख कारक हो सकती है। अगर वजन को कंट्रोल कर लिया जाए तो हृदय रोगों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

मोटापा के कारण बढ़ रहा है हृदय रोगों का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मोटापा की स्थिति उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल के साथ टाइप-2 डायबिटीज जैसी समस्याओं को बढ़ाने वाली मानी जाती है। अध्ययनों से पता चलता है कि मोटापा सीधे तौर पर डायस्टोलिक डिसफंक्शन का कारण बनती है जिसके कारण हृदय फेलियर का खतरा हो जाता है। मोटापे से ग्रस्त रोगियों में हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल दोनों का जोखिम रहता है जिसके कारण हार्ट अटैक की दिक्कत हो सकती है।

**इन साइलेंट संकेतों को भी जानिए**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हार्ट अटैक के कई लक्षण साइलेंट भी होते हैं जिसपर गंभीरता से ध्यान देते रहना जरूरी है। अगर आपको अस्पष्ट रूप से थकान, सांस लेने में तकलीफ या पसीना आने की दिक्कत बनी रहती है तो आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। इसके अलावा यदि आपको बिना किसी शारीरिक मेहनत के अत्यधिक पसीना आता है तो ये भी हार्ट अटैक और हृदय रोगों का गंभीर संकेत हो सकता है।

# लिवर-किडनी को रखना है स्वस्थ तो गांठ बांध लें ये जरूरी बातें




लिवर और किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं, हालांकि लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी ने इन दोनों अंगों की सेहत को बुरी तरह से प्रभावित किया है। हम क्या खाते हैं, किसी तरह का जीवन जीते हैं, इन सभी का हमारे स्वास्थ्य पर असर हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कम उम्र से ही सेहत की देखभाल को लेकर अलर्ट रहने की सलाह देते हैं।

लिवर और किडनी दोनों ही हमारे शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों में विशेष भूमिका निभाती हैं। शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने, मेटाबॉलिज्म को ठीक रखने और खून को फिल्टर करने के लिए भी इनका ठीक तरीके से काम करते रहना आवश्यक है।

**खान-पान, जीवनशैली को ठीक रखने पर दें ध्यान**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर-किडनी को स्वस्थ रखने के लिए सही खान-पान, जीवनशैली को ठीक रखने के साथ कुछ विशेष सावधानियां भी जरूरी हैं। कई शोध बताते हैं कि इन दोनों अंगों को हमारी जिस एक आदत के कारण सबसे ज्यादा क्षति हो रही, शराब पीना उनमें से एक है। शराब से लिवर कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, इससे फैटी लिवर और सिरोसिस जैसी दिक्कतों का खतरा बढ़ जाता है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, लंबे समय तक अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन लिवर और किडनी फेलियर के खतरे को कई गुना तक बढ़ा देता है।

**प्रोसेस्ड फूड और अधिक नमक से करें परहेज**

प्रोसेस्ड फूड में हाई सोडियम और इसे लंबे समय तक बचाए रखने के लिए केमिकल्स होते हैं, जो किडनी की कार्यप्रणाली पर असर डालते हैं और उच्च रक्तचाप को बढ़ावा देते हैं।

जर्नल ऑफ अमेरिकन सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी की एक रिपोर्ट अनुसार, ज्यादा नमक खाने से किडनी की कार्यक्षमता पर नकारात्मक असर हो सकता है। अत्यधिक नमक के कारण लिवर की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।

**इन बातों का भी रखें ध्यान**

लिवर-किडनी को स्वस्थ रखने के लिए कम उम्र से ही सभी लोगों को कुछ और सावधानियां बरतनी चाहिए।

तंबाकू से दूरी बनाएं। इसमें मौजूद टॉक्सिन्स लिवर और किडनी दोनों को नुकसान पहुंचाते हैं और कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं।

कम पानी पीना भी खतरनाक है। पानी शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है, ऐसे में कम पानी पीने से शरीर में विषाक्तता बढ़ सकती है।

पेनकिलर या एंटीबायोटिक दवाओं का ज्यादा सेवन भी लिवर और किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है। व्यायाम से वजन, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। जो लोग व्यायाम नहीं करते हैं उनमें भी लिवर-किडनी की समस्याएं अधिक देखी जाती हैं।

# बढ़ती गर्मी कहीं बिगाड़ न दे तबीयत, लू से बचने के लिए रोज कितना पानी पीना चाहिए

देशभर में पिछले कुछ हफ्तों से तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। अप्रैल के दूसरे हफ्ते में ही पारा 40 को पार करने लगा है। शुक्रवार (14 अप्रैल) को तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमानों के मुताबिक इस बार की गर्मी पिछले कई वर्षों के रिकॉर्ड्स तोड़ सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, गर्मी के दिनों में हीटस्ट्रोक होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। इससे बचे रहने के लिए सबसे जरूरी है धूप के संपर्क में आने से बचना और दिनभर में खूब पानी पीते रहना। इन दिनों लू से बचे रहने के लिए रोज कितना पानी पीना चाहिए? अगर आपके मन में भी ये सवाल है तो आइए इसका जवाब जान लेते हैं?

**गर्मियों में तरल पदार्थों का करें अधिक सेवन**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लू से बचने और डिहाइड्रेशन के खतरे को



कम करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है। गर्मियों में शरीर से पसीने के रूप में बहुत सारा पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स निकल जाते हैं, जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इस कमी को पूरा करने के लिए सभी लोगों को भरपूर मात्रा में पानी पीते रहने की सलाह दी जाती है।

**गर्मियों में बढ़ जाता है डिहाइड्रेशन का खतरा**

गर्मी में शरीर का तापमान नियंत्रित रखने के लिए आपको अधिक पसीना आता है और पसीने के माध्यम से शरीर से पानी के साथ सोडियम, पोटैशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स भी निकल जाते हैं। जो लोग गर्म वातावरण में या बाहर काम करते हैं जैसे मजदूर, किसान, पुलिस आदि उन्हें डिहाइड्रेशन को खतरा और अधिक होता है।

**शरीर को रोज कितने पानी की जरूरत होती है?**

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज, इंजीनियरिंग और मेडिसिन की रिपोर्ट्स के अनुसार शरीर को स्वस्थ रखने और धूप-लू से बचे रहने के लिए पुरुषों को रोजाना लगभग 3.7 लीटर तरल पदार्थ की जरूरत होती है।

महिलाओं को लगभग 2.7 लीटर तरल पदार्थ पीने की सलाह दी जाती रही है। इसमें पानी और अन्य तरल पेय शामिल होते हैं।

हालांकि सभी लोगों को कम से कम 2 से 2.5 लीटर पानी जरूर पीना चाहिए।

गर्मियों में चूंकि शरीर से अत्यधिक पानी निकल जाता है इसलिए सभी लोगों को आधे से एक लीटर अधिक पानी पीने की सलाह दी जाती है।

**इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति पर भी दें ध्यान**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं आपको खूब पानी तो पीते ही रहना चाहिए साथ ही शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स और अन्य पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए अन्य तरल पदार्थ भी पीने चाहिए।

दिन में 8–10 गिलास पानी जरूर पिएं।

नींबू पानी में थोड़ा नमक और चीनी डालकर पीने से शरीर को ऊर्जा प्राप्त होती है।

नारियल पानी पीना इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति के लिए सबसे अच्छा तरीका है।

घर का बना छाछ या लस्सी पिएं।

# क्या आपका भी शुगर लेवल घटता-बढ़ता रहता है?

ब्लड शुगर का स्थिर न रहना कई प्रकार की दिक्कतों का कारण बन सकता है। क्या बार-बार आपका भी शुगर लेवल कम या ज्यादा हो रहा है? समय रहते इसके कारणों का सही निदान और इलाज जरूर करा लें। डॉक्टर कहते हैं, ब्लड शुगर को नियंत्रित करके मधुमेह जटिलताओं, जैसे किडनी रोग, तंत्रिकाओं की क्षति, दृष्टि से संबंधित समस्याओं, स्ट्रोक और हृदय रोगों से बचा जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि आपका आहार स्वस्थ हो और आप शारीरिक रूप से सक्रिय रहें।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि जिन लोगों के ब्लड शुगर का स्तर अक्सर अनियंत्रित रहता है, उनमें थकान-कमजोरी और नींद की समस्याओं का होना काफी सामान्य है। टाइप-2 डायबिटीज वाले लोगों को ब्लड शुगर स्पाइक के कारणों के बारे में जानना और इससे बचाव के उपाय करते रहना जरूरी है। आइए जानते हैं किन वजहों से ब्लड शुगर लेवल बार-बार कम या ज्यादा होता रहता है और इसे कंट्रोल करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?

**कम पानी तो नहीं पी रहे हैं आप?**

डिहाइड्रेशन, यानी शरीर में पानी की कमी




के कारण ब्लड शुगर का स्तर बढ़ सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि शरीर में तरल पदार्थों की मात्रा कम होने से हाइपरग्लेसेमिया हो सकता है। रक्त शर्करा बढ़ने पर आपको अधिक पेशाब आ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप निर्जलीकरण और भी बढ़ने का जोखिम रहता है। मधुमेह वाले लोगों को हाइड्रेटेड और स्वस्थ रहने के लिए पूरे दिन खूब सारा पानी या अन्य कैलोरी-फ्री पेय पीते रहना चाहिए।

**मासिक धर्म चक्र के कारण भी हो सकती है ये दिक्कत**

मासिक धर्म के दौरान पेट में दर्द, सूजन जैसी दिक्कतें होना काफी सामान्य है, पर क्या आप जानते हैं कि यह ब्लड शुगर में स्पाइक का भी कारण बन सकता है? सीडीसी के अनुसार, प्रीमेंस्ट्रुअल फेज के दौरान हार्मोन में परिवर्तन के कारण ब्लड शुगर ज्यादा या कम होता रह सकता है। मधुमेह वाली कुछ महिलाएं पीरियड्स के दौरान इंसुलिन के प्रति कम संवेदनशील हो जाती हैं। इन दिनों आहार और जीवनशैली को ठीक रखना बहुत आवश्यक माना जाता है।

**नींद न पूरा होना एक कारण**

अगर आपकी रात में नींद पूरी नहीं हो रही है तो इससे न सिर्फ अगले दिन आपको मूड और ऊर्जा से संबंधित दिक्कतें हो सकती हैं, साथ ही यह आपमें ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव का कारण बन सकता है। साल 2015 में प्रकाशित एक समीक्षा के आधार पर निष्कर्ष निकाला कि नींद की कमी टाइप-2 डायबिटीज वाले लोगों में ग्लूकोज नियंत्रण और इंसुलिन संवेदनशीलता में बाधा उत्पन्न कर सकती है।

# ब्लड प्रेशर की बिल्कुल सही रीडिंग चाहते हैं तो इन बातों का रखें ध्यान

लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी ने कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को बढ़ा दिया है। कम उम्र में ही हृदय रोग, डायबिटीज सहित कई प्रकार की क्रॉनिक बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। हाई ब्लड प्रेशर भी एक ऐसी ही दिक्कत है जिसका सभी उम्र के लोग शिकार देखे जा रहे हैं, इसे बढ़ते हार्ट अटैक के मामलों के लिए भी प्रमुख कारण माना जाता रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को अपने ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने के लिए निरंतर उपाय करते रहना चाहिए। इसके लिए खान-पान में सुधार, सोडियम का सेवन कम करना और नियमित व्यायाम जरूरी है। इसके अलावा यदि आपके माता-पिता में से किसी को पहले से ब्लड प्रेशर की दिक्कत रही है तो आपको भी नियमित रूप से ब्लड प्रेशर मॉनिटर करते रहना और इसकी रीडिंग पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है।

**ब्लड प्रेशर बढ़ने के कारण हो सकती हैं कई दिक्कतें**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों का ब्लड प्रेशर अक्सर बढ़ा हुआ रहता है ऐसे लोगों में हृदय



से संबंधित समस्याओं जैसे हार्ट अटैक या हार्ट फेलियर होने का खतरा अधिक रहता है। हाई ब्लड प्रेशर आपकी किडनी, तंत्रिकाओं के लिए भी दिक्कत बढ़ाने वाली हो सकती है। यही कारण है कि इसे कंट्रोल में रखने के उपाय करते रहना जरूरी है।

नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच से दिल, किडनी और आंखों को होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है।

**क्या कहती हैं विशेषज्ञ?**

गुरुग्राम स्थित न्यूरोलॉजिस्ट डॉ प्रियंका सेहरावत कहती हैं, ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने के लिए कम उम्र से ही ध्यान देना जरूरी है। 20 से कम उम्र के लोगों में भी ये समस्या देखी जा रही है। जिनकी ब्लड प्रेशर की फैमिली हिस्ट्री रही है उन्हें घर पर ही रीडिंग मशीन रखना चाहिए और नियमित अंतराल पर इसकी जांच करते रहना चाहिए। हालांकि ब्लड प्रेशर की जांच के दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है, ताकि रीडिंग सही आए

कभी भी खाने के तुरंत बाद या फिर एक्सरसाइज के बाद ब्लड प्रेशर टेस्ट न करें।

ब्लड प्रेशर चेक करने से पहले 5 मिनट आराम करें ताकि शरीर में खून का संचार सामान्य हो जाए।

ब्लड प्रेशर चेक करने से पहले ब्लैडर खाली करें। यूरिन पास करने के बाद ब्लड प्रेशर टेस्ट करें

ब्लैडर भरा रहने से कई बार ब्लड प्रेशर हाई या गलत रीडिंग आ सकती है।

ब्लड प्रेशर चेक करने के 30 मिनट पहले किसी भी तरह के कैफीन, धूम्रपान का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे भी रीडिंग गलत आ सकती है।

ब्लड प्रेशर चेक करते समय पीठ और हाथों को कोई सपोर्ट दें।

**इन बातों का भी रखें विशेष ध्यान**

ब्लड प्रेशर रीडिंग के लिए हाथों में जो बैंड या कफ बांध रखा है उसे न तो बहुत ढीला रखें न ही बहुत टाइट। बैंड के नीचे दो उंगलियां चली जाएं इतनी जगह होनी चाहिए।

बाएं हाथ की रीडिंग को सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि इसकी धमनियां हार्ट के सबसे नजदीक होती हैं।

अगर घर पर ब्लड प्रेशर की रीडिंग ले रहे हैं दोनों हाथों में बारी-बारी बैंड लगाकर टेस्ट करें। अगर रीडिंग में 10mmhg तक का अंतर आ रहा है ये सामान्य है।

ब्लड प्रेशर टेस्ट करने का सबसे अच्छा समय सबुह 8 और शाम को आठ बजे है। कोशिश करें कि रोज एक ही समय पर रीडिंग लें।

# पित्ताशय की पथरी में शल्य चिकित्सा उपयोगी

**प्रश्न : मेरी उम्र 37 वर्ष है। एक दिन पेट के सीधे ऊपर में बेहद तेज दर्द उठा। अल्ट्रासाउंड से पता चला कि पित्ताशय में पथरी है। क्या यह मूत्र मार्ग से बाहर निकाली जा सकती हैं? सुझाव देवें।**

**– ए श्रीनिवास राव, सिद्दीपेट**

उत्तर : पित्ताश्मरी यानी गाल ब्लैडर स्टोन और वृक्काश्मरी यानी किडनी स्टोन दोनों अलग-अलग प्रकार के स्टोन है। एक कोलेस्ट्रॉल की अधिकता से यकृत के पित्ताशय की थैली में बनता है, जिसकी ओपनिंग छोटी आंत के डिओडीनम में है। तो दूसरा गुर्दे के किसी भाग या यूरेटर या यूरिनरी ब्लैडर (मूत्राशय) में बनता है। ज्यादातर यूरिनरी कैलकुलस आयुर्वेदिक दवाओं के प्रयोग से आसानी से मूत्र मार्ग से निकाले जा सकते हैं। पित्ताशय की पथरी का मूत्राश्मरी से कोई संबंध नहीं है। पित्ताश्मरी को निकालने के लिए केवल शल्य चिकित्सा ही उपयोगी है। अतः आप कोई भी दवा के चक्कर में ना पड़कर अच्छे शल्य चिकित्सक (गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन) से संपर्क कर अपनी शल्य क्रिया करवाएं।

**प्रश्न : ब्रश करने क्या दबाने से मसूढों में खून आता है। मसूढें सूजे रहते हैं। क्या इनका आयुर्वेद में उपचार हैं? कृपा कर बताएं।**

**– श्रीमती वसुंधरा रेड्डी, कामारेड्डी**

उत्तर : आपको 'पायरिया' नामक रोग हो गया है। इसमें मसूढों में



सूजन के साथ खून और भी पीप लगता है। मसूढें कमजोर होने से कई बार चलदंत की शिकायत भी होती देखी गई है। इससे ओरल हाइजीन बुरी तरह प्रभावित होता है। मुंह से दुर्गंध भी आने लगती है।

आयुर्वेद में इसका उपचार है। ऊंझा का दशनसंस्कार मंजन से दांत मांजा करें। इसके प्रभाव को बढ़ाने के लिए इसमें ऊंझा इरिमेदादी तैल मिलाकर मसूढों की मालिश करें। इसी से सुबह-रात दंत धावन करें। जल्दी ही राहत मिलेगी। भोजन के बाद गरारे करने की आदत डालें। इससे मुख गुहा में संक्रमण नहीं होगा। औषधि में ऊंझा महामंजिष्ठादिघन टिकिया, गंधक रसायन टिकिया और ऊंझा कांचनार गुग्गुलु को भोजन के बाद दिन में तीन बार लेवें। यह चिकित्सा क्रम एक माह तक लेवें। अवश्य लाभ होगा।

**प्रश्न : मेरी उम्र 65 वर्ष है। रीढ़ की हड्डी में दर्द रहने लगा है। जिसके कारण चलने में थोड़ा झुक कर चलने लगा हूं। कृपा कर इससे बचने का उपाय और इलाज बताएं।**

**– पी मधुसूदन, महबूबनगर**

उत्तर : रीढ़ की हड्डी हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पूरे शरीर के वजन को ही नहीं उठाता बल्कि हमारे रोजाना के कामकाज में भी ज्यादा जोर इसी पर पड़ता है। आप बैठते उठते समय सही पोश्चर रखें। सही पोश्चर नहीं रहने पर कशेरुकाओं (वर्टीब्रे) पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। बढ़ती उम्र के साथ मेरुदंड में ओस्टियोपोरोसिस, डिस्क डिजनरेशन, स्पाइन ओस्टियोआर्थराइटिस एवं स्पाइनल स्टेनोसिस आदि के होने की संभावना रहती है।

भोजन में सुधा तत्व वाले खाद्य पदार्थ जैसे दूध, दही, केला, गाजर आदि शामिल करें। धूम्रपान यदि करते हैं तो तुरंत बंद करें। शरीर का वजन बढ़ने ना दें। भारी वस्तुएं ना उठाएं।

आयुर्वेद में सुधा तत्व की भरपाई के लिए ऊंझा नवरत्न कल्पामृत रस, ऊंझा प्रवाल पंचामृत रस, अश्वगंधादि चूर्ण के साथ गाय के दूध से सुबह-शाम लेवें। मेरुदंड में दर्द की स्थिति में औरा रस रामेश्वर रस टिकिया और शल्लकी टिकिया या ऊंझा रास्नादी गुग्गुलु एवं त्रयोदशांग गुग्गुलु भोजन के बाद पानी से लेवें। फोम के बिस्तर पर नहीं सोएं। रुई की गद्दी पर सो सकते हैं। कोशिश करके सीधा बैठे या सीधा ही चले। झुकें नहीं। धीरे-धीरे इसमें अंतर अवश्य आएगा।


**डॉ.च.पुरुषोत्तम बिदादा**

email : purushottambidada@gmail.com


**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य कचपकाएं।**

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी

स्वतंत्र वार्ता

396, लोअर टैंक बंड, हैदराबाद-80



# सरकार की भरेगी जेब, रिजर्व बैंक देगा 2.5 लाख करोड़ रुपये ! क्या होगा इतनी बडी रकम का



नई दिल्ली,14 अप्रैल (एजेंसियां)। सरकार को रिजर्व बैंक से बड़ी रकम मिलने वाली है। जानकारों का कहना है कि वित्त वर्ष 25 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सरकार को जो सरप्लस (अतिरिक्त) पैसा ट्रांसफर करेगा, वो आसानी से 2.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो सकता है। पिछले साल आरबीआई ने जितना बड़ा डिविडेंड (मुनाफे का हिस्सा) दिया था, ये उससे भी लगभग पांचवां हिस्सा ज्यादा होगा। जब रिजर्व बैंक को मुनाफा होता है तो वह उसका कुछ हिस्सा सरकार को देता है। यानी रिजर्व बैंक के ज्यादा मुनाफे की वजह से सरकार को फायदा होगा। जानकारों का मानना है कि ये रकम सरकार के एफवाई26 के बजट अनुमान से भी ज्यादा हो सकती है। इससे सरकार को ज्यादा कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उम्मीद है कि इस साल राज्यों के विकास पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। रिजर्व बैंक सरकार के कर्ज का हिसाब-किताब रखता है। यह मई के आखिर में सरकार को बताएगा कि वो वित्त वर्ष 25 के लिए कितना सरप्लस पैसा ट्रांसफर करेगा। पिछले साल रिजर्व बैंक ने 2.1 लाख करोड़ रुपये दिए थे।

**क्या होगा इस रकम का ?**

यह पैसा सरकार को अपना वित्तीय घाटा कम करने में मदद कर सकता है। वित्तीय घाटा मतलब सरकार की कमाई और खर्च के बीच का अंतर। इसके अलावा, सरकार के खर्च करने से बैंकों के पास भी ज्यादा पैसा आएगा। सरकार ने अपने बजट में 2.2 लाख करोड़ रुपये के डिविडेंड का अनुमान लगाया था।

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की मुख्य अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा का कहना है कि इस डिविडेंड से सरकार को अपना वित्तीय घाटा ठीक करने में मदद मिलेगी। खासकर तब, जब अर्थव्यवस्था में सुस्ती की वजह से टैक्स कलेक्शन कम हुआ है। इसके अलावा यह बॉन्ड मार्केट के लिए भी अच्छा होगा। इससे बॉन्ड पर मिलने वाला ब्याज कम होगा, खासकर कम समय वाले बॉन्ड का। एमके का अनुमान है कि डिविडेंड 2.8 से 3 लाख करोड़ रुपये के बीच हो सकता है।

**ब्याज से जबरदस्त हुई आमदनी**

एएनजेड बैंकिंग ग्रुप के अर्थशास्त्री धीरज निम ने कहा कि रिजर्व बैंक ने रुपये को सहारा देने और एक्सचेंज रेट को स्थिर रखने के लिए डॉलर की खूब बिक्री की। इसके अलावा, बैंकों के पास पैसे की कमी थी। इसलिए केंद्रीय बैंक ने उन्हें पैसा दिया, जिससे उसे ब्याज मिला। इसलिए वित्त वर्ष 25 के लिए डिविडेंड ज्यादा होने की संभावना है।

# मार्च में रिटेल महंगाई बढ़कर 4% पहुंच सकती है

फरवरी में घटकर 3.61% पर आ गई थी, आज 4 बजे जारी होंगे आंकड़े



नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। मार्च में रिटेल महंगाई दर बढ़कर 3.8%-4% पर जा सकती है। इससे एक महीने पहले फरवरी में महंगाई 7 महीने के निचले स्तर 3.61% पर आ गई थी। वहीं जनवरी 2025 में महंगाई 4.31% थी। सांख्यिकी मंत्रालय कल यानी, मंगलवार 15 अप्रैल को महंगाई के आंकड़े जारी करेगा। सब्जियों की कीमतों में मिलाजुला रुख है, जबकि सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यानी, खाने-पीने की महंगाई स्थिर रहने की उम्मीद है, लेकिन अन्य चीजों की महंगाई थोड़ी बढ़ सकती है। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है।फरवरी में महंगाई 7 महीने के निचले स्तर 3.61% पर आ गई। खाने-पीने की महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 5.97% से घटकर 3.75% हो गई।ग्रामीण महंगाई 4.59% से घटकर 3.79% और शहरी 3.87% से घटकर 3.32% हो गई।महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।एक ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी सीपीआई करता है। हम सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, सीपीआई उसी को मापता है।

# गोल्डमैन सैक्स ने जारी किया नया अनुमान:सोने का भाव पहुंच सकता है 1.30 लाख प्रति 10 ग्राम, अभी रिकॉर्ड हाई पर चल रहा



नई दिल्ली,14 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना इंटरनेशनल मार्केट में 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.30 लाख रुपए तक जा सकते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने ये अनुमान जारी किया है। हालांकि, ऐसा तभी होगा जब ट्रेड वॉर और मंदी का रिस्क बहुत ज्यादा बढ़ जाए। अगर ट्रेड वॉर और मंदी का रिस्क एक्सट्रीम लेवल पर नहीं पहुंचता है तब भी सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है।

**अभी 93,353 रुपए के रिकॉर्ड हाई पर सोना**

सोना अभी अपने रिकॉर्ड हाई पर है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 93,353 पर पहुंच गया है। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 17,191 रुपए यानी 22.57% बढ़कर 93,353 रुपए प्रति 10 ग्राम बिक रहा है।

**महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,700 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,660 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,510 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 87,550 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 95,510 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,510 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,560 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने की दर 24 कैरट के लिए रुपए 95510 / 10 ग्राम और 22 कैरट के लिए रुपए 87550/10 ग्राम।

# ट्रंप का भारत के अमीरों पर कहर, दिग्गज अरबपतियों को चुकानी पड़ी भारी कीमत



नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। ट्रंप का कहर सिर्फ चीन और यूरोप के अरबपतियों पर ही दिखाई नहीं दिया है. बल्कि इसका काफी असर दुनियाभर के तमाम दिग्गजों पर दिखाई दिया है. अगर बात भारत की करें तो साल 2025 में देश के टॉप दिग्गज अरबपतियों की दौलत से अब तक 30.5 बिलियन डॉलर यानी 2.6 लाख करोड़ रुपए कम हो चुके हैं. इसका अधिकांश हिस्सा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक टैरिफ पॉलिसीज के कारण है, जिसने वैश्विक व्यापार तनाव को बढ़ाया है और बाजार में अस्थिरता पैदा की है. शेयर बाजार में इस वित्तीय तबाही ने भारत के कुछ सबसे प्रभावशाली अरबपतियों को प्रभावित किया है, जिनमें मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, शिव नादर, सावित्री जिंदल, दिलीप सांघवी और अजीम प्रेमजी शामिल हैं. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर देश के किस दिग्गज की दौलत में कितनी दौलत कम हुई है? भारत के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में इस साल 3.42 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है. अंबानी मौजूदा समय में 87.2 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ 17वें स्थान पर हैं. इस साल रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में लगभग 0.1 फीसदी की गिरावट आई, जबकि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज में 24 फीसदी की गिरावट आई. गौतम अडानी की संपत्ति 2025 में 6.05 बिलियन डॉलर घट गई है, क्योंकि इस दिग्गज के समूह को कुल मिलाकर नकारात्मक बाजार भावनाओं के कारण महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है. समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने इस साल लगभग 9% का नुकसान उठाया है.सावित्री जिंदल की संपत्ति में 2.4 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है. एचसीएल टेक्नोलॉजीज के संस्थापक शिव नादर ने भारत के अरबपतियों में सबसे अधिक 10.5 बिलियन डॉलर की संपत्ति खो दी है. भारतीय बाजारों में 2025 में महत्वपूर्ण करेक्शन को मिले हैं, जिसमें सेंसेक्स और निफ्टी जैसे बेंचमार्क सूचकांकों में इस साल अब तक 4.5 फीसदी की गिरावट आई है. बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप जैसे इंडेक्स में क्रमशः 14% और 17% से अधिक की गिरावट आई है.

# एंटी ट्रस्ट मामले में मेटा के खिलाफ सुनवाई, केस हारे तो बेचना पड़ सकता है इंस्टाग्राम और वाट्सएप




नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। मेटा के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग की परेशानी आने वाले दिनों में बढ़ सकती है। एंटीट्रस्ट मामले में कंपनी के खिलाफ सोमवार से ट्रायल शुरू होनी है। इस मामले अमेरिकी सरकार की एक जांच एजेंसी ने आरोप लगाया गया है कि जुकरबर्ग की कंपनी ने वर्षों से प्रतिस्पर्धा कानूनों का उल्लंघन कर अवैध रूप से सोशल नेटवर्किंग एकाधिकार हासिल किया है।दरअसल, अमेरिकी प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता निगरानी संस्था (एफटीसी) का आरोप है कि मेटा ने, जिसके पास फेसबुक का स्वामित्व है ने 2012 में इंस्टाग्राम और 2014 में व्हाट्सएप को खरीदकर बाजार से प्रतिस्पर्धा को खत्म कर दिया और एकाधिकार बना लिया। इस मामले में यदि न्यायाधीश एफटीसी के पक्ष में फैसला सुनाते हैं, तो मेटा को इंस्टाग्राम और वाट्सएप को बेचकर खुद को इन कंपनियों से अलग होने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इस मामले में तकनीकी जगत की अन्य दिग्गज कंपनियों को भी नोटिस जारी किया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे या नहीं? यह सवाल सिलिकन वैली में हर किसी की जुबान पर है। इस मामले की जांच कर रही एजेंसी ऐतिहासिक रूप से स्वतंत्र एजेंसी के रूप में काम करती रही है।

हालांकि, ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान जिस तरह से प्रचलित मानदंडों में बदलाव किया है उसे देखते हुए अमेरिका में पक्षपात और भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच पर व्यापक चिंता जताई जा रही है। इसी समय, जुकरबर्ग ट्रंप के रात्रिभोज में शामिल होकर और मेटा में कई बदलाव कर ट्रम्प के साथ निकटता दिखाने की हर संभव कोशिश की है।

# सावधान ! रोबोट अब फैक्ट्री में ही नहीं, घर तक में घुस आए हैं



बेंगलुरु,14 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक की राजधानी है बेंगलुरु। यह शहर भारत का सिलिकॉन वैली कहलाता है। इस शहर में आईटी इंडस्ट्री से जुड़े अधिकतर कामगार हैं, इसलिए यहां लोगों को पगार अच्छी मिलती है। पगार अच्छी है तो लाइफस्टाइल भी महंगी है। मकान किराया तो ज्यादा है ही, घरों में काम करने वाली मेड या बाई भी महंगी मिलती है। इसलिए बेंगलुरु के लोग अब धीरे-धीरे बिना मेड के रहने का विकल्प चुन रहे हैं। खाना बनाने, झाड़ू-पोछा करने के लिए वे मेड के बदले रोबोट का इस्तेमाल करने लगे हैं।हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक घरों में रोबोट रखने का चलन बेंगलुरु में बढ़ता ही जा रहा है। अब हेब्बल में रहने वाली 35 साल की मनीषा रॉय को ही देखिए, उन्होंने सात महीने पहले अपने कुक की जगह एक किचन रोबोट को रख लिया। उनका कहना है कि अब वो पहले से ज्यादा आराम में हैं। रोबोट के आने के बाद से उनका बाहर खाना भी कम हो गया है। उनके पति नवीन और उनकी ढाई साल की बेटी नक्षत्र को रोबोट से बना पोहा, पाव भाजी और राजमा चावल बहुत पसंद है।मनीषा बताती हैं, मेरा किचन रोबोट काट सकता है, भून सकता है, तल सकता है, चला सकता है, भाप दे सकता है और आटा भी गूंथ सकता है। इस ऑटोमैटिक मशीन में पहले से ही कई रेसिपी डाली हुई हैं। बस आपको बताए गए तरीके को फॉलो करना है, जरूरी चीजें डालनी हैं और सेटिंग चुननी है। इसके बाद मशीन अपने आप बाकी का काम कर लेती है। मनीषा रोबोट को मोबाइल ऐप से चलाती हैं। ऐप में सारे इंस्ट्रक्शन एक के बाद एक आते हैं। वो कहती हैं, मैं बस पैनल पर दिखाई देने वाली चीजें डाल देती हूं, रेसिपी के हिसाब से। मुझे तो ये भी देखने की जरूरत नहीं होती कि रोबोट सब्जियां काट रहा है या तल रहा है। रोबोट की वजह से वो खाना बनाते वक्त दूसरे काम भी कर पाती हैं। मनीषा कहती हैं, पहले जब मैं खुद खाना बनाती थी, तो अगर कपड़े वगैरह फोल्ड करने लगती थी, तो खाना जल जाता था। अब मैं दूसरे काम भी कर लेती हूं, क्योंकि मुझे पता है कि खाना जलेगा नहीं।टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, आजकल घर में काम करने वाले लोग मिलना मुश्किल हो गया है। उनकी सैलरी भी बढ़ती जा रही है और उन्हें मैनेज करना भी एक झंझट है। इसलिए बहुत से लोग अब दूसरे ऑप्शन देख रहे हैं। ऑटोमैटिक मशीनें और रोबोट अब कमाल कर रहे हैं। ये मशीनें घर के काम जैसे फर्श की सफाई, खाना बनाना और बर्तन धोना जैसे काम कर रही हैं।बेंगलुरु की आर्किटेक्ट मीरा वासुदेव झाड़ू-पोछा के लिए दो तरह के रोबोट इस्तेमाल करती हैं। वो कहती हैं, हमारे पास एक वायरलेस वैक्यूम क्लीनर भी है। और खाना मैं खुद बनाती हूं। मीरा पिछले 18 महीनों से बिना मेड के रह रही हैं।उनका एक रोबोट ऊपर की धूल साफ करता है और कालीन पर भी चल सकता है। ये इधर-उधर पड़े सामान और फर्नीचर के नीचे से भी निकल जाता है और काम खत्म होने पर अपने आप चार्जिंग डॉक पर चला जाता है। हालांकि, मीरा का कहना है कि ये मोटे कालीन पर ठीक से काम नहीं करता। दूसरा रोबोट फर्श पर पोछा लगाता है। इसमें पानी का एक टैंक होता है जो फर्श पर पानी छोड़ता है और साथ में लगा कपड़ा पोछा लगाता है। लेकिन, ये जिद्दी दागों को नहीं हटा पाता। इसलिए, वो साल में कुछ बार घर की अच्छे से सफाई करवाने के लिए कभी-कभी मेड बुलाती हैं। वो कहती हैं, अमेरिका की तरह, हमें भी समय-समय पर प्रोफेशनल क्लीनर से घर की डीप क्लीनिंग करवानी चाहिए।मनीषा के लिए उनका किचन रोबोट कुक रखने से ज्यादा सस्ता है। क्लेरिवेट में रिसर्च एसोसिएट के तौर पर काम करने वाली बायोसाइंस में पोस्ट ग्रेजुएट मनीषा कहती हैं, मैं अपनी मेड से खुश नहीं थी। मैं उसे महीने के 2,500 रुपये देती थी, लेकिन ज्यादातर काम मुझे खुद ही करना पड़ता था। अब मैं साल के 9,000 रुपये तक बचा रही हूं। कुकिंग रोबोट की कीमत लगभग 40,000 रुपये है, लेकिन मनीषा का कहना है कि इसमें पैसे लगाना समझदारी है। वो सुबह 7.30 बजे उठती हैं और ज्यादातर खाना रोबोट से ही बनाती हैं।

# 30 दिन में 40%, 50 दिन में 100% रिटर्न... लगातार पैसा बरसा रहा यह शेयर, एक लाख के बना दिए 5 लाख रुपये

नई दिल्ली,14 अप्रैल (एजेंसियां)। साल 2025 में शेयर मार्केट में भारी उतार-चढ़ाव बना हुआ है। इसका कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ है। शुक्रवार को मार्केट में काफी तेजी आई थी। हालांकि बात अगर इस साल यानी 2025 की करें तो सेंसेक्स में गिरावट बनी हुई है। वहीं कुछ शेयरों पर इस गिरावट का कोई असर नहीं पड़ रहा है। इनमें तेजी बनी हुई है। ऐसा ही एक शेयर मल्टीबैगर बना हुआ है। इसका नाम आरडीबी रियल एस्टेट कंस्ट्रक्शन लिमिटेड है। आरडीबी शेयर ने मात्र एक महीने में करीब 40 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं इसने दो महीने से भी कम समय में निवेश को दोगुना कर दिया है। यही नहीं, इस शेयर में लगातार अपर सर्किट लग रहा है। शुक्रवार को भी यह शेयर 2 फीसदी के अपर सर्किट के साथ 68.04 रुपये पर जाकर बंद हुआ।

**50 दिन में डबल रिटर्न**

इस शेयर ने मात्र 50 दिनों में डबल रिटर्न दिया है यानी निवेशकों की रकम को दोगुना कर दिया है। 21 फरवरी को इसकी कीमत 33.87 रुपये थी। अब 68.04 रुपये है। 21 फरवरी से लेकर अब तक करीब 50 दिनों में 100 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं बात अगर दो महीने की करें तो इसका रिटर्न 200 फीसदी से ज्यादा रहा है। दो महीने पहले यानी 11 फरवरी को इसकी कीमत करीब 20 रुपये थी। वहीं 11 अप्रैल को यह शेयर 68.04 रुपये पर पहुंच गया। ऐसे में इसने इन दो महीने में 240 फीसदी रिटर्न दिया है।

**एक लाख के बनाए 5 लाख रुपये**

इस शेयर ने बहुत कम समय में निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। बात अगर 100 दिनों की करें तो यह रिटर्न 400 फीसदी रहा है। यह शेयर 30 जनवरी 2025 को शेयर मार्केट में लिस्ट हुआ था। 31 जनवरी को इसकी कीमत 13.54 रुपये थी। अब 68.04 रुपये है। ऐसे में 31 जनवरी से लेकर अब तक इसका रिटर्न 402 फीसदी रहा है। अगर आपने 31 जनवरी को इसमें एक लाख रुपये निवेश किए होते तो वह रकम बढ़कर 5 लाख रुपये हो चुकी होती।

# खनन गतिविधियों से प्रभावित लोगों की भलाई के लिए सरकार का कदम, डीएमएफ और पीएमकेकेवाई की दक्षता में होगा सुधार



नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। खनन की गतिविधियों से प्रभावित होने वाले लोगों की भलाई के लिए खान मंत्रालय एक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई स्थापित करने पर विचार कर रहा है। इस इकाई का काम राज्यों के साथ प्रभावित लोगों के विकास के लिए चल रही योजनाओं का बेहतर प्रबंधन करना और प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना को सुचारु रूप से लागू करना होगा। सरकार ने साल 2025 में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) की शुरुआत की है। इसके तहत जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) को माइनिंग एक्ट के तहत मिलने वाले धन का प्रभावित लोगों की बेहतरी के लिए इस्तेमाल किया जाना है। केंद्र सरकार ने संबंधित राज्य सरकारों को डीएमएफ के तहत उनकी ओर से बनाए गए नियमों में पीएमकेकेकेवाई को शामिल करने और इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया है। खनन मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर दी गई जानकारी में बताया कि सरकार डीएमफ और पीएमकेकेकेवाई की दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रही है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | मेष मे | मेष--- | 06-00 बजे |
| चंद्र- | तुला मे | वृष--- | 07-44 बजे |
| मंगल | कर्क मे | मिथुन.. | 09-45 बजे |
| बुध- | मीन मे | कर्क--- | 11-57 बजे |
| गुरु- | वृष मे | सिंह--- | 14-09 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | कन्या-- | 16-16 बजे |
| शनि- | मीन मे | तुला---- | 18-21 बजे |
| राहु- | मीन मे | वृश्चिक-- | 20-32 बजे |
| केतु- | कन्या मे | धनु...... | 22-46 बजे |
| | | मकर... | 00-51 बजे |
| | | कुंभ.... | 02-41 बजे |
| | | मीन.... | 04-20 बजे |

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947,सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-03
भोग्य कलि वर्ष-426874 सूर्यास्त - 18-28
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
दिशाशूल - उत्तर - गुड खाकर घर से निकले
तिथि- द्वितीया 10-55 तक उपरान्त तृतीया
मास - वैशाख कृष्ण , मंगलवार 15 April
नक्षत्र - विशाखा 03:10 तक उपरान्त अनुराधा
योग - सिद्धि 23-32 तक उप व्यतिपात
करण- गर 10-55 तक उप वणिज
विशेष:-
व्रत -त्योहार - श्री वत्स योग

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 15:24 से 16:57 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 06:03 - 07:35 | अशुभ | काल | 18:28 - 19:57 | अशुभ |
| उत्पात | 07:35 - 09:09 | अशुभ | लाभ | 19:57 - 21:23 | शुभ |
| चंचल | 09:09 - 10:42 | शुभ | उत्पात | 21:23 - 22:50 | अशुभ |
| लाभ। | 10:42 - 12:16 | शुभ | शुभ | 22:50 - 00:16 | शुभ |
| अमृत. | 12:16 - 13:50 | शुभ | अमृत | 00:16 - 01:42 | शुभ |
| काल | 13:50 - 15:24 | अशुभ | चंचल | 01:42 - 03:08 | शुभ |
| शुभ | 15:24 - 16:57 | शुभ | रोग. | 03:08 - 04:34 | अशुभ |
| रोग | 16:57 - 18:28 | अशुभ | काल | 04:34 - 06:03 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,) — दिन शांत रहेगा । पिछले सप्ताह के व्यस्त कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी,जो अच्छी लगेगी । आपके वरिष्ठ अधिकारी आप पर नजर रखे हुए हैं ,इसीलिए अधिक मेहनत करें । कुछ अनापेक्षित निजी मुद्दे आपके सामने आ सकते हैं ,उनसे आपको आश्चर्य तो जरुर होगा,लेकिन आप संतोषजनक तरीके से उन्हें सँभालने में कामयाब होंगे ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) — आज आप आवेगी मूड में हैं ,किसी भी काम के बारे में भली प्रकार सोचे बिना ही करने दौड़ पड़ेंगे जिसके कारण आपको कार्यस्थल पर और पारिवारिक जीवन में भी दिक्कतें आ सकती हैं । हालाँकि इस समय ऐसा कर पाना थोडा मुश्किल है , लेकिन मन को शांत रखें । आपके सामने कई अवसर एक साथ आयेंगे,आपको सोच समझकर उनमें से चुनना है ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) — आपने अपने लिए बहुत ऊँचे मानक तय किये हैं और आप इन्हें हासिल करने के लिए बहुत प्रयास कर रहे हैं । फिर भी लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल होगा और इससे आपको थोड़ी निराशा होगी । आपको लक्ष्य तय करने से पहले अपनी क्षमताएं ध्यान में रखनी होंगी । समय कोई बड़ा फैसला लेने के लिए उपयुक्त नही है ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) — आज दिनभर आपका मूड बदलता रहेगा लेकिन आपका भाग्य आपके साथ है ,इसका एक नुक्सान यह है कि आप भाग्य के भरोसे पर अधिक रह सकते हैं । इस बात का ध्यान रखें कि इसके कारण परियोजनाओं की तैयारी में कोई कमी ना रहे । वित्तीय फायदे तो होंगे किन्तु अनावश्यक खर्च ना करें ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) — इस समय आपके जीवन में पुराने सम्बन्ध और संपर्क महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं । आपके ऊपर हर जगह बहुत अच्छा कार्य करने का काफी दबाव होगा लेकिन आपको यह समझने की जरुरत है कि ज्यादा दबाव आपके खुद के तय किये हुए बहुत ऊँचे मानकों के कारण है ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आज आप बहुत साहसिक अनुभव कर रहे हैं और अपना रास्ता खुद बनाने के लिए तैयार हैं । आप अपनी इच्छाशक्ति से सब मुश्किलों पर विजय प्राप्त कर लेंगे । आज आपकी तरक्की को कोई नही रोक सकता । इसीलिए अपने सभी मुश्किल काम आज करने की योजना बनाएं,सफलता आपके कदम चूमेगी ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) — अपने सब विचारों को एक साथ रखकर सोचें,इससे जो निष्कर्ष निकलेगा ,उससे आपको स्थितियों से निपटने में काफी मदद मिलेगी । अपने आप को उन चीजों में ना फंसने दें जिनमे आप विश्वास नही रखते । इन्हें छोड़कर आगे बढ़ जाएँ । इधर –उधर की हांकना आपकी आदत नही है ,लेकिन कई बार आपको ना चाहते हुए भी यह करना पड़ता है ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) — अपने वादों का सम्मान करें । आपको इसके लिए अपने मजे तथा आनंद के समय से समझौता करना पड़ सकता है परन्तु अगर आप दूसरों को दुःख नही पहुंचना चाहते तो आपको यह करना पड़ेगा । आपकी कल्पनात्मक शक्ति आपको लक्ष्य प्राप्ति में सहायता करेगी । आप मानवीय आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं, आपकी प्रगति तय है ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) — अपने घर से जुडी किसी अच्छी खबर के लिए तैयार रहें । निवास स्थान में बदलाव संभव है या नया घर खरीदने की योजना को अंतिम रूप दे सकते हैं । अपनी सकारात्मक ऊर्जा का लाभ उठायें । अगर आप कुछ समय से अपने घर या इसके किसी हिस्से को को नया रूप देने के बारे में सोच रहे हैं तो यह समय इसके लिए बहुत अच्छा है ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) — आपकी जीभ तेज है और मस्तिष्क तार्किक है लेकिन आपकी यह योग्यता आज आपकी असुरक्षित प्रवृति के कारण प्रभावित होगी । हमेशा की तरह बहाव का विरोध करने के स्थान पर उसके साथ चलें । आपको अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिल सकता है जबकि अभिमान से आपको कुछ नही मिलेगा । बाद में आप अच्छा और आत्मविश्वास से भरा अनुभव करेंगे ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) — आज कर्म में आपका विश्वास और पक्का हो जाएगा । आप यह मान लेंगे कि कर्म का फल अवश्य मिलता है । आप दूसरों की तकलीफ समझते हैं । आप सबसे आगे चलते हुए अपने व्यक्तित्व की उदारता की भी नोट करेंगे । कोई आपसे मदद मांगेगा । प्रियजनों के साथ छोटी-मोटी यात्रा कर सकते हैं ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) — कोई लगातार पूरी वफादारी,सहायता और समर्थन से आपके साथ बना हुआ है ,आज आपके पास इसका बदला उतारने और उसका साथ देने का एक मौका आएगा । आपको उसका साथ देने में एक मुश्किल स्थिति से भी गुजरना पद सकता है,पर अंतत इससे आपका रिश्ता मजबूत ही होगा । आपको दया और कृतज्ञता दिखाते हुए बहादुर बने रहना होगा ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# बच्चे की डूबने से मौत, 12 घंटे बाद भी कार्रवाई नहीं

## कांग्रेस बोली– मेयर गुलदस्ता लेने में व्यस्त, रायपुर निगम के आश्वासन के बाद चक्काजाम खत्म

रायपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। रायपुर में निगम के खोदे गए गड्ढे में 7 साल के बच्चे की डूबने से मौत होने के बाद गुस्साए लोगों ने धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम किया। 12 घंटे बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर गुलमोहर पार्क के बाहर प्रदर्शनकारियों ने निगम का पुतला दहन कर जिम्मेदारी अफसरों पर कार्रवाई की मांग की। वहीं 7 दिन के अंदर कॉलोनी की समस्याओं को सुलझाने लेने के निगम के आश्वासन के बाद लोगों ने चक्काजाम खत्म किया।

वहीं कांग्रेस ने कहा कि रायपुर में मौतें हो रही हैं। लेकिन मेयर गुलदस्ता लेने और माला पहने में ही व्यस्त है।

बता दें कि रायपुर के गुलमोहर पार्क में रविवार को निगम के खोदे गए गड्ढे में 3 बच्चे डूब गए, जिनमें से एक 7 साल के दिव्यांश की मौत हो गई है। आज बच्चे के शव का अंतिम संस्कार किया गया। दिव्यांश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। इस घटना के बाद से परिजन को रो-रोकर बुरा हाल है। पिता कहते हैं कि 2015 में शादी के तीन साल बाद मन्नत और पूजा पाठ के बाद दिव्यांश पैदा हुआ था। एक दिन पहले हमने साथ में भंडारा खाया।

पिता ने बताया कि रविवार को जब मैं ऑफिस जा रहा था, तो मुझे ये नहीं मालूम था की मेरा बच्चा मेरे साथ नहीं रहेगा। अगर वह गड्ढा समय से पाट दिया जाता तो आज मेरा बेटा जिंदा होता, दिव्यांश की मां मेरा दिव्यांश मेरा बाबू कहते हुए कई बार बेहोश जाती हैं।



6 महीने पहले सीवरेज के लिए निगम की ओर से गड्ढा खोदा गया था। कई बार शिकायत के बाद भी जिसे भरा नहीं गया और हादसा हो गया।

वहीं आयुक्त ने सहायक अभियंता योगेश यदु, उप अभियंता अंकिता अग्रवाल और ठेकेदार मेसर्स मधुसूदन अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# कुख्यात गैंगस्टर का करीबी सहयोगी धराया

## 34 संगीन मामलों का आरोपी हरि तिवारी गिरफ्तार फर्जी आधार कार्ड बरामद

पलामू, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पलामू पुलिस ने गैंगस्टर सुजीत सिन्हा और अमन साहू के करीबी अपराधी हरि तिवारी को गिरफ्तार किया है। हरि तिवारी उर्फ धीरेन्द्र कुमार तिवारी 36 वर्षीय है। उस पर रांची, जमशेदपुर, रामगढ़ और पलामू समेत कई जिलों में 34 मामले दर्ज हैं। पलामू में सुजीत सिन्हा गैंग का संचालन हरि तिवारी करता है। वह शहर थानाक्षेत्र के बारालोटा का निवासी है। एनआईए ने भी पूर्व में उसके घर पर छापेमारी की थी। हरि तिवारी 2012 से सुजीत सिन्हा गैंग के लिए सक्रिय है। हाल ही में वह जेल से बाहर आया था। सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के अनुसार, 12 जनवरी को हाउसिंग कॉलोनी स्थित केके मेमोरियल स्कूल के पास से छह अपराधियों को हथियारों के साथ पकड़ा गया था।

# 4.12 लाख के जाली नोट संग तीन गिरफ्तार

## बैग में कपड़ों के बीच 500–500 का नोट रखा था, पंजाब में खपाने की थी तैयारी

साहिबगंज, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। बरहरवा रेलवे पुलिस ने बरहरवा स्टेशन से तीन लोगों को 4 लाख 12 हजार रुपए के जाली नोट के साथ पकड़ा है। इनमें दो पंजाब के और एक झारखंड का निवासी है। पुलिस गश्त के दौरान टिकट काउंटर के पास दो संदिग्ध दिखे। तलाशी में तीन बैग से कपड़ों के बीच पांच-पांच सौ के नकली नोट मिले। जांच में सभी नोट जाली पाए गए।

बरहरवा जीआरपी सब इंस्पेक्टर भूदेश्वर उरांव ने सोमवार को बताया कि पकड़े गए लोगों में दीप सिंह और इंद्रप्रीत सिंह पंजाब के रहने वाले हैं। दोनों की निशानदेही पर बरहरवा निवासी कालू घोष को भी गिरफ्तार किया गया। कालू ने ही उन्हें नकली नोट दिए थे।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इससे पहले भी वे दो बार 50-50 हजार के नकली नोट पंजाब में खपा चुके हैं। इस बार वे 4 लाख 12 हजार रुपए के नोट लेकर जा रहे थे। योजना थी कि इन्हें पंजाब के अलग-अलग इलाकों में खपाया जाए। पुलिस ने तीनों के पास से तीन मोबाइल भी जब्त किए हैं। पूछताछ में कई अहम सुराग मिले हैं। पुलिस जाली नोट के स्रोत का पता लगाने में जुटी है। फिलहाल पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है। पिछले दो महीने में साहिबगंज, फरक्का और बरहरवा में चार बार जाली नोट पकड़े गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार साहिबगंज, पाकुड़ और मुर्शिदाबाद के फरक्का क्षेत्र को नकली नोट कारोबारियों ने कॉरिडोर बना लिया है। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेश के आतंकी संगठन जेएमबी भारत की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के लिए साहिबगंज-पाकुड़ के रास्ते जाली नोट फैला रहे हैं।



# सरेंडर करने वाले नक्सलियों को शिक्षा

## नौकरी और वित्तीय सहायता देगी छत्तीसगढ़ सरकार



रायपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलियों को मुख्यधारा में शामिल कराने के लिये उनके पुनर्वास नीति को लेकर हर तरह के कदम उठा रही है। राज्य सरकार ने नक्सल क्षेत्रों में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से नक्सलवादी आत्मसमर्पण पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 लागू की है। इसके तहत सरेंडर करने वाले सक्रिय इनामी नक्सलियों और उनके परिवारजनों को सरकार शिक्षा, नौकरी और वित्तीय सहायता जैसी कई महत्वपूर्ण सुविधाएं मुहैया करायेगी।

**सरकारी सेवा में नियुक्ति का प्रावधान**

यदि किसी आत्मसमर्पित नक्सली ने नक्सलियों के विरुद्ध अभियान में पुलिस को विशेष सहयोग दिया है और इसके कारण उसकी जान व संपत्ति को खतरा है, तो ऐसे प्रकरणों में उसे पुलिस विभाग के आरक्षक या समकक्ष पद पर नियुक्त करेगी। अन्य विभागों में नियुक्ति के लिये जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा आवश्यक होगी। वहीं पांच लाख रुपए या उससे अधिक के ईनामी नक्सली के आत्मसमर्पण की स्थिति में पात्रता रखने पर नक्सली अथवा उसके परिवार के किसी एक सदस्य को शासकीय सेवा में नियुक्ति देगी। यदि किसी कारणवश सेवा नहीं दी जा सकती, तो ऐसे आत्मसमर्पित को एकमुश्त 10 लाख की राशि सावधि जमा के रूप में दी जाएगी। यह राशि 3 वर्षों के अच्छे आचरण के बाद एकमुश्त हस्तांतरित की जाएगी।

छत्तीसगढ़ सरकार ने आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं उनके बच्चों की शिक्षा के लिए भी जरूरी कदम उठाये हैं। बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक निःशुल्क एवं प्राथमिकता आधारित शिक्षा शासकीय एवं आवासीय विद्यालयों में दी जाएगी। छात्रावास की सुविधा आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से प्रदान की जाएगी। यदि आत्मसमर्पित नक्सली या उनके बच्चे निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ना चाहें, तो उन्हें शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आरक्षित सीट में प्रवेश एवं अनुदान राशि प्रदान की जाएगी।

# बिना दहेज 5 जोड़ों की शादी, हर घर बना रिश्तेदार-बाराती

## महज ढाई लाख में 5 शादियां, किसी ने राशन-टेंट-बर्तन तो किसी ने दिया साउंड-सिस्टम

बालोद, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के छोटे से गांव लिमोरा में महज ढाई लाख में 5 अनोखी शादियां हो रही हैं। शादी में न कोई दहेज है, न कोई शानो-शौकत का दिखावा, फिर भी यह शादी इतनी भव्य और खास है कि इसे गांववाले त्योहार की तरह मना रहे हैं, जो हर साल निरंतर चलेगा।

इस गांव ने न कोई वेडिंग प्लानर बुलाया, न ही किसी बड़े होटल या फार्महाउस में शादी की। न कोई भव्य पंडाल, न महंगे जेवर, न ही कोई दिखावा। केवल रिश्तों की गर्माहट, परंपराओं की सादगी और समाज को एक मजबूत संदेश शादी वाला है।

मंडप गांव के बीचोंबीच बना। गांव का हर कोई नाते-रिश्तेदार, हर घर मेहमान बना और पूरा गांव बाराती। हर घर ने थोड़ा-थोड़ा योगदान दिया। शादी के लिए किसी ने बर्तन दिए, किसी ने टेंट, किसी ने सजावट का सामान तो किसी ने साउंड सिस्टम।

मंडप में नाच-गान, हल्दी की रस्म और पारंपरिक रीति-रिवाजों से शादी हो रही है। इस अनोखी गांव के बैंड ने बारात में संगीत बजाया और गांव के ही कलाकारों ने रात भर पंडवानी की प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक रंग भर दिया। पढ़िए इस रिपोर्ट में बिना तामझाम, बिना दहेज के खुशियों और मुस्कान भरी शादी कैसे कई घरों को बोझ मुक्त और खुशहाल बना सकती है।



लिमोरा गांव के रिटायर्ड शिक्षक रोहित कुमार अठनागर बताते हैं कि आज की भाग-दौड़ भरी दुनिया में, जहां शादियों को रॉयल इवेंट की तरह मनाने का चलन है। लाखों-करोड़ों खर्च कर दिए जाते हैं, लेकिन इस चमक-धमक और बेफिजूल के खर्च को हम गांववालों ने मिलकर नकारा है। ये उन हजारों-लाखों परिवारों के लिए प्रेरणा है, जो दहेज की चक्की में पिस रहे हैं।

रोहित कुमार ने बताया कि इस पहल को बड़ा रूप देने के लिए कम से कम 5 जोड़ों का विवाह कराना तय किया गया था, लेकिन गांव में उस समय केवल दो ही जोड़े विवाह योग्य थे। ऐसे में बाकी 3 जोड़े पड़ोस के गांव अमोरा, करहीभदर और भेड़िया नवागांव से लाए हैं। इनमें से कुछ के रिश्ते तय हो चुके थे। कुछ के रिश्ते जल्दी तय कराए गए।

गांव के सरपंच जालम सिंह पटौदी बताते हैं कि हल्दी और मायन की रस्में पूरी की गई है। आज फेरे भी हो जाएंगे। इस आयोजन में गांव का हर व्यक्ति सहभागी है, जहां हर घर से लोगों ने चावल सहित अन्य जरूरी सामग्रियां दी हैं। पूरा खर्च गांव सामूहिक रूप से वहन कर रहा है। पूर्व शिक्षक कपिल राणा ने बताया कि हम दहेज प्रथा और वैवाहिक आयोजनों में दिखावे की परंपरा के सख्त खिलाफ हैं, क्योंकि विवाह केवल एक रस्म नहीं, बल्कि दो परिवारों के आत्मीय मिलन का संबंध होता है। हमारे गांव के कई लोग नाचा कार्यक्रमों के माध्यम से अलग-अलग जगहों पर दहेज प्रथा और फिजूल खर्ची का विरोध करते आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इसी सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी को समझते हुए यह सामूहिक विवाह आयोजन किया गया है। खाने में देसी स्वाद था, दिलों में खुशी और चेहरों पर गर्व दिख रहा है। परिवार में कोई तनाव नहीं, कोई दिखावा नहीं सिर्फ प्यार, अपनापन और आत्मसम्मान नजर आ रहा है।

आयोजन समिति के सदस्य और लिमोरा के पूर्व सरपंच मुकेश साहू कहते हैं कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता लाना है। उनका मानना है कि समाज का पहला दायित्व होना चाहिए कि विवाह योग्य बेटा-बेटियों का विवाह सामूहिक रूप से और सामाजिक सहयोग से कराया जाए, ताकि गरीब परिवार विवाह के बाद कर्ज के बोझ तले दबने से बच सकें।

गांव के लोगों ने कहा कि यह आयोजन केवल शादी नहीं था। यह एक सामाजिक परिवर्तन की शुरुआत थी। दहेज जैसी कुप्रथा को इस शादी ने खुली चुनौती दी। एक मजबूत संदेश दिया कि शादी में प्रेम और समर्थन होना चाहिए, न कि बोझ और दिखावा।

# 'दहेज में कार चाहिए': दुल्हन से करता था ये मांग

## गुस्से में बरात लेकर लौटा जवान, पीड़िता ने सुनाई आपबीती

कबीरधाम, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। कबीरधाम जिले में शादी के दिन दहेज में कार की मांग पूरी नहीं होने पर दूल्हे और उसके परिवार ने फेरे रुकवा दिए। इसके बाद वह बरात वापस ले गए। लड़की की रिपोर्ट पर पुलिस ने दूल्हे सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला कबीरधाम जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र के एक गांव का है।

आरोपी दूल्हे का नाम भगवान दास मानिकपुरी है, जो सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन का जवान है और झारखंड में पदस्थ है। इसके अलावा दूल्हा के परिवार के घुरवादास मानिकपुरी, मोनुदास मानिकपुरी समेत अन्य लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2), 85 के तहत मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी अनुसार, जिले के पांडातराई थाना क्षेत्र के ग्राम चारभांठा निवासी आरोपी दूल्हा भगवान दास मानिकपुरी के साथ लड़की की 26 नवंबर 2024 को सगाई हुई थी। इसके बाद 11 अप्रैल को विवाह की तारीख तय हुई। सगाई के बाद से भगवान दास के साथ लड़की मोबाइल से बात करती थी।

इस दौरान आरोपी भगवान दास दहेज में कार समेत अन्य समान के संबंध में बोलते रहता था। तुम्हारे घर के लोग बहुत संपन्न है। मुझे कार, एसी, सोने चांदी के जेवर आसानी से दे सकते हैं, बोलता था। लड़की ने इसे मजाकिया तौर में बात कर रहे हैं, सोचकर टालती रहती थी।

भगवान दास द्वारा दहेज में कार के लिए बार-बार बोलने की बात को लड़की ने अपने परिवार वालों को बताई थी। 11 अप्रैल को जब बरात लड़की के घर पहुंची तो दूल्हे को दहेज में कार नहीं दिखी। जिसपर उसने लड़की से जानकारी ली तो पता चला कि कार के एवज में स्कूटी दी जा रही है।

इस पर दूल्हा ने लड़की के साथ विवाद शुरू कर दिया और मारपीट की। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर लड़की ने अपने परिवार के लोगों को बताया। लड़की के परिवार के लोगों ने दूल्हा और उसके परिजन से बात की, जिसपर कार की डिमांड की गई। विवाद बढ़ता गया और दूल्हा पक्ष ने मारपीट की।

दूल्हे ने शादी नहीं करने की बात को लेकर बरात को वापस ले गया। फिलहाल, इस मामले में लड़की के आवेदन पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आज सोमवार तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

# यज्ञ जुलूस पर पथराव के बाद आगजनी

## जीटी रोड किया जाम, भारी फोर्स तैनात लोग बोले– गाने को लेकर शुरू हुआ विवाद

हजारीबाग, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। हजारीबाग में रविवार देर रात दो पक्षों में जमकर पत्थरबाजी हुई। इसमें कई लोगों के घायल होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि बरकट्ठा के झुरझुरी में यज्ञ चल रहा था।

यज्ञ के खत्म होने के बाद नगर भ्रमण किया जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही जुलूस तरबेचवा स्थित मस्जिद के पास पहुंचा, पथराव शुरू हो गया।

पत्थरबाजी की जानकारी मिलते ही नगर भ्रमण पर निकले लोगों के पक्ष में कई और लोग भी मौके पर पहुंच गए। घटना बरकट्ठा की है।

इलाके में अंधेरा होने की वजह से असामाजिक तत्व कुछ ज्यादा ही सक्रिय हो गए थे। मौके पर घरों में रखे पुआल और दूसरी चीजों में आग लगा दिया गया। आगजनी अलग-अलग जगहों पर की गई। हालांकि इस आगजनी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। नाराज लोगों ने जीटी रोड जाम कर दिया। इसे जीटी रोड में वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। नाराज लोग मानने को तैयार नहीं थे। देर रात काफी मशक्कत के बाद जीटी रोड का जाम खुला। वहीं इलाके को छावनी में बदल दिया गया।

लोगों को कहना है कि गाना बजाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। इधर, हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा- 'इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है।

पुलिस कानून तोड़ने वालों पर कार्रवाई करेगी। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।'

# छत्तीसगढ़ का बढ़ाया मान: आईपीएस भावना गुप्ता ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

## राज्य गठन के बाद पहली बार हुआ ऐसा



गौरेला पेंड्रा मरवाही, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। केरल के कोच्चि में 11 से 14 अप्रैल 2025 तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2025 में छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण सामने आया है। जिसमें गौरेला पेंड्रा मरवाही की पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता (आईपीएस) ने महिला व्यक्तिगत एकल टेबल टेनिस प्रतियोगिता में मिजोरम पुलिस को फाइनल में पराजित करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट में भावना गुप्ता और डीएसपी प्रोबेशनर आकर्षी कश्यप के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की महिला टेबल टेनिस टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। यह छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद का पहला टीम इवेंट मेडल है, जो पुलिस खेलों में राज्य की बढ़ती हिस्सेदारी और प्रतिभा को दिखाता है। भावना गुप्ता और आकर्षी कश्यप ने महिला युगल और मिश्रित युगल श्रेणियों में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया है। इन मुकाबलों के परिणाम आना अभी बाकी हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ टीम को इस इवेंट्स में भी पदक की काफी उम्मीद है। 11 से 14 अप्रैल 2025 तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में देशभर की पुलिस इकाइयों ने हिस्सा लिया है। प्रतियोगिता का आयोजन कोचीन, केरल में किया जा रहा है, जहां महिला प्रतिभागियों ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है।

छत्तीसगढ़ पुलिस के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन ने न केवल राज्य का मान बढ़ाया है, बल्कि यह संकेत भी दिया है कि अब राज्य की महिला पुलिस अधिकारी भी राष्ट्रीय खेल मंचों पर अपनी चमक बिखेरने में सक्षम हैं। भावना गुप्ता और आकर्षी कश्यप जैसी अधिकारियों की सफलता आने खेल एवं विभागीय खेल को आने वाले दिनों में प्रोत्साहित करेगी।

# दवाई से भरी पिकअप वैन पलटी

## देवघर के चालक की मौत, दो घायल लाखों रुपए की दवाइयां बर्बाद

पाकुड़, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकुड़ जिले में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। लिट्टीपाड़ा सिमलौंग क्षेत्र में सोमवार को एक दवाइयों से भरी पिकअप वैन पलटकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना सिमलौंग-धरमपुर मुख्य सड़क पर बड़ा मुड़जोड़ा के पास हुई। पिकअप वैन देवघर से दवाइयां लेकर बरहरवा जा रही थी। घुमावदार मोड़ पर वाहन का संतुलन बिगड़ गया। गाड़ी तीन बार पलटी और पेड़ से टकरा गई।

हादसे में देवघर निवासी 36 वर्षीय संदीप यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, देवघर के ही अशोक यादव (34) और टुनटुन यादव (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।


पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा पहुंचाया। डॉक्टर मुकेश बेसरा ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए पाकुड़ सोनाजोड़ी सदर अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि चालक को झपकी आ गई होगी। अचानक मोड़ देखकर घबरा गया और वाहन पलट गया। हादसे में लाखों रुपए की दवाइयां भी बर्बाद हो गईं।

# जांजगीर-चांपा के प्रकाश इंडस्ट्रीज में ब्लास्ट, मैनेजर और डायरेक्टर पर एफआईआर

## हादसे में जीएम समेत 13 मजदूर 70 फीसदी झुलसे, 15 टन फर्नेस का गर्म लावा छिटका

जांजगीर-चांपा, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में प्रकाश इंडस्ट्रीज में हुए फर्नेस ब्लास्ट में 13 मजदूर झुलस गए। हादसे में लापरवाही सामने आने के बाद फैक्ट्री प्रबंधक उदय सिंह और संचालक संजय जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि इन पर भारतीय दंड संहिता की धाराएं 287, 289, और 125(बी)/3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोप है कि प्लांट में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई, जिससे यह हादसा हुआ।

शनिवार को प्लांट में 15 टन क्षमता वाली पुरानी फर्नेस में ब्लास्ट हो जाने से 13 मजदूर 70 फीसदी से ज्यादा झुलस गए। जिनमें 8 ठेका मजदूर, 4 नियमित मजदूर और प्लांट के जीएम शामिल हैं। हादसे में लापरवाही सामने आने के बाद फैक्ट्री प्रबंधक उदय सिंह और संचालक संजय जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह 6 बजे फर्नेस में कच्चा माल चार्ज किया गया था। लेकिन सुबह 8 बजे इलेक्ट्रिकल केबल में खराबी के चलते फर्नेस का तापमान नियंत्रित नहीं हो पाया, जिससे उसे बंद करना पड़ा। बाद में केबल की मरम्मत कर दोपहर 3:30 बजे फर्नेस दोबारा चालू किया गया।

करीब आठ घंटे तक बंद रहने के कारण फर्नेस के भीतर मोल्टन मेटल और स्लैग जम गया था। इसे हटाने के लिए मजदूर लोहे की छड़ से पोकिंग कर रहे थे। इसी दौरान फर्नेस के अंदर जमा गर्म धातु और गैस अचानक बाहर निकल गई, जिससे पास खड़े कर्मचारी और मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए।

जांच में सामने आया कि प्रबंधन ने मानक संचालन प्रक्रिया का पालन नहीं किया। मजदूरों को उचित सुरक्षा उपायों के बिना खतरनाक प्रक्रिया में लगाया गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। इसी आधार पर फैक्ट्री प्रबंधक और संचालक पर आपराधिक मामला दर्ज किया गया है।

# बीजेपी सांसद का रायपुर एसएसपी ऑफिस पर कब्जा

## सीएम से मांगा बंगला, नहीं मिला तो जड़ा ताला बस्तर को बनाया रायगढ़ बाड़ा, नेमप्लेट भी बदला

रायपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने रायपुर एसएसपी ऑफिस के लिए अलॉट बंगले पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने बंगले में ताला जड़कर 6 जगहों पर अपने नाम की नेमप्लेट भी लगा दी है। जिससे किसी पुलिस वाले को शक न हो। इतना ही नहीं बंगले का नाम भी बस्तर बाड़ा से बदलकर रायगढ़ बाड़ा कर दिया गया है।

दरअसल, सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने रायपुर सिविल लाइन के बंगला नंबर बी-5/12 (जिसे पहले बस्तर बाड़ा कहा जाता था) की डिमांड मुख्यमंत्री से की थी। इसके लिए 24 अगस्त 2024 को बाकायदा सीएम हाउस से नोटशीट भी भेजी गई थी। लेकिन गृह विभाग ने बंगला देने की जगह उसे एसएसपी ऑफिस के लिए अलॉट कर दिया।

असल में यह बंगला पहले भूपेश सरकार में कांग्रेस अध्यक्ष रहे मोहन मरकाम को मिला था। तब इस बंगले का नाम बस्तर बाड़ा था, लेकिन उन्होंने 2024 में यह बंगला खाली कर दिया। फिर 30 जनवरी 2025 को गृह विभाग ने इसे एसएसपी ऑफिस के लिए अलॉट किया।

# चीन ने कीमती मेटल्स की सप्लाई रोकी

## गाड़ी, हथियार, एयरक्राफ्ट महंगे होंगे, अब ट्रम्प बोले- इलेक्ट्रॉनिक सामान पर भी टैरिफ लगाऊंगा

वॉशिंगटन, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन ने अमेरिका के साथ बढ़ते ट्रेड वॉर के बीच 7 कीमती धातुओं (रेयर अर्थ मटेरियल) के निर्यात पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी पोर्ट्स पर रोक दिए हैं। ये सामान ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस बिजनेस के लिए बेहद अहम हैं। इस फैसले से दुनियाभर में मोटरव्हीकल, एयरक्राफ्ट, सेमीकंडक्टर और हथियार बनाने वाली कंपनियों पर असर पड़ेगा। ये सामान महंगा हो जाएगा। चीन ने 4 अप्रैल को इन 7 कीमती धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था। कीमती धातुओं में समेरियम, गैडोलिनियम, टरबियम, डिस्प्रोसियम, लुटेशियम, स्कैंडियम और यिट्रियम शामिल हैं। आदेश के मुताबिक ये कीमती धातुएं और उनसे बने खास चुंबक सिर्फ स्पेशल परमिट के साथ ही चीन से बाहर भेजे जा सकते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को घोषणा कर कहा कि स्मार्टफोन, कंप्यूटर और



अन्य इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट्स को जैसे को तैसा टैरिफ से छूट दी गई है, लेकिन यह कुछ ही समय के लिए है। उन्होंने सेमीकंडक्टर सेक्टर और पूरी इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन की जांच शुरू करने का ऐलान किया।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इन इलेक्ट्रॉनिक्स पर अलग से टैरिफ लगाया जाएगा। इससे पहले अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक ने कहा था कि स्मार्टफोन और कंप्यूटर समेत दूसरी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को दी गई छूट अस्थायी है।

उन्होंने कहा कि अगले 2 महीनों में इन चीजों पर एक अलग टैरिफ लगाने का प्लान है। इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। लुटनिक ने कहा कि नए टैरिफ नेशनल सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए लगाए जाएंगे, ताकि इन प्रोडक्ट का उत्पादन अमेरिका में हो सके।

### इलेक्ट्रॉनिक सामान पर छूट से अमेरिकी टेक कंपनियों को राहत

अमेरिकी कस्टम एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (सीबीपी) ने शनिवार को नोटिस जारी कर कहा था कि स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट्स को रेसिप्रोकल टैरिफ से छूट दी गई है। इस फैसले को कई अमेरिकी टेक कंपनियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।

पिछले हफ्ते ट्रम्प की टैरिफ नीति में लगातार बदलाव से वॉल स्ट्रीट में 2020 की कोविड महामारी के बाद से सबसे बड़ी उथल-पुथल देखी गई। स्टैंडर्ड एंड पूअर्स 500 इंडेक्स 20 जनवरी को ट्रम्प के सत्ता में आने के बाद से 10% से ज्यादा गिर गया। ट्रम्प के 145% के जवाब में चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को अमेरिकी आयात पर अपने टैरिफ को भी 125% तक बढ़ा दिया था। हालांकि, चीन की कॉमर्स मिनिस्ट्री ने रविवार को अमेरिका से अपील की थी कि वह रेसिप्रोकल टैरिफ पूरी तरह से खत्म कर दे।

चीनी मंत्रालय ने कहा था कि शेर के गले में बंधी घंटी को सिर्फ वही इंसान खोल सकता है जिसने उसे बांधा है। अमेरिका अपनी गलतियों को सुधारने के लिए एक बड़ा कदम उठाए। रेसिप्रोकल टैरिफ की गलत प्रथा को पूरी तरह से रद्द करे और आपसी सम्मान के रास्ते पर लौट आए।

# बांग्लादेशियों के इजराइल जाने पर युनुस सरकार की रोक

## लोगों के पासपोर्ट पर मैसेज- इजराइल के लिए वैध नहीं, गाजा में गोलाबारी के चलते फैसला

ढाका, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने बांग्लादेशी लोगों के इजराइल जाने पर रोक लगाई है। गाजा में इजराइली सेना के हमलों के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए सरकार ने ये फैसला लिया है।

बांग्लादेशी लोगों के पासपोर्ट्स पर सरकार ने फिर से 'इजराइल के लिए मान्य नहीं' लिखना शुरू कर दिया है। 2021 में शेख हसीना सरकार ने पासपोर्ट्स से ये लाइन हटाने का निर्देश दिया था।

बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने पासपोर्ट और इमिग्रेशन डिपार्टमेंट ने विदेश जा रहे नागरिकों के ट्रैवल परमिट पर फिर से ये लाइन लिखने का निर्देश जारी किया है- 'ये पासपोर्ट इजराइल को छोड़कर सभी देशों में वैध है।' गृह मंत्रालय के सिक्योरिटी सर्विसेज डिवीजन की डिप्टी सेक्रेटरी नीलिमा अफरोज ने बताया कि ये आदेश 7 अप्रैल को जारी किया गया है। 17 करोड़ की आबादी वाला मुस्लिम बहुल बांग्लादेश इजराइल के साथ डिप्लोमैटिक संबंध नहीं रखता है और आजाद फिलिस्तीन का समर्थन करता है।

पुराने बांग्लादेशी पासपोर्ट्स पर एक लाइन लिखी रहती थी- 'ये



पासपोर्ट इजराइल को छोड़कर बाकी सभी देशों में वैध है।' 2021 में तत्कालीन पीएम शेख हसीना की अवामी लीग सरकार ने इस लाइन को पासपोर्ट्स से हटा दिया था। उस वक्त अधिकारियों ने कहा था कि उन्होंने इजराइल को लेकर अपना रुख नहीं बदला है, ये कदम सिर्फ पासपोर्ट्स का इंटरनेशनल स्टैंडर्ड बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

उस वक्त बांग्लादेश के विदेश मंत्री रहे एके अब्दुल मोमिन ने कहा था कि बांग्लादेश से कोई इजराइल घूमने नहीं जा सकता है और अगर कोई जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, पासपोर्ट्स से लाइन हटाने के बाद बांग्लादेशियों को ये अनुमति दी गई कि अगर उन्हें किसी तीसरे देश से वीजा मिल जाता है, तो वे इजराइल जा सकते हैं।

इस ऐलान के एक दिन पहले ही हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने सिलहट, चटगांव, खुलना, बरिशाल, कमिला और ढाकाकी सड़कों पर उतरकर गाजा में इजराइली हमलों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया था। लोग फिलिस्तीनी झंडे लेकर 'फिलिस्तीन को आजाद करो' के नारे लगा रहे थे। इजराइल विरोधी प्रदर्शनकारियों ने कई इंटरनेशनल ब्रांड्स की दुकानों में लूटपाट और तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारी बाटा, केएफसी, पिज्जा हट और प्यूमा जैसे ब्रांड के शोरूम में घुस गए और वहां रखे सामान को नुकसान पहुंचाया। माना जा रहा है कि ये हिंसा उन फेक न्यूज के चलते फैली, जिनमें ये दावा किया गया था कि ये कंपनियां इजराइल से जुड़ी हैं। मुख्य प्रदर्शन ढाका यूनिवर्सिटी के पास सुहरावार्डी उद्यान में हुई। यहां कई लोग अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीरों से मारपीट करते दिखे। पूर्व बांग्लादेशी पीएम खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और राइट विंग के इस्लामिक समूहों और पार्टियों ने इस प्रदर्शन को लेकर अपना समर्थन जताया। इजराइल और हमास के बीच 19 जनवरी को कतर में युद्ध विराम हुआ था, लेकिन 18 मार्च को गाजा में इजराइली एयरस्ट्राइक के बाद यह खत्म हो गया। इसके बाद से अब तक इजराइली हमले में 1000 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जबकि 3000 से ज्यादा घायल हैं। इजराइल ने शनिवार देर रात सेंट्रल गाजा में हवाई हमले किए। इन हमलों की चपेट में स्थानीय अस्पताल भी आ गया। अल-अहली अरब बैपटिस्ट अस्पताल के कर्मचारियों के मुताबिक परिसर के भीतर एक बिल्डिंग पर दो मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में इमरजेंसी और रिसेप्शन डिपार्टमेंट पूरी तरह तबाह हो गया है। हमले में आस-पास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक हमले से कुछ देर पहले एक फोन कॉल आई थी।

# यूक्रेन के सूमी शहर पर रूसी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में मरने वालों का आंकड़ा 34 हुआ



कीव, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। यूक्रेन के सूमी शहर पर रूसी बैलिस्टिक मिसाइल से हुए हमले में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 34 हो गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले का वीडियो एक्स पर शेयर किया था।

इस वीडियो में मारे गए लोगों के शव सड़क पर बिखरे हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस दौरान एक शख्स दूसरे घायल शख्स को उठाकर ले जाता हुआ भी दिखाई दिया। यूक्रेन पर रूस का यह हमला तब हुआ है, जब 3 दिन पहले ही अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ सीजफायर पर बातचीत करने के लिए रूस के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने पुतिन से बात भी की थी।

# हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी स्पेस में जाएंगी

## जेफ बेजोस की मंगेतर समेत मिशन में 6 महिलाएं होंगी

वाशिंगटन, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। मशहूर हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी सोमवार को 5 महिला साथियों के साथ ब्लू ओरिजिन रॉकेट से स्पेस में जाएंगी। खास बात यह है कि इस उड़ान में सिर्फ महिलाएं ही होंगी। यह मिशन ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड प्रोग्राम का हिस्सा है, जिसे एनएस-31 नाम दिया गया है।




कैटी पेरी के साथ ब्लू ओरिजन के मालिक जेफ बेजोस की मंगेतर लॉरेन सांचेज, टीवी प्रजेंटर गेल किंग, मानवाधिकार कार्यकर्ता अमांडा गुयेन, फिल्म निर्माता केरियन फ्लिन और नासा की पूर्व रॉकेट साइंटिस्ट आइशा बोवे भी शामिल हैं।

ब्लू ओरिजिन का रॉकेट अमेरिका के स्थानीय समयानुसार सुबह 8:30 को टेक्सास से लॉन्च होगा। बीते 60 सालों में यह पहली बार है कि जब कोई स्पेस मिशन बिना किसी पुरुष के उड़ान भरेगा।

इससे पहले 1963 में रूसी इंजीनियर वेलेंटिना तेरेश्कोवा ने अकेले अंतरिक्ष की यात्रा की थी।

पेरी और अन्य को लेकर जाने वाला ब्लू ओरिजिन का न्यू शेपर्ड रॉकेट पृथ्वी से 100 किमी (62 मील) की अधिकतम ऊंचाई तक पहुंचेगा। यह कारमन लाइन को पार करेगा, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरिक्ष की सीमा के तौर पर मान्यता प्राप्त है।

स्पेस में रहते हुए ये सभी महिलाएं लगभग 4 मिनट तक जीरो ग्रेविटी में रहेंगी। इसके बाद कैप्सूल तीन पैराशूट की मदद से वापस धरती पर उतरेगा। बेजोस की मंगेतर और लेखिका सांचेज इस मिशन को लीड कर रही हैं।

# वीडियो जारी कर शेख हसीना ने यूनुस को दी चेतावनी

## भतीजी ट्यूलिप ने भी खारिज किए भ्रष्टाचार के आरोप

ढाका, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने वीडियो जारी कर अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को चेतावनी दी। शेख हसीना ने अंतरिम सरकार को खुदगर्ज सूदखोर करार दिया। वहीं ढाका कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया।

पूर्व पीएम शेख हसीना ने आठ मिनट के वीडियो में कहा कि अंतरिम सरकार ने सत्ता की प्यास बुझाने के लिए विदेशी शक्तियों के साथ मिलकर देश के पतन की साजिश रची। उन्होंने युनुस पर बांग्लादेश के इतिहास को मिटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के सभी चिह्न मिटाए जा रहे हैं।

# भारत के विरोध का असर नहीं

## पीओके के दौरे पर जा रहा अमेरिकी सांसदों का दल, पाकिस्तानी सेना प्रमुख का नापाक प्लान

इस्लामाबाद, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी सांसदों का एक दल पाकिस्तान के दौरे पर पहुंचा है। अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान के असली शासक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से मुलाकात की है।

अमेरिका के नेताओं ने कश्मीर में आतंकवाद को भड़काने वाली पाकिस्तानी सेना की आतंक निरोधी अभियान की जमकर तारीफ की है। अमेरिकी सांसदों के इस दल में जैक बेर्गमैन, थॉमस सोउजी और जोनाथन जैक्सन शामिल हैं। इस अमेरिकी दल ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ के अलावा गृहमंत्री मोहसिन नकवी से भी मुलाकात की। इस मुलाकात में जनरल मुनीर ने जो गिफ्ट दिया, उसमें भी कश्मीर लिखा हुआ है। यह अमेरिकी दल पाकिस्तान के इशारे पर चलते हुए पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानि पीओके के दौरे पर भी जाएगा।

भारत ने इस तरह की अमेरिकी नेताओं की यात्रा का कड़ा विरोध किया है। भारत के विरोध के बाद अमेरिकी सांसद पीओके दौरे पर जा रहे हैं।





पाकिस्तानी मीडिया का कहना है कि पाकिस्तान में रहने के दौरान यह अमेरिकी सांसदों का दल पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद की यात्रा पर भी जाएगा।

इस दौरान पाकिस्तानी सेना के बैठाए हुए पीओके के पिट्ठू नेता पूरी प्लानिंग के साथ अमेरिकी सांसदों के दल से भारत के जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने जा रहे हैं। हाल के दिनों में पाकिस्तानी सेना ने एलओसी पर कई बार फायरिंग और घुसपैठ की कोशिश की है। अमेरिकी दल को पीओके नेताओं की ओर से एलओसी के हालात के बारे में भी बताया जाएगा। इससे पहले साल 2023 में भी एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने पीओके की यात्रा की थी जिसका भारत ने कड़ा विरोध किया था। उस समय अमेरिका के पाकिस्तान में राजदूत डोनाल्ड ब्लोम ने पीओके गिलगित बाल्टिस्तान की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने पीओके की वधिानसभा नेताओं से भी मुलाकात की थी। ऐसा पहली बार नहीं हुआ था जब अमेरिका के इस्लामाबाद में राजदूत ने पीओके की यात्रा की हो।

# चीन के बाद अब अमेरिका की बलूचिस्तान में होगी एंट्री

## पाकिस्तान में लीज पर माइनिंग करेगा यूएस, बलूच विद्रोहियों से निपटना मकसद



इस्लामाबाद, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान अपने सबसे बड़े प्रांत बलूचिस्तान में विद्रोह झेल रहा है। ऐसे में वह अब इस इलाके में अमेरिका की एंट्री कराने का प्लान बना रहा है। पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने अमेरिका को माइनिंग लीज देने का प्लान बनाया है। इसका मकसद अरबों डॉलर के खनिज संसाधनों का खनन और साथ में बलूच विद्रोहियों के हमले को रोकना है।

सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान की शहबाज सरकार और सेना का मानना है कि यदि अमेरिका इस क्षेत्र में निवेश करता है तो बलूच के हमले कम हो जाएंगे। और यदि हमले होते हैं तो अमेरिका ही बलूच विद्रोहियों से निपटेगा और अपने निवेश की सुरक्षा करेगा।

एक सैन्य सूत्र ने भास्कर को बताया कि सेना का मानना है कि अमेरिका की एंट्री मतलब सिर्फ डॉलर नहीं, ड्रोन भी होंगे। इससे विद्रोह को कुचलना आसान होगा। इस डील को लेकर अमेरिका के सेंट्रल एशिया मामलों की ब्यूरो के सीनियर अधिकारी एरिक मेयर ने बीते दिनों पाक सेना व सरकार के अधिकारियों से इस्लामाबाद में बैठक की है। इसमें डील फाइनल करने पर सहमति बनी है।

पिछले 5 वर्षों में पाकिस्तान की चीन पर निर्भरता लगातार बढ़ी है। 2019 से 2023 के बीच, पाक के हथियारों का लगभग 81% आयात चीन से हुआ है। साथ ही, पाक चीन पर लोन के लिए भी निर्भर है। रिपोर्ट के अनुसार बीते 3 वर्षों में विदेशों से लिए गए कुल लोन में से 72% लोन पाक ने चीन से लिया है।

चीन से बढ़ती दोस्ती व पूर्व पीएम इमरान खान के कार्यकाल के दौरान उनके बयानों के चलते पाक के रिश्ते अमेरिका से कमजोर हुए हैं। सेना इस डील के जरिए रिश्ते मजबूत करना चाहती है। 5 वर्षों में खनिजों की भू-राजनीति में बदलाव आया है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग से जुड़ा है। लिथियम, कोबाल्ट, तांबे जैसे बैटरी मिनरल्स की डिमांड 2040 तक चौगुनी होगी। अमेरिकी सेना इनकी सबसे बड़ी खरीदार बनकर उभरी है। उसके ड्रोन, टोही रोबोट और ऊर्जा-आधारित हथियार पूरी तरह बैटरी पर निर्भर हैं। विश्लेषक इलियास के मुताबिक, 2027 तक अमेरिकी सेना अपने गैर लड़ाकू बेड़े को पूरी तरह बैटरी से चलने वाले वाहनों में बदलने की योजना बना रही है।

पाकिस्तान के पास दुनिया के पांचवें सबसे बड़े कॉपर भंडार हैं। बलूचिस्तान का रेको डिक खदान दुनिया के सबसे बड़े अछूते सोना-तांबा संसाधनों में एक है, जिसकी कीमत 100 लाख करोड़ रुपए आंकी गई है। वहीं गिलगित-बाल्टिस्तान इलाकों में भी तांबे-सोने के भंडार हैं। सेना यह दावा कैसे कर रही है कि बलूच विद्रोही अमेरिकी निवेश को निशाना नहीं बनाएंगे? इस सवाल पर विशेषज्ञ मुहम्मद इलियास कहते हैं कि चीन ने यहां से अरबों कमाने के बावजूद एक भी स्कूल-अस्पताल नहीं बनवाए। यहां के लोग अब बदलाव चाहते हैं। अमेरिका सही ढंग से आएं, तो स्थानीय विद्रोह नहीं करेंगे। पाकिस्तान की सरकार बलूचिस्तान से बलूचों को खदेड़ने के लिए बार-बार सैन्य कार्रवाई करती रही है।

# रूस का एस-400 या आर-37 मिसाइल

## यूक्रेन में तबाह हुआ सबसे सफल अमेरिकी फाइटर जेट एफ-16, पाकिस्तान की उड़ी नींद

मास्को/ इस्लामाबाद, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। यूक्रेन के युद्ध में रूस की सेना को बहुत बड़ी सफलता मिली है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को ऐलान किया कि उसने यूक्रेन के अमेरिकी एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराया है। रूस ने यह नहीं बताया कि किस जगह पर एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराया गया है। ऐसा पहली बार है जब रूस ने एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराने का ऐलान किया है। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में यूक्रेनी सेना के सूत्रों के हवाले से बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रूस ने या तो अपने सबसे ताकतवर एस 400 एयर डिफेंस सिस्टम से या फिर लंबी दूरी तक मार करने वाली आर-37 हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल की मदद से एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराया है। यह फाइटर जेट दशकों से अमेरिकी वायुसेना की शान समझा जाता है और रूस के मार गिराने से उसे काफी बड़ा



झटका लगा है। वहीं रूस की इस सफलता से भारत के पड़ोसी दुश्मन पाकिस्तान की भी नींद उड़ गई होगी। विश्लेषकों का कहना है कि रूस की यह सफलता दिखाती है कि यूक्रेन के हवाई इलाके में पश्चिमी फाइटर जेट बहुत ही तनावपूर्ण हालात के बीच उड़ रहे हैं। साथ ही रूस की एयर डिफेंस की क्षमता बहुत ही तारीफ के काबिल है। यूक्रेन युद्ध में यह दूसरा एफ-16 फाइटर जेट तबाह हुआ है। यह घटना साल 2025 के शुरू में हुई थी। यूक्रेन के रक्षा सूत्रों का कहना है कि इसे या तो एस 300 या एस 400 से मार गिराया गया। इस हमले के बाद पायलट इजेक्ट करने में सफल रहा और उसकी जान बच गई।

इस घटना के बाद यह साबित हो गया कि अमेरिकी या पश्चिमी फाइटर जेट को रूस की मिसाइलों से मार गिराना संभव है। यूक्रेन की सेना को नाटो देशों से 20 एफ-16 फाइटर जेट मिले हैं। इन विमानों के आने के बाद यूक्रेन की वायुसेना की ताकत कई गुना बढ़ने का दावा किया गया। एफ-16 फाइटर जेट ने दुनिया के कई युद्धों में अपनी ताकत का लोहा मनवाया है लेकिन यूक्रेन युद्ध में उसे रूस के कई लेयर वाले एयर डिफेंस सिस्टम और हवा में मार गिराने वाली मिसाइलों से उसे कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है।

रूस का एस 400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों से लैस है और यह 400 किमी तक फाइटर जेट को तबाह करने की ताकत रखता है। इसमें बहुत ही ताकतवर रेडार लगा हुआ है। यही यूक्रेन की सेना के लिए एफ-16 उड़ाने में सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है।

# इक्वाडोर राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिणपंथी उम्मीदवार डेनियल नोबोआ की जीत

क्विटो, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। इक्वाडोर में हुए राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर से डेनियल नोबोआ ने जीत हासिल की है। 80% मतों की गिनती होने तक नोबोआ को 56% वोट मिले। वहीं, वामपंथी नेता लुइस गोंजालेज को 43.55% वोट मिले हैं।

वहीं, गोंजालेज ने हार मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए वोटों की दोबारा गिनती करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वे कानूनी लड़ाई लड़ेंगी और अपने समर्थकों से सड़कों पर उतरने की अपील की। डेनियल नोबोआ



2023 में सत्ता में आए थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में अपराध और हिंसा को कम करने पर जोर दिया। इक्वाडोर पिछले कुछ सालों से ड्रग तस्करी और गिरोहों की हिंसा से जूझ रहा है। नोबोआ ने सेना को सड़कों पर उतारकर और जेलों में सख्ती करके हिंसा पर काबू पाने की कोशिश की।

# ट्रम्प की हत्या के लिए युवक ने माता-पिता को मारा

## घर में गोली मारी, फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होना चाहता था, हिटलर से प्रेरित था

वॉशिंगटन, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य में फेडरल अधिकारियों ने हाल ही में 17 साल के युवक को अपने माता-पिता के कत्ल के आरोप में गिरफ्तार किया है। युवक ने फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होने के लिए यह कदम उठाया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अधिकारियों ने कोर्ट में बताया कि निकिता कैसाप नाम का यह युवक राष्ट्रपति ट्रम्प की हत्या करना चाहता था, इसके लिए उसे पैसे और संसाधनों की जरूरत थी।

जांचकर्ताओं को उसके पास से कुछ लिखित दस्तावेजों और टेक्स्ट मैसेज मिले हैं, जिनमें राष्ट्रपति की हत्या और अमेरिकी सरकार को उखाड़ फेंकने के अपील की गई है।

वाउकेशा काउंटी अदालत के अनुसार, कैसाप पर 9 आरोप हैं, जिनमें हत्या के दो मामले और शव छिपाने के दो मामले शामिल हैं। इसके अलावा तीन मामले राष्ट्रपति की हत्या, षडयंत्र और मास डिस्ट्रक्शन के हथियारों का इस्तेमाल करने की साजिश के हैं। अभी तक कैसाप के वकीलों ने इस मामले पर मीडिया से कोई बात नहीं की है।

आरोपी की मां तातियाना कैसप और उनके सौतेले पिता डोनाल्ड मेयर अपने घर के अंदर गोली लगने से मृत पाए गए। अधिकारियों का मानना है कि उनकी हत्या 11 फरवरी को की गई थी। पुलिस ने शुरू में कैसाप को अपने सौतेले पिता की एसयुवी चुराने और बंदूक रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

कैसाप के फोन पर 'द ऑर्डर ऑफ नाइन एंगल्स' से जुड़ी सामग्री मिली है, जो हिटलर के नाजी विचारों से प्रेरित चरमपंथी विचार रखने वालों का एक नेटवर्क है। जांचकर्ताओं के मुताबिक, उन्हें राष्ट्रपति की हत्या, बम बनाने और आतंकवादी हमलों से जुड़ा एक लेटर और कुछ तस्वीरें भी मिली हैं।

एफबीआई को मिले तीन पेज के दस्तावेज में अमेरिका में राजनीतिक क्रांति लाने और गोरे लोगों को बचाने के लिए ट्रम्प की हत्या की अपील की गई थी। दस्तावेज में हिटलर की तस्वीर के साथ लिखा था- हिटलर की जय हो, श्वेत जाति की जय हो।

एफबीआई को उसके फोन से एक तस्वीर और कुछ मैसेज भी मिले, जिसमें ड्रोन का हमला करने के लिए किस तरह इस्तेमाल किया जाएगा, इसकी जानकारी थी।

# 24 घंटे के अंदर दूसरी बार कांपा म्यांमार

नेपीताव, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। म्यांमार 24 घंटे के अंदर दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 4. मापी गई। भूकंप सोमवार सुबह 10 बजकर छह मिनट पर जमीन से 103 किमी. की गहराई में आया। इस भूकंप का असर भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों में महसूस किया गया। मणिपुर में इसका असर सबसे ज्यादा रहा। इससे पहले रविवार को म्यांमार में 4.5 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप 10 किमी. गहराई में दर्ज किया गया था, जिससे यह आफ्टरशॉक के लिए अतिसंवेदनशील माना गया। 28 मार्च के भूकंप के बाद आए सैकड़ों झटकों में से इस भूकंप के कारण किसी बड़े नुकसान या हताहत होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन टुन के मुताबिक, शुक्रवार तक 28 मार्च के भूकंप में मरने वालों की संख्या 3,649 थी, जबकि 5,018 लोग घायल हुए थे।

म्यांमार के मौसम विभाग ने बताया कि रविवार का भूकंप मंडालय से 97 किलोमीटर (60 मील) दक्षिण में वुंडविन टाउनशिप के क्षेत्र में 20 किलोमीटर (12 मील) की गहराई में आया।



# अंबेडकर प्रतिमा पर पट्टिका को लेकर हाथापाई पर उतरीं विधायक इंदिरा मीणा

## बीजेपी नेता के फाड़े कपड़े



सवाई माधोपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में डॉ. भीमराव अबेडकर जयंती से एक दिन पहले अंबेडकर की प्रतिमा पर पट्टिका लगाने को लेकर विवाद हो गया। नगर पालिका मुख्यालय बौंली में अंबेडकर सर्किल पर देर रात विधायक इंदिरा मीणा व भाजपा मंडल अध्यक्ष के बीच जमकर कहासुनी हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश के बाद मामला शांत कराया।

जानकारी के मुताबिक बौंली के अंबेडकर सर्किल पर दो साल पहले डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण हुआ था। लेकिन, डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती से एक दिन पहले रात को एक पक्ष प्रतिमा के नीचे पट्टिका लगाने के लिए मौके पर पहुंचा। वे विधायक इंदिरा मीणा व नपा अध्यक्ष कमलेश देवी जोशी के नाम पट्टिका लगाने चाहते थे।

तभी सूचना मिलते ही प्रधान कृष्ण पोसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष हनुमत दीक्षित सहित कई भाजपा और समर्थक मौके पर पहुंच गए। बीजेपी के लोगों ने पट्टिका लगाने पर टोका। इस पर दोनो पक्षों के बीच विवाद हो गया और माहौल संवेदनशील हो गया। इसी बीच विधायक इंदिरा मीणा और मंडल अध्यक्ष हनुमत दीक्षित के बीच जमकर कहासुनी हुई।

इस पूरे मामले का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें विधायक इंदिरा मीणा और मंडल अध्यक्ष हनुमत दीक्षित एक दूसरे से उलझते नजर आ रहे है। मंडल अध्यक्ष अपनी कार में बैठे हुए है। वहीं, विधायक कार के बाहर खड़ी दिख रही है। कहासुनी के बीच विधायक ने मंडल अध्यक्ष की गाड़ी पर भी चढ़ने की कोशिश की। साथ ही हाथापाई करते हुए भाजपा नेता के कपड़े तक फाड़ दिए। इस दौरान दोनों पक्षों के काफी लोग मौजूद रहे।

**विधायक बोलीं- नहीं चलेगा बीजेपी का गुडाराज**

विधायक कार पर चढ़कर लात मारने लगी और शर्ट फाड़ दिया। इस दौरान हाथापाई की भी नौबत आ गई। विधायक इंदिरा मीणा ने धमकाते हुए कहा कि बीजेपी है तो गुंडाराज हो गया क्या, गुंडागर्दी क्यों कर रहे हो। अंबेडकर की प्रतिमा के हाथ कैसे लगाया।

सूचना मिलते ही एसडीएम चंद्र प्रकाश वर्मा, एएसपी नील कमल, एसएचओ राधा रमन गुप्ता पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने काफी देर तक समझाइश के बाद मामला शांत कराया। इसके बाद पट्टिकाओं को सुरक्षित स्थान पर रखवाया गया।

**भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया- क्यों हुआ विवाद?**

भाजपा मंडल अध्यक्ष हनुमत दीक्षित ने बताया कि अंबेडकर सर्किल पर दो साल से डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगी हुई है। लेकिन, विधायक पक्ष की ओर से देर रात नई पट्टिका लगाने की कोशिश की गई। जिस पर टोका तो विधायक इंदिरा मीणा ने खूब बहस की। इतना ही नहीं मेरी गाड़ी पर चढ़ गई और हाथ भी उठाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पट्टिका को सुरक्षित जगह पर रखवाया है।

# राहुल गांधी का अंबेडकर जयंती पर अलवर दौरा क्यों हुआ स्थगित?



अलवर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का सोमवार को अंबेडकर जयंती पर अलवर आने का कार्यक्रम महज सवा दो घंटे में ही स्थगित हो गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पास शाम सवा चार बजे मैसेज आया कि राहुल गांधी अलवर आएंगे और अंबेडकर सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और शालीमार में राम मंदिर भी जाएंगे, जहां नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के जाने के बाद पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने गंगाजल छिड़का था। मगर सवा छह बजे फिर मैसेज आया कि कार्यक्रम स्थगित हो गया है।

पार्टी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार संसद में सोमवार को अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में हिस्सा लेने की वजह से उनका दौरा स्थगित हुआ है। एआईसीसी महासचिव जितेंद्र सिंह भी अलवर में नहीं है और उनका सोमवार तक अलवर पहुंचना भी मुश्किल था, यह भी दौरा स्थगित करने की एक वजह मानी जा रही है।

हालांकि कुछ नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी के आने की सूचना टीकाराम जूली को ही दी गई थी। अन्य वरिष्ठ नेताओं का अलवर आकर राहुल के साथ कार्यक्रमों में शामिल होने की कोई सूचना नहीं थी, लेकिन संसद में अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम के कारण इसे स्थगित किया गया है। हालांकि राहुल का अलवर आने का नया शेड्यूल जल्द जारी हो सकता है।

**कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी उठा था मामला**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली 6 अप्रेल को अपना घर शालीमार में रामलला मंदिर गए थे। इसके अगले दिन पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा मंदिर पहुंचे और यहां गंगाजल छिड़का। यही नहीं आहूजा ने यह भी बयान दिया कि रामनवमी के दिन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान कांग्रेसियों को भी बुलाया गया, जिससे मंदिर अपवित्र हो गया। मैंने गंगाजल छिड़क कर पवित्र किया है। इसके बाद अहमदाबाद में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने इसकी आलोचना की। पूरे प्रदेशभर में विरोध-प्रदर्शन भी हुए थे। भाजपा ने आहूजा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी निलंबित कर दिया था।

# अपने वोट बैंक को साधने के लिए ममता सरकार ने बंगाल को जलने के लिए छोड़ा : केंद्रीय मंत्री शेखावत



जोधपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बहुसंख्यक हिंदुओं पर राज्य में हमले हो रहे हैं और ममता बनर्जी की सरकार चुप है। केवल, अपने वोटों को साधने के लिए उसने बंगाल को जलने के लिए छोड़ दिया है।

अपने गृह जनपद जोधपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री शेखावत ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि अपने वोटों के तुष्टीकरण के लिए जिस तरह के हालात बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के कारण हुए बने हैं, वो निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय हैं। पिछले दिनों रामनवमी उत्सव के समय और उसके बाद से लेकर अब निरंतर बहुसंख्यक हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। धार्मिक आधार पर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। मंदिरों को क्षति पहुंचाई जा रही है। बहू-बेटियों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। उसके बाद भी ममता बनर्जी की सरकार चुप है, केवल अपने वोटों को साधने के लिए उसने बंगाल को जलने और बहुसंख्यक हिंदू समाज को भुगतने के लिए छोड़ दिया है।

शेखावत ने कहा कि यह हालात एक बार फिर आजादी से पहले जिस तरह की व्यवस्था बंगाल में हुई थी, बंगाल विभाजन के समय हुई थी, उसका पुर्नस्मरण कराता है। लेकिन, मैं मानता हूं कि अब जिस तरह की चेतना व्याप्त हुई है, आने वाले चुनाव में बंगाल को इससे मुक्ति मिलेगी और बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी।

# 1.988 किलो अवैध डोडा चूरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। फलोदी जिले की चाखू थाना पुलिस को मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अवैध डोडा चूरा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक, फलोदी पूजा अवाना ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत चाखू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध डोडा चूरा जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा उपयोग में लिया जा रहा पिकअप वाहन भी जब्त किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजराज सिंह चारण के सुपरविजन और वृत्ताधिकारी अचल सिंह देवड़ा के निर्देशन और चाखू थानाधिकारी रामेश्वरदयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त और नाकाबंदी के दौरान सरहद उदट के नोखड़ा रोड पर एक बोलेरो पिकअप को रोका। तलाशी के दौरान उसमें सवार दो व्यक्तियों श्यामसुंदर पुत्र भीयाराम, निवासी सुरनाणा, बीकानेर और सुरेंद्रसिंह पुत्र देवीसिंह, निवासी गिरासर, बीकानेर के कब्जे से 1.988 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया गया।

# नेताओं को 'मिशन गुजरात' के लिए मिली अहम जिम्मेदारी, 12 पर्यवेक्षक तैनात किए

जयपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात में कांग्रेस की जिला इकाइयों को फिर से तैनाती देने के लिए कई नेताओं को 'मिशन गुजरात' की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए एआईसीसी ने पर्यवेक्षक तैनात किए हैं। इनमें गुजरात के पड़ोसी राज्य राजस्थान से भी कई नेताओं को अहम जिम्मेदारी मिली है। इनमें पूर्व मंत्री व एआईसीसी में मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी सहित राजस्थान के 12 नेताओं को एआईसीसी पर्यवेक्षक लगाया गया है। हर एआईसीसी पर्यवेक्षक को एक जिला कांग्रेस कमेटी की जिम्मेदारी दी जाएगी, इनके साथ 4-4 पीसीसी पर्यवेक्षक को अटैच किया गया है। ये पर्यवेक्षक गुजरात कांग्रेस में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति का काम देखेंगे।

एआईसीसी ने गुजरात में कुल 43 पर्यवेक्षक लगाए हैं, इनमें राजस्थान से 12 पर्यवेक्षकों की तैनाती भी की गई है। इनमें राज्यसभा सांसद नीरज डांगी, बाबूलाल नागर, अुर्जन बामनिया, विधायक हरीशचंद मीणा, भजनलाल जाटव, कुलदीप इंदौरा, धीरज गुर्जर, विधायक इंदिरा मीणा, विधायक अमीन कागजी, जगदीश जांगिड़ और मनीषा पवार को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है।

जानकारी के अनुसार इन पर्यवेक्षकों की पहली बैठक 15 अप्रैल को गुजरात के अरावली में हो सकती है। इस बैठक में राहुल गांधी के शामिल होने की संभावना है। गुजरात में कांग्रेस को फिर से कैसे खड़ा करना है, इस मुद्दे को लेकर इस बैठक में चर्चा की जाएगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि विधानसभा समन्वयकों की बैठक से पहले पीसीसी ऑफिस में अंबेडकर जयंती पर एक संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। इमसें प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रंधावा, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# पिया गए जेल, वहां से मांगा फोन पैकेट पहुंचाने के प्रयास में पत्नी हो गई गिरफ्तार

हनुमानगढ़, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। जिला कारागृह में बंद पति को मोबाइल फोन सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री का पैकेट पहुंचाने के प्रयास में पत्नी हवालात पहुंच गई। पुलिस ने उसे आपत्तिजनक सामान के दो पैकेट व बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में जंक्शन थाने में विवाहिता सहित दो जनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कराया गया है। जंक्शन पुलिस ने मौका निरीक्षण किया तथा जेल प्रहरियों के बयान दर्ज किए।

पुलिस के अनुसार जेल प्रहरी रामधन मीणा ने रिपोर्ट दी कि शनिवार को ड्यूटी के दौरान जेल में दीवार के ऊपर से एक पैकेट आकर गिरा। इस पर तत्काल पैकेट जब्त कर जेल की दीवार के बाहर पड़ताल की। वहां एक महिला व एक युवक खड़े थे। उनकी बाइक दीवार के पास साइड में खड़ी थी। जब तक जेल प्रहरी पहुंचे तो युवक फरार हो गया। जेल प्रहरियों ने महिला से पूछताछ की। उसकी शकुंतला देवी पत्नी मुकेश कुमार निवासी न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जंक्शन तथा फरार युवक की विनोद कुमार निवासी गांव शेरेकां के रूप में पहचान हुई। जेल में फेंके गए तथा महिला के कब्जे से जब्त पैकेट से तीन मोबाइल फोन, तीन डाटा केबल, पांच बीड़ी के बंडल, 11 जर्दे के पैकेट तथा आठ चूने की ट्यूब बरामद हुई। पुलिस ने बाइक व पैकेट जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शकुंतला देवी ने पुलिस को बताया कि उसका पति मुकेश कुमार किसी प्रकरण में जेल में न्यायिक अभिरक्षा में है। उसके इस्तेमाल के लिए मोबाइल फोन व अन्य सामग्री लाई थी। पुलिस फरार युवक की तलाश में जुटी हुई है। साथ ही पैकेट मंगवाने में अन्य की संलिप्तता की जांच कर रही है।

जिला कारागृह की बाहरी दीवार की ऊंचाई बहुत कम है। ऐसे में जेल के भीतर आपत्तिजनक सामग्री के पैकेट फेंकने के मामले निरंतर सामने आते रहते हैं। जेल प्रशासन दीवार की ऊंचाई बढ़ाने के संबंध में कई बार मुख्यालय को पत्र भी लिख चुका है। इसके बावजूद यह कार्य अब तक नहीं हो सका है। जिला कारागृह से गत पांच साल में सौ से अधिक मोबाइल फोन व अन्य सामग्री जब्त की जा चुकी है। हालांकि बंदियों से फोन बरामदगी में पिछले एक-डेढ़ साल में कुछ कमी आई है। इसकी एक वजह यह भी है कि जिले से बाहर की किसी विशेष टीम ने कारागार का औचक निरीक्षण नहीं किया है।

हनुमानगढ़. बंद मकानों पर अज्ञात चोरों ने धावा बोल घरेलू सामान वगैरह चुरा लिया। इन दो अलग-अलग वारदातों के संबंध में शनिवार को जंक्शन थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामले दर्ज कराए गए। पुलिस के अनुसार राजेश बेनीवाल पुत्र अमरसिंह बेनीवाल निवासी वार्ड 49 सेक्टर नौ, जंक्शन ने रिपोर्ट दी कि वह किसी कार्य से अन्यत्र गया हुआ था। पीछे उसके बंद मकान के ताले तोडकर अज्ञात चोर जेवर, घरले सामान आदि चुराकर ले गए।

# डोटासरा बोले-मंत्रियों की पावर राज्यपाल ने सीज कर रखी है

## कार्यकर्ताओं को नसीहत-मेहनत नहीं करोगे तो कांग्रेसी कहलाने का अधिकार नहीं, उसकी छुट्टी कर देंगे

जयपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- मुख्यमंत्री की पावर तो ऊपर वालों ने सीज कर रखी है। मंत्रियों की पावर हमारे राज्यपाल ने सीज कर रखी है। मंत्रियों को जो बैठक करनी होती है, वो राज्यपाल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री समीक्षा कर रहे हैं। किस बात की समीक्षा कर रहे हो। एक बार इसकी भी समीक्षा कर लो कि पर्ची सही थी या गलत। कम से कम राजस्थान का तो भला हो जाएगा। डोटासरा ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को नसीहत भी दी है। उन्होंने कहा- टीकाराम जूली साहब ने ठीक कहा कि ये सरकारें तोड़ देते हैं, आप बोलते नहीं हैं। आपको किस बात का डर है, जेल जाने का?

भगत सिंह जैसे दीवाने तो जेल छोड़ो, देश के लिए फांसी पर चढ़ गए। आप और हम आने वाले कल के लिए, संविधान के लिए थोड़ी मेहनत और थोड़ा साहस नहीं कर सकते तो आपको कांग्रेसी कहलाने का अधिकार नहीं है। डोटासरा ने कहा- रस्म अदायगी से काम नहीं चलेगा। रस्म अदायगी ने देश में हमें 50 तक पहुंचा दिया, अभी 100 हैं।



अंबेडकर जयंती पर डोटासरा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा- एक महीने तक संविधान रक्षा का अभियान चलेगा। जो इसमें भाग लेगा, वही नेता होगा। जो तीन महीने तक बैठक में नहीं आएगा, उसकी छुट्टी कर देंगे। डोटासरा ने कहा- वन स्टेट, वन इलेक्शन को लेकर कोई कानून में बदलाव नहीं किया। इसके बावजूद प्रशासक लगा दिए। पांच साल में चुनाव करवाने के प्रावधान के बावजूद ये साल भर तक चुनाव आगे खिसका रहे हैं। यह क्या संविधान को नहीं तोड़ रहे? यह संविधान का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं क्या? कुछ लोग इसलिए खुश हो रहे होंगे कि उनका 6 महीने, 12 महीने कार्यकाल बढ़ गया। हिम्मत पैदा करो। अच्छे काम करोगे तो दोबारा 5 साल के लिए आ जाओगे। यह संविधान में कहीं नहीं था कि जब आप मर्जी हो, तब चुनाव करवाओगे।

पीसीसी चीफ ने कहा- कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आने वाले दिनों में खुद को फील्ड में झोंकना होगा। संविधान बचाने के अभियान में जो काम करेगा, फील्ड में खुद को झोंकेगा, वही हमारा नेता है। केवल बातों से काम नहीं चलता है। समय रहते सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना होगा। मंडल से लेकर हर स्तर की बैठक लीजिए। जो पदाधिकारी तीन महीने बैठक में नहीं आया तो नया पदाधिकारी बना देंगे। हमें कॉल लेना पड़ेगा, जो 3 महीने तक बैठक में नहीं आए तो उसको आराम करने की आवश्यकता है। उसकी जगह दूसरे को पदाधिकारी बना देंगे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- सरकार में कोई काम ही नहीं हो रहा। पूर्व मुख्यमंत्री यह कह दे कि लानत हो सरकार पर कि पानी नहीं मिल रहा, लोग मर रहे हैं। इसके बावजूद एक एक्सईएन को एपीओ करके इतिश्री कर दे, ऐसी निकम्मी सरकार है।

# बंद पड़ी खदान में भरे पानी में डूबने से छात्र की मौत

भीलवाड़ा, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। भीलवाड़ा करेड़ा थाना क्षेत्र के नारेली के समीप बंद पड़ी खदान में भरे पानी में डूबने से छात्र की मौत हो गई। छात्र पांच बहनों के बीच इकलौता भाई था। थाना अधिकारी पूरणमल मीणा ने बताया कि तीखी का बाडिया निवासी कुलदीप सिंह रावत 16 वर्ष जो सीकर में कक्षा 10वीं में पढ़ता है। इन दिनों छुट्टियां होने से घर आया हुआ था। सुबह घर से बकरिया चराने निकला। नारेली के पास बंद पड़ी चारभुजा ग्रेनाइट की खदान में भरे पानी के पास बकरिया चर रही थी। कुलदीप बकरियों को खदान से दूर ले जाने के लिए खदान के पास गया। जहां उसका पैर फिसलने से अनियंत्रित होकर खदान में गिर गया। पास ही खड़े ग्रामीणों ने खदान में छात्र को गिरते देखा तो गांव में सूचना दी। जिस पर नारेली सरपंच लादूलाल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

# आदिवासी युवाओं से छपवाए जाली नोट और बाजार में चलवाए

## सरगना कर्नाटक से गिरफ्तार



बांसवाड़ा, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। जाली नोट प्रकरण में लिप्त गिरोह के तार पड़ोसी गुजरात के साथ ही तेलंगाना तक जुड़े हैं। आनंदपुरी पुलिस ने इस केस के मास्टरमाइंड कर्नाटक के हुसैन पीरा को तेलंगाना से गिरफ्तार किया। पीरा को कामरेड्डी जिले के बांसवाड़ा थाना क्षेत्र में 52 लाख के जाली नोटों के साथ -अपने सहयोगियों के साथ पकड़ा गया था।

पुलिस के मुताबिक कर्नाटक के रामचुर क्षेत्र में 47 वर्षीय हुसैन पीरा पुत्र उसमान ने आदिवासी अंचल वागड़ में युवाओं को दुष्प्रेरित कर फेक करेंसी प्रिंट कराने व बाजार में चलाने की भूमिका सामने आई। उसने दो जनों को बांसवाड़ा से बुलाकर नकली नोट छापने की ट्रेनिंग दी।

उसके बाद यहां नकली नोट चलाने का सिलसिला बढ़ा। आनंद पुरी में गत 18 मार्च को धुलियागढ़ निवासी महेश कटारा के घर पर छापे के दौरान जाली नोट और उन्हें छापने के सामान की बरामदगी के साथ मामला सामने आया था।

# एस्कॉर्ट सर्विस का शौक, पत्नी को छोड़ गर्लफ्रेंड के साथ रहने लगा युवक, बचने के लिए कश्मीर निकल गया

जयपुर, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। श्याम नगर थाना पुलिस ने एक क्लब के जनरल मैनेजर के साथ मारपीट करने के मामले में जयपुर में एस्कॉर्ट सर्विस चलाने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजेन्द्र मीणा पहले भी मारपीट एवं किडनैपिंग के मामले में कानोता थाने से जेल जा चुका है।

डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राजेन्द्र मीणा (21) निवासी रामनगरिया और बलवंत सिंह (38) निवासी रजत पथ मानसरोवर हैं। पुलिस ने बताया कि एक क्लब के जनरल मैनेजर सुरेश नेहरा ने 13 मार्च को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि वह साथी कर्मचारी मोनिस, बृजेश, नवरतन के साथ क्लब बंद करके नीचे सड़क पर आ गया। वहां तीन लड़के व दो लड़कियां आपस में लड़ रहे थे। लड़ाई करने के लिए उन्हें मना किया तो दोनों लड़कियों ने कहा कि हमारी गाड़ी आ रही है, उसमें चले जाएंगे। अचानक से कार से निकलकर एक लड़के ने बृजेश पर डंडे से वार किया। इस पर सुरेश ने कहा कि आप लड़ने आए हो क्या। इतनी देर में आई दूसरी गाड़ी से एक लड़का उतरा और उनके सिर पर डंडे से दो-तीन वार कर गले से चेन और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। आरोपी एक महीने से फरार चल रहे थे। पुलिस ने शनिवार को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद आरोपी राजेन्द्र मीणा और बलवंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

## फिर ऐसे चढ़ा पुलिस के हत्थे

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी राजेंद्र ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस चलाता है। जो साथियों के साथ मिलकर जयपुर शहर में ग्राहक की ओर से बताए गए होटल, मकान पर टैक्सी और अपनी गाड़ी से सप्लाई देता है। घटना के दिन भी राजेन्द्र ने सप्लाई दी, लेकिन किसी बात को लेकर ग्राहक से झगड़ा हो गया।

इस पर लड़कियां वापस आ गईं। उस जगह राजेन्द्र मीणा अपने साथियों के साथ 2 गाड़ियों में पहुंचा। जाते ही बिना पूछे वहां खड़े क्लब के लोगों पर उन्होंने हमला कर दिया। आरोपी पुलिस से बचने के लिए जम्मू-कश्मीर घूमने चला गया। आरोपी राजेन्द्र ने अपनी पूर्व पत्नी को छोड़ रखा है। वह जयपुर में किसी महिला मित्र के साथ रहता है।

# 21 तोला सोना, मोबाइल और नकदी से भरा पर्स छीनकर चलती ट्रेन से कूदा अज्ञात चोर

हनुमानगढ़, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। यह घटना 10 अप्रैल की रात की है जब पीड़ित परिवार सीकर से अरावली एक्सप्रेस में सवार होकर श्री गंगानगर लौट रहा था। ट्रेन हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर देर रात करीब ढाई बजे कुछ समय के लिए रुकी थी। इस दौरान सभी यात्री हल्की नींद में थे। पीड़िता सावित्री देवी पत्नी महावीर प्रसाद चौहान, निवासी पुरानी आबादी, श्री गंगानगर ने जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने जीजा मनफूलराम सांखला, बहन शारदा देवी, पूजा और रेखा के साथ भतीजी की शादी में शामिल होकर लौट रही थीं।

जब ट्रेन हनुमानगढ़ स्टेशन से रवाना हुई, तभी एक अज्ञात युवक ट्रेन में चढ़ा और सावित्री देवी का पर्स छीनकर चलती ट्रेन से कूद गया। पर्स में साढ़े 21 तोला सोना, दो मोबाइल फोन और नकदी रखी हुई थी। जैसे ही घटना घटी, परिवार ने शोर मचाया और ट्रेन की चेन खींचकर उसे रोका। सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने तकनीकी सहायता से मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस करनी शुरू की, जिसके दौरान स्टेशन से कुछ दूरी पर झाड़ियों में दोनों मोबाइल फोन बरामद हुए।

पुलिस का मानना है कि चोर पहले से परिवार को निशाने पर लिए हुए था, उसे अंदाजा था कि यह परिवार शादी समारोह से लौट रहा है और कीमती सामान साथ लेकर चल रहा होगा। बहरहाल हनुमानगढ़ जंक्शन जीआरपी थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और एएसआई कल्याण सिंह इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

# सीएम का अधिकारियों को प्रजावाणी आवेदनों को शीघ्र हल करने का निर्देश

## खाड़ी पीड़ितों के लिए विशेष प्रवासी प्रजावाणी की स्थापना

हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को प्रजावाणी याचिकाओं को शीघ्रता से हल करने के लिए अधिक पारदर्शी और कुशल प्रक्रियाओं को लागू करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रजावाणी आवेदनों के वितरण में जल्द से जल्द तेजी लाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। दिसंबर 2023 में लॉन्च होने के बाद से प्रजावाणी कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को महात्मा ज्योतिबा फुले प्रजा भवन में सप्ताह में दो दिन आयोजित होने वाली प्रजावाणी में अब तक लोगों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों की स्थिति पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने लोगों की शिकायतों और अब तक लंबित आवेदनों के समाधान के लिए अधिकारियों द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं की जानकारी ली। मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, पोन्नम प्रभाकर, योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष चिन्ना रेड्डी, मुख्य सचिव शांति कुमारी, प्रजावाणी की नोडल अधिकारी दिव्या और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रजावाणी में विभिन्न विभागों के लिए विशेष डेस्क स्थापित किए गए हैं और खाड़ी पीड़ितों के मुद्दों को हल करने के लिए एक विशेष प्रवासी प्रजावाणी की स्थापना की गई है।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि याचिकाकर्ताओं के लिए बिना किसी परेशानी के सभी व्यवस्थाएं की गई हैं और जरूरी आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। प्रजावाणी कार्यक्रम के दौरान एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। 117 बार प्रजावाणी का आयोजन किया गया है, जिसमें लोगों ने 54,619 याचिकाएं दर्ज कराई हैं। इनमें से 68.4 प्रतिशत (37384) याचिकाओं का समाधान किया जा चुका है। जिला केंद्रों में आयोजित प्रजावाणी कार्यक्रम को प्रजा भवन में आयोजित प्रजावाणी डैशबोर्ड से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मंडल स्तर और जिला स्तर पर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाना चाहिए। प्रजावाणी डैशबोर्ड तक उन्हें लाइव पहुंच प्रदान करने के अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे वे प्रजावाणी याचिकाओं के समाधान और लोगों से किस तरह के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, यह भी जान सकेंगे। इससे संबंधित अधिकारियों को याचिकाओं के तत्काल समाधान के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में निर्देश देने में भी तेजी आएगी। रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को आवेदनों का विवरण तथा सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सलाह दी कि यह पोर्टल बनाया जाना चाहिए, ताकि सभी को पारदर्शी तरीके से सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तथा उनके क्रियान्वयन की प्रगति के बारे में पता चल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे पहले से ही समीक्षा कर लें कि लोगों की व्यक्तिगत सुरक्षा से समझौता किए बिना लागू कानूनों के अनुसार कौन सी जानकारी गोपनीय रखी जानी चाहिए। उन्होंने आदेश दिया कि अधिकारी स्तर पर एक समिति बनाई जाए तथा इसके लिए दिशा-निर्देश तैयार किए जाएं।

## सड़क दुर्घटना में खेत मजदूर की मौत

पेद्दापल्ली, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार को टेकुमटला मंडल के वेंकटरावपल्ली में हुई सड़क दुर्घटना में एक खेत मजदूर दसारी कनकम्मा (55) की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। यह घटना तब घटी जब मजदूर हार्वेस्टर की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, कलवसरीरामपुर मंडल के मेटपल्ली के मूल निवासी, खेत मजदूर कृषि क्षेत्रों में काम करने के लिए वेंकटरावपल्ली गए थे और अपने पैतृक गांव लौटते समय दुर्घटना का शिकार हो गए।

उनके ऑटोरिक्शा के आगे चल रहे हार्वेस्टर के चालक ने वाहन को विपरीत दिशा में चला दिया, क्योंकि सामने से टीएसआरटीसी की बस आ रही थी।

गौर करें, ऑटोरिक्शा से उतरकर मजदूर भाग गए। लेकिन, उनमें से दो को हार्वेस्टर ने कुचल दिया। नतीजतन, कनकम्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वसंता गंभीर रूप से घायल हो गई। हार्वेस्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# कवि सम्मेलन में लगे हँसी के ठहाके



हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। रेड हिल्स स्थित एफटीसीसीआई भवन में राजस्थानी एवं हरियाणा समाज का सशक्त संगठन आप और हम द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में रविवार 13 अप्रैल रात्रि 8.31 बजे दीप प्रज्वलितकर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। कवियों की रचनाओं पर देर रात तक हंसी के ठहाके लगते रहे, जिसका सुधी श्रोताओं ने जमकर लुत्फ उठाया।

अध्यक्ष धर्मीचन्द कुमावत, मंत्री सोहनसिंह राजपुरोहित ने संयुक्त रूप से बताया कि हास्य, श्रृंगार एवं वीर रस की कविताओं का कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि, सम्मानित अतिथियों व हास्य कवियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि एमपीएल स्टील पाइप डायरेक्टर विनोद अग्रवाल ने सभी का आभार प्रकट करते हुए, स्व.शैलेश अग्रवाल की याद में यह कार्यक्रम समर्पित किया।

मंच संचालक हास्य एवं वीर रस कवि शशिकान्त यादव, सुरेश अलबेला, मुन्ना बैटरी, चेतन चर्चित, सुश्री आयुषी राखेचा, सुरेन्द्र कटारिया ने मधुर वाणी में हास्य, श्रृंगार एवं वीर रस की कविताओं से पधारे अतिथियों व समाज बन्धुओं का देर रात तक सराबोर किया।

आगंतुकों के लिए भोजन की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी थी। आप और हम के पदाधिकारियों द्वारा पधारे अतिथि विनोद अग्रवाल, भोजन के लाभार्थी रणजीतमल, नौरतमल गुन्देचा, श्याम बाहेती, गौतम सेहलोत, सूर्यप्रकाश नाबरिया, विनोद कीमती, सोहनलाल विश्नोई, श्यामसुन्दर लोया, सावल पटेल, मोतीलाल भलगट, वसन्तकुमार बाफना, हिमांशु बाफना, कमलकिशोर काबरा, माणकचन्द पोकरणा, कांतिलाल नाहर, मनोज तातेड़, रामचन्द्र कुमावत, शिवदान विश्नोई, निर्मलकुमार सिंघवी, धर्मीचन्द भंडारी एवं कवियों का मोतियों की माला, शॉल व मोमेन्टो से विशेष सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वागत अध्यक्ष धर्मीचन्द कुमावत, प्रधान संयोजक शशिकान्त अग्रवाल, मंत्री सोहनसिंह राजपुरोहित, पूर्व अध्यक्ष नन्दगोपाल भट्टड़, सहसंयोजक निर्मल विजयवर्गीय, दीपक दादू, नारायणलाल गोड़ावड़, सुरेशकुमार बोड़ावड़, रिंकु गर्ग, संयोजक मंडल के उत्तमचन्द सेठिया, सीए निर्मल सिंघवी, विजय सुराणा, हरिकिशन ओझा, दिलीप डागा, विनोद संचेती, मीना कासलीवाल, सीए चन्द्रप्रकाश रांका, सविता राजेश राय सोनी, इन्द्र बजाज, हर्षलता दुधोडिया, परसराम बर्फा, पंकज वर्मा, प्रवीण पांडया, राजगोपाल व्यास, रामरख जांगिड़, नारायणलाल पीपादर्जी, सपना गुप्ता, नीलम गुप्ता, शोभा डागा, नारायण कडेल, अनिता शर्मा, रिंकल गुप्ता, मिंटु शर्मा, पारसमल चाणोदिया, संगीता लड्ढा, श्रीलाल पारीक, रामदेव नागला, सुरेन्द्र सुथार, थानाराम बिश्नोई, हिमांशु बाफना, रामलाल बिश्नोई, गिरीराज पोद्दार, सुमन बजाज, अल्का साँखला, विभिन्न प्रवासी संस्थाओं के पदाधिकारी हनुमान सेन, श्रवण मेघवाल, विकास, आनन्द, कैलाश शर्मा, परबत सोलंकी, प्रवीण लोडा, हितेश राजपुरोहित व बहुत से समाज बन्धु उपस्थित रहे। मंच का संचालन शशिकान्त अग्रवाल ने किया। धर्मीचन्द कुमावत के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का संपन्न हुआ।

# कांग्रेस में बगावत, प्रेम सागर राव ने भी कैबिनेट में जगह बनाने का पेश किया दावा

आदिलाबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस में गंभीर आंतरिक कलह देखने को मिल रही है, जहां विधायक मंत्री पद की चाह में पार्टी नेतृत्व को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। मुनुगोडु विधायक कोमटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी द्वारा अपने विचार स्पष्ट करने के एक दिन बाद, मंचेरियल विधायक प्रेम सागर राव सोमवार को मंत्री पद की मांग करने के लिए सामने आए।

प्रेम सागर राव ने अपनी मांग के साथ कुछ धमकियां भी दीं, उन्होंने कहा कि अगर मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान उनकी अनदेखी की गई तो वे इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

सोमवार को मंचेरियल में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, मंचेरियल विधायक ने जोर देकर कहा कि अगर उनके साथ कोई अन्याय हुआ तो इसे आदिवासियों और तत्कालीन आदिलाबाद के साथ अन्याय माना जाएगा।

दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने ये टिप्पणियां मंच पर उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू की मौजूदगी में कीं।

प्रेम सागर राव ने पूछा कि मैंने आदिलाबाद में पार्टी को बचाने के लिए 10 साल तक कड़ी मेहनत की और क्या मुझे बदले में यही पहचान और सम्मान मिलेगा? मंचेरियल विधायक ने यह भी याद दिलाया कि उन्होंने इंद्रावेली में एक भव्य जनसभा आयोजित की थी और कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार किया था, जो उस समय जिले में अपने अंतिम चरण में थी। प्रेम सागर राव ने मुनुगोडु विधायक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दिलचस्प बात यह है कि कुछ विधायक, जो अतीत में अन्य दलों में शामिल हो गए थे, वे भी कैबिनेट में जगह की मांग कर रहे हैं।

आंतरिक कलह को भांपते हुए कांग्रेस आलाकमान ने मंत्रिमंडल विस्तार की कवायद में देरी की थी। हालांकि, अब यह रणनीति उल्टी पड़ती दिख रही है और अंदरूनी मतभेद सार्वजनिक मंचों पर सामने आ रहे हैं।

# टीपीसीसी अध्यक्ष ने उदयपुर घोषणापत्र की अनदेखी की

**कहा- परिवार के सदस्यों के लिए पदों पर कोई प्रतिबंध नहीं**

हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी के उदयपुर घोषणापत्र को पूरी तरह से नजरअंदाज करते हुए टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने कहा कि एक ही परिवार के लोगों के लिए पदों की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर नेता लोगों का विश्वास और दिल जीत सकते हैं, तो एक परिवार से कितने भी लोग आ सकते हैं। आखिरकार, कितने लोगों को और किसे अवसर दिया जाना चाहिए, इसका फैसला सामूहिक रूप से किया जाएगा।

टीपीसीसी अध्यक्ष की टिप्पणी कांग्रेस पार्टी द्वारा 2023 में अपनाए गए उदयपुर घोषणापत्र के बिल्कुल उलट है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं को खास तौर पर निर्देश दिया था कि 'एक परिवार, एक टिकट' नियम का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने पार्टी में पद दिए जाने वाले परिवार के सदस्यों की संख्या सीमित करने पर भी जोर दिया था। उन्होंने जोर देकर कहा था कि ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए कि संगठन में एक ही परिवार के कई सदस्य पद संभाल रहे हों। इस मामले में टीपीसीसी अध्यक्ष की राय अलग है। मुनुगोडु के विधायक कोमटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी कैबिनेट में जगह की मांग कर रहे हैं और यहां तक सवाल उठा रहे हैं कि अगर दो भाई कैबिनेट में हैं तो इसमें क्या गलत है।

गौड़ ने पूछा जब उनसे राजगोपाल रेड्डी की मांगों पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया, तो टीपीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि राजगोपाल रेड्डी ने जो कहा वह उनकी निजी राय है। पार्टी में लोकतांत्रिक स्वतंत्रता है और उन्होंने पूर्व मंत्री के जन रेड्डी के बारे में भी बात की, लेकिन क्या उन्होंने कोई प्रतिक्रिया दी। जना रेड्डी ने किसी व्यक्ति विशेष को कैबिनेट में जगह दिए जाने पर कोई आपत्ति नहीं जताई।

# 143वां निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर




हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा यापराल स्थित जिला परिषद हाई स्कूल के सहयोग से 143वां निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर यपराल महाकाली मंदिर के पास स्थित जेडपी हाई स्कूल में संपन्न हुआ।

आज यहां अग्रवाल सेवा दल के अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मेगा मेडिकल कैंप में एलसीएस साधुराम नेत्र अस्पताल दोमलगुडा द्वारा निशुल्क नेत्रों की जांच की गई 109 लोगों को चश्मों का वितरण एवं 12 मोतियाबिंद के ऑपरेशन की व्यवस्था की गई। अवसर पर ऑप्टोमेट्रिस्ट पी. विजयश्री, लक्ष्मण, भरत, रुहुल, शिविर संयोजक यादगिरी, भास्कर और सलमान ने सहयोग प्रदान किया।

अवसर पर अस्पताल किम्स सनशाइन हॉस्पिटल बेगमपेट, जनरल फिजिशियन, कार्डियलजी, हड्डी रोग, ईसीजी, 2डी इको, बीएमडी, बीपी जांच, आरबीएस की सेवा दी। जिसमें डॉ. गायत्री जेन मेड एंड कैडियो, डॉ. शर्ली, नर्सिंग स्टाफ सुजा, जॉर्डन, निरोशा, 2डी इको तकनीशियन गौतम, बीएमडी तकनीशियन मोहन ने सेवा की। मार्केटिंग उदय कुमार, रेनबो अस्पताल, डॉ. फहद- बाल रोग, डॉ. भव्या- पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, मार्केटिंग मैनेजर-इरफान सिद्दीकी शिविर अग्रणी-भवन बाबू, सिस्टर लोकन्या और बसंती, 2डी इको तकनीशियन-नरसिंग राव, मोहित, जयन्त ने सेवा दी।

सामान्य चिकित्सक डॉ. अखिल्स क्लिनिक, डॉ. अखिल सुगंधी (रुमेटोलॉजी), डॉ. मीनल खिरैया सुगंधी (एमबीबीएस डिप्लोमा मधुमेह)

एसएनआर डेंटल डॉ. निखिल ने सेवा दी तथा श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति 1 रोगी को सेवा प्रदान की। शिविर में 283 से अधिक मरीज ने इसका लाभ उठाया।

शिविर संयोजक एवं अग्रवाल सेवा दल के प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेंद्र गोयल, अग्रवाल सेवा दल, अजीत गुप्ता, विनय सी अग्रवाल, कैलाश केडिया, निखिल राणासरिया, अतिथि मंडल शिक्षा अधिकारी टी. मुरली कृष्ण मूर्ति, स्थानीय भागीदार, जिला परिषद हाई स्कूल, दास. मनोहर अध्यापक डॉ. राजीव सिंह, वेंकटेश, डॉ. राजीव सिंह, वेंकटेश, चंद्रशेखर, रवींद्र रेड्डी, शोभा रानी, छात्र-छात्राएं भवानी, रेवती, नंदिनी, चंदना, संजना, संतोष, राघवेंद्र, वैष्णवी, सुरेखा, धनलक्ष्मी, शिव कुमार, चिन्मयी, कृष्णा, साई स्वयंसेवक निर्मला केडिया, सतीश अग्रवाल, समाजसेवी गोपाल सिंह, शंकर लाल यादव, घनश्याम यादव, पित्ती इंजीनियरिंग सदस्य ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# पुलिस द्वारा कविता को रोकने से अंबेडकर प्रतिमा के पास तनाव



हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। नेकलेस रोड पर सोमवार को उस समय बड़ा ड्रामा हुआ जब पुलिस ने बीआरएस एमएलसी के कविता और अन्य नेताओं को डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती पर उनकी 125 फीट ऊंची प्रतिमा और स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने से रोक दिया। उन्होंने अचानक धरना दिया, जिससे पुलिस अधिकारियों को उन्हें और कुछ अन्य लोगों को प्रतिमा तक जाने की अनुमति देनी पड़ी।

कविता बीआरएस नेताओं के साथ नेकलेस रोड पर अंबेडकर प्रतिमा के पास पहुंचीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया और बताया कि उन्हें स्मारक की पहली मंजिल पर जाने की अनुमति नहीं है, जहां प्रतिमा स्थापित है। इसके बाद तीखी बहस हुई, जिसके बाद कविता और उनके अनुयायियों ने प्रवेश द्वार पर अचानक धरना दिया और 'जय भीम' के नारे लगाए। थोड़ी देर की बहस के बाद पुलिस ने नरम रुख अपनाया और कविता और कुछ अन्य लोगों को आगे बढ़ने दिया, जहां उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित की।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए बीआरएस नेता ने सबसे ऊंची अंबेडकर प्रतिमा की जानबूझकर अनदेखी करने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी और उनके मंत्रिमंडल ने दो साल तक इस प्रतिमा को सिर्फ इसलिए नहीं लगाया क्योंकि इसे पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने स्थापित किया था। यह डॉ. अंबेडकर का अपमान है। उन्होंने सार्वजनिक दबाव के बाद मंत्रिमंडल के दौरे के बावजूद मुख्यमंत्री के न आने की भी आलोचना की।

इससे पहले दिन में कविता ने जीवीके मॉल के पास डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर अंबेडकर जयंती समारोह में भी हिस्सा लिया, जहां उनके साथ बीपी मंडल के पोते प्रोफेसर सूरज यादव मंडल भी शामिल हुए। दोनों ने उनके आवास पर चल रहे बीसी आंदोलन पर चर्चा की। प्रोफेसर मंडल ने पिछड़े वर्गों और महिलाओं के अधिकारों के लिए कविता के प्रयासों की सराहना की, खासकर महिला आरक्षण विधेयक को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका की।

# एसबीआई चेयरमैन श्रीनिवासुलु शेट्टी ने आध्यात्मिक केंद्र यादगिरीगुट्टा का किया दौरा

## चेयरमैन ने सीएसआर पहल के तहत डोनेट की दो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स




हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चेयरमैन श्रीनिवासुलु शेट्टी ने आध्यात्मिक केंद्र यादगिरीगुट्टा का दौरा किया। अपने इस दौरे में बैंक चेयरमैन ने कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत दो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स डोनेट किया।

इस संदर्भ में, एसबीआई के आधिकारिक सूत्रों नुसार, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चेयरमैन श्रीनिवासुलु शेट्टी ने आध्यात्मिक केंद्र तेलंगाना यादगिरीगुट्टा के दौरे के दौरान कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत दो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स डोनेट किया। जिसमें उन्होने कहा कि, इन व्हीकल्स या इलेक्ट्रिक वाहनों को दान देने का एकमात्र कारण समाज के हरेक वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं अपंग व्यक्तियों की सहायता करना है ताकि वे मंदिर परिसर में वे सुविधापूर्वक पहुंच सकें।

इस अवसर पर एसबीआई सीजीएम राजेश कुमार ने कहा कि, बैंक द्वारा बैटरी से संचालित इन इलेक्ट्रिक वाहनों को दान देने का कारण समाज के हरेक वर्ग के वरिष्ठ व अपंग व्यक्तियों की सहायता करना है। इस दौरान यादगिरीगुट्टा मंदिर के कार्यकारी अधिकारी ए. भास्कर राव ने एसबीआई बैंक द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों को दिये जाने के प्रति तत्संबंधित का हार्दिक आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होने कहा कि इन वाहनों की सहायता से समाज के हरेक वर्ग के अनेकानेक वरिष्ठ व अपंग लोगों की सहायता हो सकेगी व वे मंदिर आसानी से पहुंच सकेंगे।




जामबाग पार्षद एवं भाजपा नेता राकेश जायसवाल ने मोजमजाही मार्केट में भारत रत्न बीआर अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। अवसर पर उमा महेंद्र गोलकुंडा जिला भाजपा अध्यक्ष, रघुनंदन यादव भाजपा गोलकुंडा जिला श्रीनिवास यादव, वी. गोपाल, कृष्णा, नितिन नंदकर, आनंद बोरा, रघु कांबले, राज कुमार, प्रवीण, प्रमोद, नरसिंह चारी, अज्जू मुधिराज, रामू, संदीप, रवि, भरत आदि शामिल हुए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### पीएम मोदी ने किया ...

कहा कि यमुनानगर सिर्फ एक शहर नहीं है, यह भारत के औद्योगिक नक्शे का अहम हिस्सा है। प्लाईवुड से लेकर पीतल और स्टील का यह पूरा क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है। कपाल मोचन मेला, वेद व्यास की तपोभूमि और गुरु गोविंद सिंह की एक प्रकार से शस्त्र भूमि है। साथियों, यह अपने आप में एक गरिमा बढ़ाने वाली बात है। यमुनानगर के साथ तो मेरी कई पुरानी यादें जुड़ी हुई हैं। जब मैं हरियाणा का प्रभारी था, तो पंचकूला से यहां आना-जाना लगा रहता था। यहां काफी पुराने कार्यकर्ताओं के साथ काम किया।

मोदी ने कहा कि हमारी यह परंपरा आज भी चल रही है। हरियाणा लगातार तीसरी बार डबल इंजन की सरकार की रफ्तार देख रहा है। अब तो सैनी जी कह रहे हैं कि अब यहां ट्रिपल इंजन की सरकार है। हरियाणा के लोगों की सेवा के लिए, यहां के युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए हम ज्यादा गति से, ज्यादा बड़े स्केल पर काम करते रहते हैं। आज यहां शुरू हुई विकास परियोजनाएं भी इसी का उदाहरण हैं। मैं हरियाणा के लोगों को इन विकास परियोजनाओं के लिए बधाई देता हूं।

साथियों, मुझे गर्व है कि हमारी सरकार बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाते हुए चल रही है। बाबा साहेब ने उद्योगों के विकास को सामाजिक न्याय का मार्ग बताया था। बाबा साहेब ने भारत में छोटी जोतों की समस्या को पहचाना था। वे कहते थे कि दलितों के पास खेती के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। इसलिए दलितों को उद्योगों से फायदा होगा।

### हैदराबाद विवि के ...

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि क्षेत्र में कुछ संख्या में मोर, हिरण और पक्षी भी देखे गए। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह संकेत मिलता है कि वहां एक जंगल था जिसमें जंगली जानवर रहते थे। इस पर कोर्ट ने तेलंगाना के मुख्य सचिव को कई प्रश्नों के उत्तर देने का निर्देश दिया, जिनमें यह भी शामिल था कि क्या राज्य ने वहां ऐसी विकासात्मक गतिविधियों के लिए पर्यावरण प्रभाव आकलन प्रमाणपत्र प्राप्त किया है। पीठ ने पूछा कि क्या पेड़ों को काटने के लिए वन अधिकारियों या किसी अन्य स्थानीय कानून से अपेक्षित अनुमति ली गई थी? सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति को भी संबंधित स्थल का दौरा करने और 16 अप्रैल से पहले अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था।

## सड़क किनारे नाले में फेंके गए अंबेडकर के झंडे

आदिलाबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। अज्ञात व्यक्तियों ने सोमवार को बाजारहाथनूर मंडल के पिप्पिरी गांव में सड़क किनारे नाले में डॉ. बीआर अंबेडकर के झंडे फेंक दिए, जिससे उनकी जयंती पर नेता का अपमान हुआ। पुलिस ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने अंबेडकर को अपमानित करने के लिए नाले में झंडे फेंके थे और गांव में हड़कंप मच गया था। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि वे अपराधियों का पता लगाने के लिए गांव के विभिन्न हिस्सों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर कमजोर वर्गों के लिए उम्मीद की किरण थे। उनका अपमान करना दलित और हाशिए पर पड़े समुदायों का अपमान करने जैसा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दोषियों की पहचान नहीं की गई और उन्हें दंडित नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

## करीमनगर में ऑटो-रिक्शा पुलिया से टकराया, 8 घायल

करीमनगर, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शंकरपट्टनम मंडल के अमुदलापल्ली के पास सोमवार को सड़क दुर्घटना में आठ लोग घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब एक यात्री ऑटो-रिक्शा अमुदलापल्ली के पास दुर्घटनावश पुलिया में गिर गया। वाहन वीणावंका मंडल के कपुलापल्ली से राजापुर की ओर जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चालक कनकम अंजैया, सरम्मा, नंदिनी, संगीता, शंकरम्मा, मधुनम्मा, वीरैया और येलम्मा घायल हो गए। जहां सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं अंजैया को बेहतर इलाज के लिए वारंगल एमजीएम में स्थानांतरित कर दिया गया।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# अक्षर पर 12 लाख का जुर्माना

## मुंबई के खिलाफ स्लो ओवर रेट के लिए लगा फाइन; दिल्ली आईपीएल 2025 में पहला मैच हारी

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर स्लो ओवर रेट के लिए 12 लाख का फाइन लगाया गया है। उन पर यह जुर्माना दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए मैच में स्लो ओवर रेट लिए लगाया गया है।

बीसीसीआई ने अपने बयान में लिखा कि आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी (पटेल की) टीम का इस सीजन का पहला अपराध था। इसलिए पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।



**दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हार का सामना करना पड़ा**

इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हार का सामना करना पड़ा।दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 205 रन बनाए। जिसमें रोहित ने 18, रिकल्टन ने 41, सूर्यकुमार यादव ने 40, तिलक वर्मा ने 59 और नमन धीर ने नाबाद 38 रन बनाए। दिल्ली के लिए विप्रज निगम ने 2 और कुलदीप ने 2 विकेट चटकाए। जवाब में इस लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली एक समय जीतने वाली स्थिति में थी लेकिन मुंबई के गेंदबाजों ने मैच को अपनी तरफ मोड़ते हुए 12 रनों से जीत लिया। दिल्ली के लिए करुण नायर ने 89, अभिषेक पोरेल ने 33, केएल राहुल ने 15, आशुतोष शर्मा ने 17 और विपराज ने 14 रन बनाए। मुंबई के लिए कर्ण शर्मा ने 3 और सेंटनर ने 2 विकेट चटकाए।

**इस सीजन में छठी बार स्लो ओवर के लगा जुर्माना**

आईपीएल 2025 सीजन में स्लो ओवर के लिए अलग-अलग कप्तान पर छठी बार जुर्माना लगाया गया है। राजस्थान रॉयल्स पर दो बार, मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स पर एक-एक बार जुर्माना लगाया गया है।

# अफगानी महिला क्रिकेटर्स के लिए आईसीसी की मदद

## बोर्ड ने कहा- भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड आर्थिक सहायता करेंगे

दुबई, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के साथ मिलकर अफगानिस्तान महिला क्रिकेटरों के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

आईसीसी ने जिम्बाब्वे में अपनी बोर्ड मीटिंग के दौरान कहा, अफगानी महिला क्रिकेट के लिए तीनों बोर्ड आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे। साथ ही 'वर्ल्ड क्लास कोचिंग और सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी।



**21 अफगानी विमेंस क्रिकेटर ऑस्ट्रेलिया चले गए**

2021 में तालिबान के आने के बाद से ही अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा कॉन्ट्रेक्टेड कुल 21 विमेंस क्रिकेटर ने अपना देश छोड़ दिया था। जिसके बाद इसी साल ऑस्ट्रेलिया में एक क्रिकेट मैच के लिए वे फिर से एकत्रित हुईं, जिससे उन पर सबका ध्यान गया।

अफगानिस्तान में खेलने से प्रतिबंधित यह विमेंस क्रिकेटर कैनबरा और मेलबर्न में आकर क्रिकेट खलेते हैं। फिरोजा अमीरी और नाहिदा सपन अफगानी क्रिकेटर में से एक हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शरण ली। सपन कार्नेगी क्लब के लिए खेलती हैं, जबकि अमीरी डैनडेनॉन्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं।

**अच्छी ट्रेनिंग सुविधाएं और मेंटल सपोर्ट दिया जाएगा**

आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने इस योजना का ऐलान किया। इस योजना में इन खिलाड़ियों को पैसे की मदद, कोचिंग, अच्छी ट्रेनिंग सुविधाएं और मेंटल सपोर्ट दिया जाएगा। इस पहल में भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड भी साथ दे रहे हैं।

जय शाह ने कहा, 'हम चाहते हैं कि ये खिलाड़ी फिर से अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत कर सकें। हम सबको बराबरी का मौका देना चाहते हैं।'

**अफगानी विमेंस क्रिकेटर्स के लिए आईसीसी का विजन**

अफगान महिला क्रिकेटरों के लिए आईसीसी वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए फंड बनाएगा।

इस पहल में हाई लेवल परफॉरमेंस शामिल होगा जिसमें कोचिंग और विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

इन खिलाड़ियों के लिए हाई लेवल कोच का चयन किया जाएगा। जो इनका मार्गदर्शन कर सके।

# रजत चौथे कप्तान हैं, जिन पर स्लो ओवर के लिए जुर्माना

मुंबई, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के लिए 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम का पहला स्लोओवर रेट है। इसलिए नियम के अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत कप्तान रजत पाटीदार पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।



रजत चौथे कप्तान हैं जिन पर इस सीजन में स्लोओवर के लिए जुर्माना लगाया गया है। रजत पाटीदार से पहले मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग और लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर इस सीजन में स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया जा चुका है।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कल मुंबई इंडियंस को 12 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 221 रन बनाए, जिसके जवाब में मुंबई इंडियंस केवल 209 रन ही बना सकी। इस मैच में रजत ने केवल 32 गेंदों पर 5 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 64 रन बनाए।

वहीं, विराट कोहली ने 42 गेंदों पर 67 रन, देवदत्त पड्डीकल ने 22 गेंदों पर 37 रन और जितेश शर्मा ने नाबाद 19 गेदों पर 40 रन बनाए।

पॉइंट्स टेबल में आरसीबी 4 मैचों में 3 जीत के साथ तीसरे स्थान पर है।

# 'जंगल में मोर नाचा किसने देखा', सिद्धू ने उड़ाया करुण नायर का मजाक

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में खेले गए डबल हेडर के दूसरे मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने मेजबान दिल्ली कैपिटल्स को 12 रनों से हरा दिया। दिल्ली की यह इस सीजन की पहली हार है। टीम को करुण नायर ने 89 रनों की पारी खेलकर जिताने की पूरी कोशिश की, लेकिन आखिर में वो चूक गए। इस मैच के दौरान कमेंट्री कर रहे भारत के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कुछ ऐसा कह दिया, जिससे बवाल बढ़ गया है।

दरअसल नवजोत सिंह सिद्धू ने उनके घरेलू क्रिकेट के प्रदर्शन को लेकर बात की और कहा कि



रणजी ट्रॉफी एक जंगल की तरह है। जहां कितना भी खास प्रदर्शन हो, उसकी कोई कीमत नहीं है। उन्होंने करुण नायर के घरेलू प्रदर्शन को लेकर कहा, 'वह रणजी था, यह आईपीएल सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का सालाना वर्ल्ड कप है। वहां रन बनाएं मतलब जंगल में मोर नाचा किसने देखा। यहां अच्छा खेलोगे तो देखेंगे।'

**नायर ने दिया मुंहतोड़ जवाब**


तीन साल बाद आईपीएल खेल रहे नायर ने मुंबई से मिले 206 रनों के टारगेट के जवाब में 40 गेंदों पर 89 रन बनाए। अपनी इस पारी के साथ उन्होंने कहीं ना कहीं नवजोत सिंह सिद्धू को करारा जवाब दिया है। 33 साल के इस खिलाड़ी ने आखिरी बार 2022 सीजन के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल मैच खेला था। उन्होंने 40 गेंदों पर 89 रन बनाए, जो आईपीएल में उनका हाईएस्ट स्कोर है। उन्होंने यहां अपने 83 रनों के स्कोर को पीछे छोड़ा, जो उन्होंने 2016 सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बनाया था।

**नायर ने की बुमराह की पिटाई**

नायर ने मुंबई के खिलाफ सिर्फ 22 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी की, जो आईपीएल में उनकी 11वीं और सात साल में पहला फिफ्टी है। टूर्नामेंट में उनकी आखिरी फिफ्टी 2018 में किंग्स इलेवन पंजाब के लिए दिल्ली डेयरडेविल्स के खिलाफ आई थी। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के खिलाफ जोरदार बैटिंग की और उनके एक ओवर में दो छक्के की मदद से 18 रन बटोरे।

# धीरज, तरुणदीप और अतनु की तिकड़ी स्वर्ण जीतने से चूकी

## रिकर्व स्पर्धा में रजत से करना पड़ा संतोष



नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय और अतनु दास की तिकड़ी तीरंदाजी विश्व कप चरण एक की पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतने से चूक गई। भारतीय जोड़ी को फाइनल में चीन से 1-5 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उन्हें रजत पदक मिला। यह भारत का सत्र के पहले टूर्नामेंट का तीसरा पदक है। भारत की नजरें चौथे पदक पर भी हैं क्योंकि धीरज पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग में प्रतिस्पर्धा में बने हुए हैं।

**कंपाउंड मिश्रित और पुरुष टीम ने जीते थे पदक**

इससे पहले भारत ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। अभिषेक वर्मा कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गए थे।

**अच्छी शुरुआत को भुना नहीं सकी भारतीय जोड़ी**

रिकर्व टीम स्वर्ण पदक मुकाबले में भारत और चीन के बीच पहला सेट 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ जिसमें दोनों टीम ने 54 अंक बनाए। भारतीय तिकड़ी ने दो बार 10 और दो बार नौ अंक बनाए लेकिन दो बार आठ अंक जुटाने के कारण सेट जीतने का मौका गंवा दिया। ली झोंगयुआन, काओ वेनचाओ और वैंग यान की चीन की टीम ने दूसरे सेट में चार बार 10 अंक बनाकर 3-1 की बढ़त हासिल की। भारत फिर से आठ अंक पर तीर चलाकर सेट 55-58 से हार गया। मैच में बने रहने के लिए भारत को तीसरा सेट जीतने की जरूरत थी लेकिन टीम एक बार फिर लड़खड़ा गई और केवल 54 अंक ही बना पाई, जबकि चीन ने 55 अंक जुटाकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। चीन ने कांस्य पदक भी जीता।

# आईलीग में विवाद, विजेता घोषित नहीं किए जाने पर सुपर कप से हटा चर्चिल ब्रदर्स

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। चर्चिल ब्रदर्स ने उन्हें आधिकारिक तौर पर 2024-25 आईलीग चैंपियन घोषित नहीं करने के अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के फैसले का विरोध करते हुए 20 अप्रैल से भुवनेश्वर में शुरू होने वाले सुपर कप टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। चर्चिल ब्रदर्स ने इसे देश में खेल की संचालन संस्था द्वारा नियमों और मिसाल की घोर अवहेलना बताया है। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे को शनिवार को लिखे पत्र में गोवा के क्लब ने 20 अप्रैल से तीन मई तक चलने वाले टूर्नामेंट से नाम वापस लेने का एक अन्य कारण सुपर कप ड्रॉ में अनियमितताओं को भी बताया। चर्चिल ब्रदर्स ने पत्र में कहा, 'यह आपको सुपर कप 2025 से हमारे नाम वापस लेने की सूचना देने के लिए है। नौ अप्रैल 2025 को



हमने आपको पत्र लिखकर सुपर कप 2025 ड्रॉ के तरीके में अनियमितताओं की ओर आपका ध्यान आकर्षित किया था।'

पत्र के मुताबिक, 'हमें ड्रॉ आयोजित करने में एआईएफएफ द्वारा अपनाई गई अत्यधिक अनियमित और अपरंपरागत प्रक्रिया के कारण के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं मिला है, ना ही उक्त प्रक्रिया में सुधार किया गया है। तथ्य यह है कि प्रतियोगिता के लिए वरीयता को निर्धारित करने के लिए विभिन्न टीम को अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल करना पड़ा है जो स्पष्ट रूप से अनुचित है।'

क्लब ने कहा, 'यह उल्लेखनीय है कि यह घटना एआईएफएफ द्वारा चर्चिल ब्रदर्स एफसी को 2024-25 आईलीग ट्रॉफी देने से इनकार करने की पृष्ठभूमि में हुई है जैसा कि आईलीग नियम 2024-25 के नियम 14.4 के तहत आवश्यक है। प्रतियोगिता नियमों को मानने से इनकार और अवहेलना इस तथ्य के बावजूद हुई है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह अच्छी तरह से स्थापित मिसाल है कि खेल प्रतियोगिताओं के विजेता की घोषणा चल रही कानूनी चुनौतियों की परवाह किए बिना प्रतियोगिता के समापन पर होनी चाहिए।'

क्लब ने कहा, 'नियमों, स्थापित मिसाल और खेल भावना के प्रति एआईएफएफ की घोर अवहेलना के सामने, हमारे पास विरोध में सुपर कप 2025 से हटने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।' सुपर कप 16 क्लब (इंडियन सुपर लीग से 13 और आईलीग से तीन) के बीच एकल मैच नॉक आउट आधार पर खेला जाना है।

# ओलंपिक चैंपियन लुकास मार्टेंस ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

## इस मामले में पॉल बिडरमैन को पीछे छोड़ा



खेल डेस्क, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। जर्मनी के लुकास मार्टेंस ने स्विम ओपन स्टॉकहोम में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। ओलंपिक चैंपियन मार्टेंस ने यह स्पर्धा तीन मिनट 39.96 सेकेंड में पूरी की जिससे वह तीन मिनट 40 सेकेंड के बैरियर को तोड़ने वाले पहले तैराक बन गए। इस तरह उन्होंने यह खास उपलब्धि अपने नाम कर ली।

23 वर्षीय मार्टेंस ने 2024 पेरिस ओलंपिक में 3:41.78 के समय के साथ 400 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार उन्होंने इस तरह 2009 में जर्मनी के साथी पॉल बिडरमैन द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को 0.11 सेकेंड तोड़ दिया।

# अल्कारेज बने मोंटे कार्लो मास्टर्स के विजेता

## मुसेटी को हराया; करियर का 10वां बड़ा खिताब जीता

मोनाको, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली के लौरेंजो मुसेटी को 3-6, 6-1, 6-0 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का अपना पहला खिताब हासिल किया। पिछले साल विंबलडन जीतने के बाद यह स्पेनिश खिलाड़ी की पहली बड़ी जीत है। मार्च में वह मियामी में शुरुआती दौर में बाहर हो गए। इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में हार गए थे। 21 साल के इस युवा खिलाड़ी ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपना छठा मास्टर्स 1000 खिताब जीता। चार ग्रैंडस्लैम जीतने वाले अल्कारेज का यह 10वां बड़ा खिताब है।

मुसेटी ने दो बार ब्रेक प्वाइंट लिया और अल्कारेज की 11 बेजा गलतियों का फायदा उठाकर पहला सेट जीत लिया, लेकिन उसके बाद अल्कारेज ने दूसरे सेट में लय हासिल कर ली और दो ब्रेक प्वाइंट लेने के बाद पांच गेम लगातार



जीतते हुए दूसरा सेट जीतकर बराबरी कर ली। अल्कारेज की अथक गति, संतुलन और शक्ति के आगे मुसेटी परेशान नजर आए। तीसरे सेट में मामला एकतरफा था। स्पेनिश खिलाड़ी ने 3-0 की बढ़त बना ली। इटली के मुसेटी ने मेडिकल टाइमआउट को लेकर जांघ का उपचार कराया। उसके बाद अल्कारेज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस जीत से अल्कारेज का एटीपी रैंकिंग में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हटाकर दूसरे स्थान पर आना तय हो गया है।

अल्कारेज ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने सेमीफाइनल में हमवतन एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज अपने 23वें टूर फाइनल में पहुंचे थे। फ्रेंच ओपन और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद यह अल्कारेज का लगातार तीसरा क्ले कोर्ट फाइनल था।

# जीत से खुश होने की जरूरत नहीं : कप्तान हार्दिक

## सामने दिख रही बड़ी आफत, रोहित ही दे पाएंगे समाधान

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई इंडियंस की पिक्चर सुपरहिट रही। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में एमआई ने 12 रनों से बाजी मारी। बल्लेबाजी में तिलक वर्मा ने धमाल मचाया, तो गेंद से करण शर्मा की फिरकी का जादू सिर चढ़कर बोला। आईपीएल 2025 में यह मुंबई की दूसरी जीत रही। हालांकि, जीत के बावजूद आकाश

चोपड़ा ने मुंबई खेमे की बड़ी कमजोरी को उजागर किया है। ऐसी कमजोरी जिसका समाधान पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ही कर सकते हैं। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने 205 रन स्कोर बोर्ड पर लगाए, जिसके जवाब में दिल्ली की पूरी टीम 193 रन बनाकर ढेर हो गई।

**आकाश ने उजागर की बड़ी कमजोरी**

मुंबई की जीत के बाद अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए आकाश चोपड़ा ने कहा, "भले ही यह मैच मुंबई इंडियंस जीतने में सफल रही, लेकिन सच यह है कि उन्होंने 25 रन कम बनाए। 6 ओवर के बाद आपका स्कोर 59/1 था और उसके बाद आपने लगातार 10 के रनरेट से रन बनाए और ऑलआउट भी नहीं हुए। विल जैक्स को सिर्फ एक ही गेंद खेलने का मौका मिला। इसका मतलब यह है कि आपने 20 ओवर का पूरी तरह से इस्तेमाल किया। हर किसी ने अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन मुझे लगता है कि उन्होंने कुछ रन कम बनाए।"




आकाश ने आगे कहा," अगर आपने 10 ओवर में 100 रन बनाए हैं, तो आपको 225 या 250 तक के स्कोर तक पहुंचना चाहिए। मेरे हिसाब से रोहित शर्मा का रन ना बनाना मुंबई के लिए अब गंभीर इशू हो गया है। मुंबई को इसके बारे में सोचना चाहिए। नमन धीर जो मुंबई की ओर से सबसे अच्छा खेल रहे हैं उनको बेहद कम गेंदें खेलने का मौका मिला। कुछ भी चीजें काम नहीं करेंगी जब तक रोहित रन नहीं बनाएंगे। चीजों को बदलना होगा।"

**रोहित का फ्लॉप शो जारी**

रोहित शर्मा का बल्ला आईपीएल 2025 में बुरी तरह से फ्लॉप रहा है। हिटमैन इस सीजन खेले 5 मैचों में सिर्फ 56 रन ही बना सके हैं और उनका औसत 11.20 का रहा है। दिल्ली के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भी हिटमैन ने शुरुआत तो दमदार अंदाज में की, लेकिन 18 रन बनाने के बाद वह अपना विकेट गंवा बैठे।

# भागवत ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की



हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती के अवसर पर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महेश एम. भागवत, आईपीएस ने सोमवार को पुलिस महानिदेशक कार्यालय परिसर में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता, समाज सुधारक, न्यायविद, अर्थशास्त्री और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले डॉ. अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महेश एम. भागवत ने डॉ. अंबेडकर के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की और समावेशी और प्रगतिशील भारत के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का सामाजिक समानता, न्याय और सशक्तिकरण का दृष्टिकोण आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना पहले था। उन्होंने सार्वजनिक सेवा में संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया और सभी नागरिकों, विशेष रूप से वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों के कल्याण और सुरक्षा के लिए काम करने के लिए पुलिस विभाग की प्रतिबद्धता को दोहराया। श्री भागवत ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा दिया गया "शिक्षित हो जाओ, एकजुट हो जाओ और अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करो" मंत्र सभी के लिए पथप्रदर्शक है। डीजीपी कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## तकनीकी विशेषज्ञ से साइबर धोखाधड़ी में 42 लाख रुपये की ठगी

हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के एक सॉफ्टवेयर पेशेवर को साइबर जालसाजों ने उसके बैंक खातों और अमेरिकी शेयर बाजार खातों से 42 लाख रुपये की ठगी कर ली। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी शेयर बाजार में सक्रिय निवेशक, इस तकनीकी विशेषज्ञ को पता चला कि एक पखवाड़े की अवधि में कई वायर ट्रांजेक्शन किए जाने के बाद उसकी पहचान चुरा ली गई है। शुरूआत में, उसे अपने नाम से नए खाते खोले जाने के बारे में ईमेल मिले।

इसके बाद, साइबर अपराधियों ने कथित तौर पर बिना ओटीपी या कॉल प्रमाणीकरण पूछे ही अनधिकृत वायर ट्रांसफर और निकासी को अंजाम दिया। उन्होंने शिकायतकर्ता के व्हाट्सएप अकाउंट की जानकारी भी मिटा दी और उसके अकाउंट तक पहुंच बहाल करने के लिए फिरौती मांगी। पैसे कई खातों में ट्रांसफर किए गए और बिना उसकी जानकारी के पैसे निकाले भी गए।

# श्रमिकों को सुरक्षा देने वाले कानून को प्राथमिकता : रेवंत रेड्डी



## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों, श्रमिक यूनियन के साथ विशेष बैठक की

### एक नया कानून होना चाहिए जो श्रमिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे

हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने आदेश दिया है कि गिग वर्कर्स को सुरक्षा प्रदान करने के लिए मसौदा विधेयक को तुरंत सार्वजनिक टिप्पणी के लिए उपलब्ध कराया जाए। यह सुझाव दिया गया कि अंतिम मसौदा जनता से प्राप्त सुझावों, सिफारिशों और आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सचिवालय में गिग वर्कर्स, यूनियन प्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ मंत्री पोन्नम प्रभाकर और पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, सरकारी सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष चिन्ना रेड्डी, सरकारी मुख्य सचिव शांतिकुमारी, विशेष मुख्य सचिव रामकृष्ण राव, जयेश रंजन, संजय कुमार और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। श्रम विभाग ने गिग श्रमिकों को नौकरी की सुरक्षा, बीमा कवरेज और अन्य अधिकार प्रदान करने के लिए तेलंगाना गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिक विधेयक का मसौदा तैयार किया है। इस बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को इसमें शामिल मुद्दों के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने तैयार मसौदे में कई बदलाव और परिवर्धन का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि एक नया कानून होना चाहिए जो श्रमिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे तथा कम्पनियों और एग्रीगेटर्स के बीच समन्वय और सामंजस्य सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस विधेयक का मसौदा तुरंत ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाए तथा जनता की राय ली जाए। उन्होंने कहा कि राज्य भर में लगभग 4 लाख गिग वर्कर खाद्य वितरण, परिवहन और पैकेज वितरण में काम कर रहे हैं, और सुझाव दिया कि सभी वर्गों से सुझाव, सिफारिशें और आपत्तियां प्राप्त की जाएं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस मसौदे में शामिल मुद्दों पर अंतिम अभ्यास करने और सभी बातों को ध्यान में रखते हुए इस महीने की 25 तारीख तक विधेयक का अंतिम मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को मई दिवस, अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर लागू करने की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि यह प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हो सके। मुख्यमंत्री ने चुनाव से पहले किए गए अपने वादे को याद किया जिसमें उन्होंने कहा था कि वे गिग वर्कर्स और प्लेटफॉर्म वर्कर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून लाएंगे। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार गिग वर्कर्स के लिए दुर्घटना बीमा लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने 30 दिसंबर 2023 को आदेश जारी कर 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा देने का आदेश दिया है। गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों की मृत्यु के मामले में 5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। अधिकारियों को सलाह दी गई कि नव क्रियान्वित कानून देश में तेलंगाना के लिए भी दिशानिर्देश के रूप में काम करना चाहिए।

# अम्बेडकर की सोच टीजीएसआरटीसी के लिए प्रेरणा : सज्जनार

## आरटीसी कला भवन में अंबेडकर जयंती मनाई गई



हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। टीजीएसआरटीसी के एमडी वीसी सज्जनार ने कहा कि संगठन संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की सोच से प्रेरित होकर पिछले साढ़े तीन वर्षों से अभिनव कार्यक्रम शुरू कर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी को उन्हें एक उदाहरण के रूप में लेना चाहिए और भविष्य में भी आगे बढ़ना चाहिए। टीजीएसआरटीसी के तत्वावधान में सोमवार को हैदराबाद के कला भवन में डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती समारोह भव्य रूप से मनाया गया। कंपनी के एमडी वीसी सज्जनार इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद, वी.सी. सज्जनार ने जाति, धर्म या लिंग की परवाह किए बिना सभी लोगों के लिए समान अवसरों के लिए लड़ने के लिए अम्बेडकर की प्रशंसा की। उन्होंने अंबेडकर की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह सदैव कमजोर वर्गों के प्रतीक बने रहेंगे तथा उनके आदर्श पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में आरटीसी में 3038 पदों को भरने की मंजूरी दी है तथा संगठन सरकार के आदेशानुसार इन नियमों में एससी वर्गीकरण लागू करेगा। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक मुनिशेखर, खुसरोशा खान, राजशेखर, वेंकन्ना, संयुक्त निदेशक नर्मदा, सीपीएम उषा देवी, रंगा रेड्डी आरएम श्रीलता, साथ ही आरटीसी एससी और एसटी कल्याण एसोसिएशन के नेता राजैया नायक, गद्दाम श्रीनिवास, सुभाष, यादया, कृष्णा, चंद्रकला, कौशल्या और अन्य ने भाग लिया। इसी क्रम में डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती के अवसर पर, टीजीएसआरटीसी के एमडी वीसी सज्जनार ने सोमवार को हैदराबाद के बस भवन में महापुरुष के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सीएम ने डॉ अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की



हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर जयंती के अवसर पर टैंक बंड में महापुरुष की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, मंत्री पोन्नम प्रभाकर, सांसद अनिल कुमार यादव, पूर्व सांसद अंजन कुमार यादव, पूर्व मंत्री मोत्कुपल्ली नरसिम्हुलु और अन्य ने अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 12 महीने के बच्चे ने कैंसर पर प्राप्त की विजय

## जटिल सर्जरी से हुआ ठीक

हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के लालागुडा निवासी 12 महीने के बच्चे ने कैंसर पर विजय प्राप्त की है और सिकंदराबाद के केआईएमएस में एक जटिल सर्जरी के बाद वह कैंसर से तेजी से ठीक हो गया है। लड़के को न्यूरोब्लास्टोमा के एक आक्रामक रूप से पीड़ित पाया गया, यह एक ऐसा कैंसर है जो तंत्रिका ऊतक में उत्पन्न होता है और आमतौर पर पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है।

ज़्यादातर मामलों में, न्यूरोब्लास्टोमा अधिवृक्क ग्रंथियों (गुर्दे के ऊपर) में शुरू होता है, लेकिन गर्दन, छाती या श्रोणि के तंत्रिका ऊतकों में भी शुरू हो सकता है।

लड़के के मामले में, ट्यूमर इन्फीरियर वेना कावा (आईवीसी) को प्रभावित कर रहा था, जो एक प्रमुख शिरा है जो शरीर के निचले हिस्से से हृदय तक ऑक्सीजन रहित रक्त पहुंचाती है, तथा यह ट्यूमर उसके दाहिने गुर्दे को भी घेरे हुए था, जिससे सर्जरी जटिल हो गई थी।

वरिष्ठ सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. मधु देवरासेट्टी ने कहा कि कीमोथेरेपी से अपेक्षित परिणाम नहीं मिले और सर्जरी अपरिहार्य थी। हम किडनी को लेकर चिंतित थे, लेकिन किडनी को प्रभावित किए बिना ट्यूमर को सुरक्षित रूप से निकालने में कामयाब रहे। हमने आईवीसी को हटा दिया और फिर उसका पुनर्निर्माण किया। लड़का तेजी से ठीक हो गया है।






# केसीआर ने डॉ. बीआर अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

## कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने का किया आग्रह



हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने सोमवार को डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माता को एक दूरदर्शी व्यक्ति बताया जिन्होंने अपना जीवन सामाजिक न्याय और शोषितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। चंद्रशेखर राव ने एक बयान में कहा कि अंबेडकर के दृष्टिकोण ने आधुनिक भारत की नींव रखी, खासकर अनुच्छेद 3 को शामिल करके, जिससे तेलंगाना का निर्माण संभव हुआ। उन्होंने कहा कि तेलंगाना आंदोलन अंबेडकर द्वारा परिकल्पित संवैधानिक ढांचे के भीतर सफल हुआ।

अपनी सरकार की पहलों को याद करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दलित बंधु जैसी प्रमुख योजनाएं अंबेडकर के समानता और सशक्तिकरण के आदर्शों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि हमने अंबेडकर के आदर्शों की भावना के साथ शासन करने का प्रयास किया। राज्य सचिवालय का नाम उनके नाम पर रखना और सचिवालय के पास दुनिया की सबसे ऊंची 125 फीट ऊंची अंबेडकर प्रतिमा स्थापित करना उनकी विरासत को श्रद्धांजलि है। चंद्रशेखर राव ने मौजूदा कांग्रेस सरकार से बीआरएस सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को ईमानदारी से जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि तभी हम भारतीय राष्ट्र की गरिमा को बढ़ाने वाले इस महान व्यक्ति की विरासत का सही मायने में सम्मान कर पाएंगे।





यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
क्षेत्रीय कार्यालय, ओंगोल
आंजनेय काम्प्लेक्स, सेकण्ड लेन, भाग्यनगर, ओंगोल-523001

**1700-1870 स्क्वे. फीट्स युक्त बिल्डिंग परिसर लीज/किराये पर चाहिए**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को, अपने "कोर्ट स्ट्रीट" शाखा के लिए, (मौजूदा स्थान से 3 किमी की परिधि में) ग्राउण्ड फ्लोर पर, पर्याप्त पार्किंग सहित **1700-1870 स्क्वे. फीट्स अधिमापनयुक्त परिसर अच्छी तरह से निर्मित कार्पेट एरिया, तुरंत दाखिल होने या रेडी पजेशन/निर्माणाधीन परिसर चाहिए।** तत्संबंधित परिसर, **ओंगोल स्थित हमारी मौजूदा कोर्ट स्ट्रीट शाखा** के स्थानांतरण करने के लिए चाहिए।

संभावित विक्रेता या वेन्डर्स जो भूस्वामियों (ओनर्स) की ओर से, तत्संबंधित स्वामित्व या वार्तालाप की क्षमता या पावर टू निगोशियेट की क्षमता रखते हों, वे तकनीकी बोली/मूल्य बोली प्रारूप को, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, **आंजनेय काम्प्लेक्स, सेकण्ड लेन, भाग्यनगर, ओंगोल-523001 से दि. 15-04-2025 से 06-05-2025** तक, बैंक के कार्यालयीन समय के दौरान, **वेबसाइट्स:** www.unionbankofindia.com **एवम्** http://govttenders.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं तथा वे अपने अपने तकनीकी बोली/मूल्य बोली प्रस्तावों को पृथक तौर पर, मुहरबंद लिफाफे में डालकर, इस लिफाफे पर, तत्संबंधित परिसर के लिए टेक्नीकल बिड/प्राइस बिड आफर्स, अंकित कर उपरोक्त यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, **आंजनेय काम्प्लेक्स, सेकण्ड लेन, भाग्यनगर, ओंगोल-523001 पते पर, दि.06-05-2025 के दोपहर 3.00 बजे** या इससे पहले प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्संबंधित तकनीकी बोली या टेक्नीकल बिड को उपरोक्त पते पर, दि. दि.06-05-2025 के दोपहर 3.30 बजे, विक्रेता/तत्संबंधित उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में, खोला जायेगा। दलाल या ब्रोकर्स या मध्यस्थियों पर विचार नहीं किया जायेगा। इस मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स या सरकारी या गवर्नमेंट/ अर्ध-सरकारी निकायों या सेमी-गवर्नमेंट बाडीज द्वारा तत्संबंधित परिसर या प्रापर्टी लीज पर देनेवालों को, प्राधान्यता दी जायेगी। बैंक के पास, कोई भी कारण न देते हुए, किसी भी या सभी आफर्स को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

हस्ता. /--
सहायक महा प्रबंधक
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, ओंगोल


# केटीआर ने दलितों को धोखा देने के लिए कांग्रेस से की माफी की मांग



हैदराबाद, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सरकार पर अपने चेवेल्ला एससी घोषणापत्र में से एक भी वादा पूरा न करने का आरोप लगाते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने मांग की कि पार्टी के नेता दलित समुदाय से अपने विश्वासघात के लिए माफी मांगें। उन्होंने कहा कि एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान वादे किए थे, लेकिन सरकार ने उन्हें लागू किए बिना चुनावी लाभ के लिए दलितों को धोखा दिया।

उन्होंने पूछा कि मल्लिकार्जुन खड़गे को तेलंगाना बुलाया गया, दलितों को बड़े-बड़े वादे सुनाए गए और फिर वोट जीतने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। दलित बंधु के तहत वादा किए गए 12 लाख रुपये कहां हैं? घर बनाने के लिए वादा किए गए 6 लाख रुपये का क्या हुआ? दलितों और आदिवासियों के लिए ज़मीन के पट्टे और अनुबंधों में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी का क्या हुआ? सोमवार को तेलंगाना भवन में डॉ. बीआर अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह में बोलते हुए रामाराव ने दलितों को दिए जाने वाले विद्या ज्योति योजना और अन्य वित्तीय प्रोत्साहनों के भविष्य पर सवाल उठाए। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को दलित समुदाय के साथ की गई धोखाधड़ी के लिए जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अंबेडकर कभी नहीं सोच सकते थे कि भारत का नेतृत्व एक दिन ऐसे लोग करेंगे जो झूठे वादों से धोखा देते हैं, उन्होंने संकेत दिया कि ऐसे नेताओं को हटाने के लिए संविधान में एक रिकॉल सिस्टम शामिल किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि आज, कांग्रेस को वोट देना पांच साल की सजा जैसा लगता है, उन्होंने भविष्यवाणी की कि अगर आज चुनाव हुए तो तेलंगाना में कांग्रेस का सफाया हो जाएगा। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने राज्य विधेयकों को मंजूरी देने में राज्यपाल की देरी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी स्वागत किया और बीआरएस के चुनाव चिह्न पर जीतने के बाद कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस विधायकों के खिलाफ स्पीकर की निष्क्रियता पर जल्द ही निष्पक्ष निर्णय की उम्मीद जताई।

इसके अलावा, रामाराव ने भाषाई राज्यों और अल्पसंख्यक अधिकारों के लिए अंबेडकर की विरासत और दृष्टि की सराहना की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने तेलंगाना आंदोलन के दौरान और राज्य गठन के बाद शासन में अंबेडकर के 'शिक्षित, संगठित और आंदोलन' के दर्शन का पालन किया। अंबेडकर के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, उन्होंने दलित बंधु, गुरुकुल शिक्षा और रैतु बंधु जैसी परिवर्तनकारी योजनाओं को शुरू करने का श्रेय चंद्रशेखर राव को दिया, जिसने विशेष रूप से दलितों के जीवन को बदल दिया। उन्होंने कहा कि केवल चंद्रशेखर राव जैसे दृढ़ इच्छाशक्ति वाले नेता ही ऐसी साहसिक योजनाओं को लागू कर सकते हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अंबेडकर के बारे में बोलना 'फैशनेबल' कहना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर के मूल्य सिर्फ फैशन नहीं हैं, बल्कि इस देश के हर नागरिक के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और झूठे वादों में न फंसने का आग्रह किया।

# पवन कल्याण की पत्नी ने मंदिर ट्रस्ट को 17 लाख रुपये किए दान



तिरुपति, 14 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। अभिनेता और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की पत्नी अन्ना लेझनेवा ने तिरुमाला का दौरा किया और भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लिया। उन्होंने सोमवार को तड़के सुप्रभात सेवा अनुष्ठान में भी हिस्सा लिया। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अधिकारियों ने वैकुंठम कतार परिसर से मंदिर में प्रवेश करते ही उनका भव्य स्वागत किया। दर्शन के बाद अन्ना को पहाड़ी मंदिर के पुजारियों ने आशीर्वाद और तीर्थ प्रसादम दिया।

बाद में, उन्होंने वेंगमम्बा नित्यान्नदन सतरम का दौरा किया और भक्तों को भोजन परोसा। उन्होंने अन्य भक्तों के साथ अन्न प्रसादम भी खाया। अन्ना ने अपने बेटे मार्क शंकर के नाम पर श्री वेंकटेश्वर अन्नप्रसादम ट्रस्ट के अधिकारियों को 17 लाख रुपये का दान भी दिया। टीटीडी के अतिरिक्त ईओ श्री वेंकैया चौधरी ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। वह रविवार रात तिरुमाला पहुंचीं और परंपरा के तहत पीठासीन देवता को अपने बाल अर्पित कर धार्मिक मन्नतें पूरी कीं। अन्ना लेज़नेवा की तिरुमाला यात्रा सिंगापुर में उनके बेटे मार्क शंकर के साथ हुई आग दुर्घटना के बीच हुई है। सिंगापुर में जिस स्कूल में वह पढ़ रहा था, वहां आग लगने की दुर्घटना में शंकर घायल हो गया था। उसके हाथ और पैर में चोटें आईं और भारी धुएं के कारण उसे सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी। अल्लूरी सीतारामाराजू जिले में राजनीतिक दौरे पर गए पवन कल्याण घटना की जानकारी मिलने पर तुरंत सिंगापुर पहुंच गए। दंपति अपने घायल बेटे के साथ शनिवार को भारत लौट आए।


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
क्षेत्रीय कार्यालय, ओंगोल
आंजनेय काम्प्लेक्स, सेकण्ड लेन, भाग्यनगर, ओंगोल-523001

**1400-1540 स्क्वे. फीट्स युक्त बिल्डिंग परिसर लीज/किराये पर चाहिए**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को, अपने "पामुर रोड" शाखा के लिए, ग्राउण्ड फ्लूर पर, पर्याप्त पार्किंग सहित **1400-1540 स्क्वे. फीट्स अधिमापनयुक्त कार्पेट एरिया परिसर अच्छी तरह से निर्मित,** तुरंत दाखिल होने या रेडी पजेशन/निर्माणाधीन परिसर, पर्याप्त पार्किंग सहित चाहिए। तत्संबंधित परिसर, मौजूदा **पामुर रोड शाखा के कंदुकुर पर,** स्थानांतरण करने के लिए चाहिए।

संभावित विक्रेता या वेन्डर्स जो भूस्वामियों (ओनर्स) की ओर से, तत्संबंधित स्वामित्व या वार्तालाप की क्षमता या पावर टू निगोशियेट की क्षमता रखते हों, वे तकनीकी बोली/मूल्य बोली प्रारूप को, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, **आंजनेय काम्प्लेक्स, सेकण्ड लेन, भाग्यनगर, ओंगोल-523001 से दि. 15-04-2025 से 06-05-2025** तक, बैंक के कार्यालयीन समय के दौरान, **वेबसाइट्स:** www.unionbankofindia.com **एवम्** http://govttenders.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं तथा वे अपने अपने तकनीकी बोली/मूल्य बोली प्रस्तावों को पृथक तौर पर, मुहरबंद लिफाफे में डालकर, इस लिफाफे पर, तत्संबंधित परिसर के लिए टेक्नीकल बिड/प्राइस बिड आफर्स, अंकित कर उपरोक्त यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, **आंजनेय काम्प्लेक्स, सेकण्ड लेन, भाग्यनगर, ओंगोल-523001 पते पर, दि.06-05-2025 के दोपहर 3.00 बजे** या इससे पहले प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्संबंधित तकनीकी बोली या टेक्नीकल बिड को उपरोक्त पते पर, **दि.06-05-2025 के दोपहर 3.30 बजे,** विक्रेता/तत्संबंधित उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में, खोला जायेगा। दलाल या ब्रोकर्स या मध्यस्थियों पर विचार नहीं किया जायेगा। इस मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स या सरकारी या गवर्नमेंट/ अर्ध-सरकारी निकायों या सेमी-गवर्नमेंट बाडीज द्वारा तत्संबंधित परिसर या प्रापर्टी लीज पर देनेवालों को, प्राधान्यता दी जायेगी। बैंक के पास, कोई भी कारण न देते हुए, किसी भी या सभी आफर्स को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

हस्ता. /--
सहायक महा प्रबंधक
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, ओंगोल


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.